चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक 239, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड में तीन ग्रहों के अनूठे सौर मंडल की खोज 16
जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया 15

### लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान मणिपुर, बंगाल में कई जगह हिंसा

# महापर्व के पहले चरण में 62% मतदान

**60.25%** उत्तर प्रदेश

**61.91%** पीलीभीत

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। कुल 102 निर्वाचन क्षेत्रों के लिये शुक्रवार को करीब 62.23 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग से रात 11 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट अनुपात सर्वाधिक 79.90 प्रतिशत, जबकि बिहार में सबसे कम 47.49 प्रतिशत वोट ही पड़े।

मतदान शुरू होते ही सबसे पहले मणिपुर की बाहरी लोकसभा सीट पर हिंसा और अनियमितता की सूचना पर कुछ समय के लिए प्रक्रिया रोकनी पड़ी। मोईरांगकम्पू साजेब विधानसभा के मतदान केंद्र पर कुछ उपद्रवियों ने गोलीबारी की। इसमें 65 वर्षीय बुजुर्ग घायल हो गये उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपद्रवियों ने मतदान संबंधी कागजात जला दिये और आग लगा दी। वहीं पश्चिम बंगाल में मतदान के दौरान कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र में हिंसा की कई घटनाएं देखी गईं, जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र से भी हिंसा के कुछ मामले सामने आए हैं। यूपी व अन्य राज्यों में भी छिटपुट घटनाएं घटीं। जारी आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 79.90 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 68.62 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 70.20 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 71.38 प्रतिशत वोट पड़े थे। पुड्डुचेरी में एक सीट पर 73.25 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 63.33 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 65.46 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 68.06 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 56.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मिजोरम में एक सीट पर 54.18 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 58.14 प्रतिशत, उत्तराखंड में पांच सीटों पर 53.64 प्रतिशत, अंडमान-निकोबार में एक सीट पर 56.87 प्रतिशत, महाराष्ट्र में पांच सीटों पर 55.29 प्रतिशत, लक्षद्वीप में एक सीट पर 59.02 प्रतिशत, राजस्थान में 12 सीटों पर 50.95 प्रतिशत, तमिलनाडु की 39 सीटों पर 62.19 प्रतिशत वोट डाले गये थे।

- मणिपुर के मोईरांगकम्पू साजेब विधानसभा के मतदान केंद्र पर हुई गोलीबारी
- जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र में भी उपद्रव के बाद हुई हिंसा
- छत्तीसगढ़ में ग्रेनेड लांचर के गोले में विस्फोट, सीआरपीएफ के जवान की मौत
- प. बंगाल में टीएमसी व भाजपा के कार्यालयों में तोड़फोड़
- राजस्थान के नागौर में मधुमक्खियों के हमले में 12 घायल, रोकना पड़ा मतदान



मुरादाबाद के आरएसडी एकेडमी पोलिंग बूथ पर मतदान के बाद उत्साही दिखे युवा। ● अमृत विचार

### उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्ण मतदान

**लखनऊ।** प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों पर शुक्रवार को छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न हो गया। सभी सीटों पर औसत 60.25 प्रतिशत मतदान हुआ। सहारनपुर में 65.95 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि रामपुर में 54.77 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण की बाकी सीटों में कैराना में 61.17 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर में 59.29 प्रतिशत, बिजनौर में 58.21 प्रतिशत, नगीना (अजा) में 59.54 प्रतिशत, मुरादाबाद में 60.60 प्रतिशत व पीलीभीत में 61.91 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान कई जगहों पर ईवीएम व वीवीपैट के खराब होने की शिकायतें मिलीं, जिन्हें तत्काल बदल दिया गया।

### पुरैना में किया बहिष्कार

**पीलीभीत।** यहां के दो गांवों में मतदान का बहिष्कार प्रशासनिक अधिकारियों के लिए मुसीबत बन गया। विभिन्न समस्याओं को लेकर पीलीभीत विधानसभा के बकसपुर और बीसलपुर विधानसभा के पुरैना गांव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। अफसरों ने बकसपुर के ग्रामीणों को तो मना लिया, लेकिन पुरैना के मतदाता नहीं माने।

## इंडियन ओवरसीज बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15 करोड़ का जुर्माना, सात साल की कैद

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक से 2.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के लिए बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15.06 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, जिसे अब तक के सबसे बड़े जुर्मानों में से एक बताया जा रहा है। साथ ही अदालत ने प्रबंधक को सात साल कैद की भी सजा सुनाई। अधिकारियों के अनुसार प्रीति विजय सहिजवानी ने अहमदाबाद में इंडियन ओवरसीज बैंक की वस्त्रपुर शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में जमाकर्ता या पावर ऑफ अटॉर्नी धारक के किसी भी मंजूरी पत्र के बिना दो खातों की विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर) जमा राशि को दो फर्जी खातों में जमा करवा दिया था।

- धोखाधड़ी का मामला : प्रीति विजय सहिजवानी को हिरासत में लिया गया

सीबीआई ने कहा, आरोपी ने 27 जुलाई 2001 की तारीख तक ब्याज समेत (करीब) दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया। सीबीआई ने बैंक की शिकायत पर, 29 अक्टूबर, 2001 को मामले की जांच अपने हाथ में ली और 15 अक्टूबर, 2003 को आरोप पत्र दायर किया था। सहिजवानी देश छोड़कर भाग गईं और 2012 तक फरार थीं। सीबीआई ने उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया, जिससे एजेंसी को कनाडा में उसका पता लगाने में मदद मिली। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, कनाडा के आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत में लेकर 11 जनवरी 2012 को भारत प्रत्यर्पित कर दिया। गांधीनगर की विशेष अदालत ने पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक को आपराधिक विश्वासघात, मूल्यवान प्रतिभूति की जालसाजी, जाली दस्तावेजों को वास्तविक दस्तावेज के रूप में उपयोग करने और बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने का दोषी ठहराया।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

### एक नजर

#### स्कॉटलैंड में दो भारतीय छात्रों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड में एक झरने में डूबने से मौत हो गई। दोनों छात्र आंध्र प्रदेश के निवासी थे, जिनकी उम्र 20 से 30 साल के बीच थी। पुलिस ने दोनों की पहचान नहीं बताई है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई जब छात्रों के एक समूह के दो लोग पानी में फिसल गए।

#### अश्विनी को वक्फ बोर्ड से हटाने के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर करके दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह) अश्विनी कुमार को दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक पद से हटाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कुमार पर वक्फ संपत्तियों के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने याचिका को 30 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। याचिका में कहा गया है कि वक्फ बोर्ड के प्रशासक उस धार्मिक समिति के अध्यक्ष भी है जिसने कई वक्फ संपत्तियों को हटाने और ढहाने की सिफारिश की है।

## इजराइल की जवाबी कार्रवाई, मिसाइलें दागीं

यरुशलम/तेहरान, एजेंसी

इजराइल पर ईरान के ड्रोन हमले का जवाब देने को लेकर सप्ताह भर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे विचार विमर्श के बीच इजराइल अपनी पूरी रणनीति पर उतरा आया। इराजइल की हमेशा से ही नीति रही है ''पहले किसी को छेड़ेंगे नहीं, बाद में किसी छोड़ेंगे नहीं''। इजराइल ने सात दिन बाद शुक्रवार को उस हमले का जवाब अपनी मिसाइलें दाग कर दिया। जो इस्फहान प्रांत में गिरीं। इनसे ईरान को हुए नुकसान के बारे में अब तक कोई पुष्ट खबर नहीं है। इस बीच, सीरिया ने भी दावा किया है कि इजराइली हमले में देश के दक्षिणी भाग में रक्षा ठिकानों को नुकसान पहुंचा है।

ईरानी समाचार एजेंसी फार्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी प्रांत इस्फाहन में तीन विस्फोटों की आवाज सुनी गई। ये विस्फोट ड्रोन अथवा मिसाइलों से किए गए हमले के फलस्वरूप हुए, जिसके बाद ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय कर दिया गया है। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने रिपोर्ट में एक ईरानी सैन्य अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि सेना का रडार स्टेशन संभावित निशाना हो सकता है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि क्षेत्र में कई कार्यालय भवनों की खिड़कियां उड़ गईं लेकिन हमले के परिणामस्वरूप कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। हमले के बाद इस्फहान में शांति है और यातायात सामान्य बना हुआ है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने इस हमले को तूल देने और बदले की कार्रवाई के लिए कोई उत्तेजना नहीं दिखाई है। एक सैन्य अधिकारी के हवाले से यह कहा गया कि ईरान को इस हमले के पीछे विदेशी हाथ होने की पुष्टि नहीं हुई है।



- पिछले शनिवार ईरान ने 300 से अधिक ड्रोन से किया था हमला
- ईरानी ड्रोन हमले का इजराइल ने दिया जवाब, नुकसान अपुष्ट


### ईरान बोला, नहीं हुआ कोई विदेशी हमला

**तेहरान।** ईरान के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इजरायल की ओर से किए गए हमलों का खंडन किया है। अधिकारी ने कहा कि ईरान के खिलाफ कोई मिसाइल हमला नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस्फहान में वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय किया गया है और उसने किसी संदिग्ध वस्तु को निशाना बनाया है जिससे विस्फोट की गूंज सुनायी दी है। ऐसा बताया जा रहा है कि इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। वहीं ईरान ने कहा है कि उसकी धरती पर कोई भी विदेशी हमला नहीं हुआ है।

## यूपी बोर्ड का रिजल्ट आज, दोपहर 2 बजे होगा जारी

**लखनऊ/ प्रयागराज।** अमृत विचार। नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न कराने के बाद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की तैयारी पूरी कर ली है। माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल 20 अप्रैल शनिवार को अपराह्न 2 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा।

**केएल राहुल- 82 रन, 53 गेंद** | **एमएस धोनी- 28 रन, 9 गेंद**



**लखनऊ :** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम, इकाना में दर्शकों ने अपने चहेते सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी की जहां ताबड़तोड़ बल्लेबाजी देखी। वहीं एलएसजी के केएल राहुल की शानदार बल्लेबाजी को भी देखा। शुक्रवार को आईपीएल के खेले गये महत्वपूर्ण मैच में एलएसजी ने सीएसके को 8 विकेट से हरा दिया। अमृत विचार


## बसपा ने घोषित किये 11 उम्मीदवार

**लखनऊ।** बसपा ने वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपना प्रत्याशी बदलते हुए शुक्रवार को 11 उम्मीदवारों की छठवीं सूची कर दी है। वाराणसी में अतहर जमाल लारी की जगह सैय्यज नेयाज अलीको प्रत्याशी बनाया गया है। फिरोजाबाद सीट पर भी सत्येंद्र जैन सोली को बदल कर चौधरी बशीर को उतारा है। संतकबीर नगर से मोहम्मद आलम, महराजगंज में मो.मौसमे आलम, भदोही से अतहर अंसारी को प्रत्याशी बनाया है। हरदोई में भीमराव अंबेडकर, मिश्रिख में बी आर अहिरवार और मछलीशहर में कृपा शंकर सरोज को उतारा है। फतेहपुर में डॉ. मनीष सिंह सचान, सीतापुर में महेन्द्र सिंह यादव और फूलपुर में जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया है।

## पतंजलि योगपीठ को शिविरों में लिए गए शुल्क पर देना ही होगा टैक्स : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा। कोर्ट ने अपीलीय न्यायाधिकरण के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें ट्रस्ट को योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क लेने पर सेवा कर का भुगतान करने को कहा गया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) की इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।



- इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप से इनकार किया

सीईएसटीएटी ने अपने आदेश में कहा था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की तरफ से आयोजित आवासीय एवं गैर-आवासीय योग शिविरों में शामिल होने के लिए शुल्क लिया जाता है लिहाजा यह स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा की श्रेणी में आता है और इस पर सेवा कर लगेगा। रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के अधीन काम करने वाला यह ट्रस्ट विभिन्न शिविरों में योग प्रशिक्षण प्रदान करने में लगा हुआ था। न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा था कि हालांकि यह राशि दान के रूप में ली गई थी, लेकिन यह उक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए शुल्क ही था। इसलिए यह शुल्क की परिभाषा के तहत आता है। सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मेरठ रेंज के आयुक्त ने अक्टूबर, 2006 से मार्च, 2011 के लिए जुर्माना और ब्याज सहित लगभग 4.5 करोड़ रुपये के सेवा कर की मांग की थी।

## फर्जी आईडी से सिम लेकर विदेश भेजने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** फर्जी आईडी पर सिम खरीद उसे एक्टीवेट कराकर विदेशों में सप्लाई कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ मेरठ इकाई ने गिरफ्तार किया है। एक्टीवेट होने के बाद 400 रुपये में खरीदा हुआ सिम 2500 से 2800 रुपये में बिक जाता था। गिरफ्त में आया अभियुक्त अब तक 4 हजार सिम एक्टीवेट कराकर विदेशों तक पहुंचा चुका है। सिम प्राप्त करने वाले सदस्य एक चैनल के माध्यम से अभियुक्त के संपर्क में रहते थे।

एसटीएफ ने आरोपी रितिक राज को मेरठ बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। रितिक राज बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का रहने वाला है। उसके पास से मौके पर 179 सिम और तीन मोबाइल भी बरामद हुए हैं। रितिक राज ने बताया कि उसने prem_singh_seller नाम से चैनल बना रखा है। जिन सदस्यों को विदेशों में भेजने के लिए सिम प्राप्त करना होता था, वह इसी चैनल से संपर्क करता था। चीन, कंबोडिया और दुबई तीन देशों में सिम भेजने के लिए वह लंबे समय से कार्यरत है।



- कंबोडिया, दुबई, और चीन तक भेज चुका है सिम

## सौतेली मां ने बच्ची के हाथ-पैर बांधकर जिंदा दफनाया, सीसीटीवी से खुला राज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** आईटीआई थाना क्षेत्र में एक सौतेली मां ने मासूम बच्ची को हाथ पैर बांधकर निर्माणाधीन मकान में जिंदा दफना दिया। पुलिस ने सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है।

खड़कपुर देवीपुरा निवासी इलेक्ट्रीशियन मोनू की 8 वर्ष पूर्व यहीं की रीना नाम की युवती से शादी हुई थी। रीना से मोनू की दो बेटियां 8 वर्षीय सोनी व 6 वर्षीय तनु हैं। दूसरी बेटी के जन्म के दौरान ही रीना की मौत हो गई थी। इसके बाद मोनू ने ग्राम फजलपुर, थाना डिलारी (मुरादाबाद) निवासी लक्ष्मी देवी से दूसरा विवाह कर लिया था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। लक्ष्मी सोनी व तनु के साथ भेदभाव करने लगी। 16 अप्रैल को मोनू अपने ममेरे भाई की लगन में बिजनौर के ग्राम गल्ला खेड़ी गया था। अगले दिन सोनी को कन्या पूजन के लिए तैयार कर उसकी दादी संतोष देवी भी चली गई। उसी दिन शाम के समय लक्ष्मी ने बच्ची की हत्या कर अपने पति को फोन कर उसके लापता होने की बात कही।



- निर्माणाधीन मकान से शव बरामद महिला गिरफ्तार

बेटी के गायब होने की सूचना पर मोनू घर पहुंचा और उसने तत्काल बेटी की गुमशुदगी की सूचना डायल 112 नंबर पर आईटीआई पुलिस को दी। पुलिस को लक्ष्मी की बातें कुछ अजीब लगीं। तब पुलिस ने आसपड़ोस के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। फुटेज में आखिरी बार बच्ची को लक्ष्मी के साथ निर्माणाधीन मकान की तरफ जाते देखा गया। पुलिस ने सख्ती की तो लक्ष्मी से घटना उगल दी। पुलिस ने शव को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम कराया। एसपी ने बताया कि शव पर भी चोट के निशान मिले हैं।

**नई खोज** | बीबीएयू के विशेषज्ञों ने किया शोध, गन्ना किसानों को तीन गुना तक होगा मुनाफा

## गन्ना किसानों के लिए संजीवनी बनेगा शर्करा संचय जीन

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** गन्ना किसानों के लिए बीबीएयू का शोध संजीवनी लेकर आया है। नई खोज के सहारे किसान उपजे गन्ने से तीन गुना तक मुनाफा कमा सकेंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम ने जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) की मदद का सहारा लिया और शर्करा को संचय करने का तरीका ढूंढ निकला। वैज्ञानिकों का दावा है कि नया शोध किसानों के लिए कारगर रहेगा।

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कम्प्यूटेशनल जीव वैज्ञानिक डॉ. यूसुफ अख्तर बताते हैं कि अब तक गन्ने में शर्करा (ग्लूकोज-फैक्टोज) बढ़ाने के लिए सक्रिप्टोमिक स्तर पर जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) को शामिल किया जाता रहा है। इससे शर्करा तो बढ़ जाती थी, लेकिन उसका संचय नहीं हो पाता। ऐसे में भण्डारण (सिंक) क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से पांच वर्षों तक गन्ने के सूक्ष्म जीनों पर अध्ययन किया गया। नई कोशिका के सहारे भण्डारण की क्षमता विकसित हुई। बताते हैं कि नव विकसित जीन गन्ने में शर्करा को संचित करने का विकास कर किसानों को तीन गुन्ना तक मुनाफा हासिल कराएंगे।



डॉ. यूसुफ अख्तर | प्रो. संगीता सक्सेना

- बीबीएयू की ओर से नई खोज को बाजार में लाने हो रही तैयारी

### इस तरह से किया गया शोध

शोध में ट्रांसक्रिप्टोम स्केल बिग डेटा का उपयोग किया गया। इसके सहारे जीए 3 से प्रभावित विशिष्ट जीन की पहचान की गई। इसे बढ़े हुए शुक्रोज संचय में सहयोगी बनाया गया। फिर गन्ने के नमूनों पर ट्रांसक्रिप्टोमिक विश्लेषण तकनीकी विकसित की और जीन अभिव्यक्ति की जांच की गई।

### शोध के दौरान नए जीनों की हुई पहचान

देश के पहले नवीन शोध के निष्कर्षों से उच्च शर्करा सामग्री से जुड़े कई जीनों का पता चला है। ये जीन पौधे के भीतर चीनी परिवहन और भंडारण में भूमिका निभाने के लिए जाने जाने वाले जीनों के समरूप (संरचना में समान) थे। इसमें चीनी-फॉस्फेट / फॉस्फेट ट्रांसलोकेटर, यूटीपी-ग्लूकोज-1-फॉस्फेट यूरिडिलिलट्रांसफेरेज और वी-एटीपीसेस पाया गया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ये हाइड्रोलेज एंजाइम को एनकोड कर कार्य करा सकता है।

### भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान भी बना सहभागी

प्लांट बायोटेक्नोलॉजिस्ट प्रो. संगीता सक्सेना ने बताया कि पांच वर्षीय खोज में शोधार्थी छात्रा कृति रूपेन्द्र के अलावा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की टीम भी शामिल रही। पहचाने गए जीन गन्ना ट्रांसक्रिपटॉमिक्स और कार्यात्मक जीनोमिक्स के मौजूदा ज्ञान आधार में एक महत्वपूर्ण वृद्धि करेंगे।

## एक नजर

### गुमटी से लापता वृद्ध उर्सला में मिले मृत

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में गुमटी से 17 अप्रैल की सुबह लापता हुए वृद्ध गुरबचन सिंह बक्शी उर्सला अस्पताल में मृत मिले। बेटे अमरजीत सिंह ने बताया कि वह 17 अप्रैल की सुबह घर से निकले थे। उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। कोतवाली पुलिस को वह कलेक्ट्रेट के पास मिले थे। पुलिस ने उन्हें उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी मौत हो गई। परिजनों की शिनाख्त के बाद कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### छेड़छाड़ के विरोध पर युवती की मां को पीटा

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र की रहने वाली युवती ने इलाके में रहने वाले अमन नाम के युवक के खिलाफ छेड़छाड़ संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार आरोपी आते-जाते समय कमेंट्स करता है। मां ने विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट की। इस संबंध में रायपुरवा थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### स्टंट को लेकर दो युवकों में हुई मारपीट

**कानपुर।** गंगा बैराज से मंधना मार्ग पर दो युवकों के बीच स्टंट के दौरान बाइक के आपस में टकराने की वजह से मारपीट हुई। लोगों ने किसी तरह शांत कराया। काकादेव के रवींद्र और कल्याणपुर के आशीष स्टंट कर रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक आपस में टकरा गई थी।

# सभी टेंडर निरस्त, अब फेडरेशन चलाएगा पराग डेयरी प्लांट को

## प्रदूषण, ब्वॉयलर, फैक्ट्री लाइसेंस और जलदोहन के लिए मांगी गई एनओसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- प्लान मैप और 25 करोड़ का एस्टीमेट पराग डेयरी ने सौंपा

**अमृत विचार।** पराग डेयरी प्लांट को निजी हाथों में सौंपने लिए डाले गए सभी टेंडर निरस्त कर दिए गए हैं। डेयरी का संचालन प्रादेशिक कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) करेगा। इसके लिए फेडरेशन ने पराग डेयरी से एस्टीमेट के साथ ही प्लान मैप तैयार करने के निर्देश दिए हैं। वर्षों से बंद पड़ी पराग डेयरी फैक्ट्री लाइसेंस, प्रदूषण, ब्वॉयलर व जल दोहन जैसे संसाधनों की एनओसी लेने के लिए जुट गया है। लोकसभा चुनाव के बाद डेयरी से दुग्ध व दुग्ध उत्पाद शुरू होने की उम्मीद है।

50 वर्षों से अधिक पुराना साकेत नगर स्थित पराग डेयरी प्लांट में रोजाना 50 हजार लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन किया जाता था। प्लांट की जर्जर मशीनों के कारण तत्कालीन सपा सरकार के कार्यकाल में पराग डेयरी में 25 एकड़ की भूमि पर 166 करोड़ की लागत से नए प्लांट का निर्माण कराया गया था। प्लांट का निर्माण गुजरात की आईडीएमसी कंपनी ने किया था। प्लांट के निर्माण का उद्देश्य दूध व अन्य डेयरी उत्पादों को शहर समेत कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज जनपद तक पहुंचाना था। वर्ष 2019 में तैयार हुए प्लांट में जापानी तकनीकी की मशीनरी स्थापित की गई थी, जिनसे चार लाख लीटर प्रतिदिन दूध व अन्य डेयरी उत्पादों का उत्पादन किया जा सकता था। आईडीएमसी कंपनी ने प्लांट का ट्रायल भी करा दिया था, लेकिन पिछले पांच वर्षों से प्लांट जस का तस पड़ा हुआ है। जिसके बाद शासन ने कानपुर, नोएडा, मुरादाबाद, आजमगढ़, गोरखपुर, प्रयागराज के डेयरी प्लांट को निजी हाथों में सौंपने का फैसला लिया था। प्रादेशिक कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन के निजीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी थी। जिसमें 25 अक्टूबर तक सहकारी डेयरी फेडरेशन, अर्ध सकारी डेयरी प्रसंस्करण व विपणन संगठन से प्रस्ताव का मांगा गया था। जिसमें अमूल, मदर डेयरी व सुधा डेयरी का प्रमुखता से नाम सामने आया था, जिसमें डेयरी को लेने वाली कंपनी को साढ़े 13 करोड़ रुपये सालाना देने थे। इसपर कोई कंपनी आगे नहीं आई। जिसके बाद सभी टेंडर निरस्त कर दिए गए हैं। अब पीसीडीएफ लखनऊ से ही पराग डेयरी का संचालन कराया जाएगा। इसके लिए पीसीडीएफ ने पराग डेयरी से प्लांट संचालन का एस्टीमेट मांगा है, जिस पर डेयरी प्रशासन ने प्लांट का प्लान मैप तैयार कर फेडरेशन को सौंपा है। साथ ही फैक्ट्री संचालन की एनओसी, भूजल दोहन, एलडीओ भंडारण, पीईएसओ अनुमोदन, प्रदूषण बोर्ड से सीपीओ एनओसी, ब्वॉयलर फायरिंग के लिए एनओसी के लिए डेयरी संघ ने ऑनलाइन आवेदन करा दिए हैं।

**50** हजार लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन था

**50** वर्षों से अधिक पुराना है प्लांट

**25** एकड़ भूमि पर स्थापित किया गया है

**13** करोड़ सालाना देने पर बिगड़ गई बात

**166** करोड़ से बनाया गया नया प्लांट

> नए डेयरी के संचालन के लिए फेडरेशन ने एस्टीमेट मांगा था। 25 करोड़ का एस्टीमेट सौंप दिया गया है। बंद पड़े प्लांट के संचालन के लिए सभी विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया गया है। प्रादेशिक डेयरी फेडरेशन के माध्यम से प्लांट संचालित किया जाएगा।
>
> **दिनेश कुमार त्रिपाठी, प्रभारी प्रशासन, पराग डेयरी संघ**

# सड़क हादसों में दो की चली गई जान


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के अलग-अलग थानाक्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ और विपरीत दिशा में आ रही मोटरसाइकिल से हादसे के शिकार हुए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से गंभीर घायलों को हैलट अस्पताल भिजवाया। जहां कुछ देर उपचार के बाद डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पनकी थानाक्षेत्र के गंगागंज सुंदर नगर निवासी 25 वर्षीय सुशील पाल चकरपुर के पास एक फैक्ट्री में प्राइवेट नौकरी करता था। रोज की तरह गुरुवार रात आठ बजे वह नाइट ड्यूटी पर जा रहा था। पिता गेंदालाल के अनुसार चकरपुर मंडी के सामने हाईवे की सर्विसलेन पर विपरीत दिशा से एक तेज रफ्तार बाइक सवार आ रहा था और उसने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में सुशील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

सचेंडी थाने की पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सुशील को हैलट में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान देर रात सुशील ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद पत्नी सुषमा और बेटे सौरभ का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने कहा कि तहरीर देने पर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर बिठूर थानाक्षेत्र के होरा कछार निवासी फैक्ट्रीकर्मी 50 वर्षीय राम खिलावन क्षेत्र के ही एक फैक्ट्री में नौकरी करते थे। गुरुवार को राम खिलावन ड्यूटी करके साइकिल से घर लौट रहे थे। नारामऊ पेट्रोलपंप कट के पास जीटी रोड पर अज्ञात वाहन टक्कर मार दी। पुलिस ने उन्हें हैलट में भर्ती कराया। इलाज के दौरान अधेड़ ने दम तोड़ दिया।

- सचेंडी और बिठूर थानाक्षेत्र में हुए हादसे



चुन्नीगंज में हुए हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### चुन्नीगंज में तेज रफ्तार कार और ट्रक की टक्कर

कर्नलगंज थानाक्षेत्र में गुरुवार रात करीब 2.30 बजे चुन्नीगंज स्थित घंटीवाला मंदिर के आगे अंधे मोड़ पर तेज रफ्तार कार और ट्रक की भिड़ंत हो गई। इलाकाई लोगों के अनुसार कार इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही उसके परखचे उड़ गए। वहीं ट्रक का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इलाकाई लोगों के अनुसार कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। कार में तीन लोग सवार थे। टक्कर के बाद कार सवारों ने ट्रक चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। वहीं शहर के बीच मुख्य मार्ग पर टक्कर होने से रास्ता बाधित हो गया। जिसके चलते जाम की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी पर कर्नलगंज पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तबतक घायल सड़क पर कार छोड़कर परिजनों संग चले गए थे। कर्नलगंज थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया दुर्घटनाग्रस्त कार सड़क से हटवाकर किनारे करा दी गई है। ट्रक को थाने पर खड़ा कराया गया है। गाड़ी सवार युवकों का पता किया जा रहा है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# छात्र के मुंह पर तमंचा जड़ा, रॉड से सिर फोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो नामजद व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- कार से टक्कर मारने का विरोध किया था

**अमृत विचार।** दौड़ लगाने के लिए पार्क जा रहे हाईस्कूल के छात्र को स्कूटी में टक्कर मारने का विरोध करना भारी पड़ गया। कार सवार युवकों ने छात्र के मुंह में तमंचा लगा कर उसकी लोहे की रॉड से पिटाई कर दी, जिससे छात्र का सिर फट गया। पीड़ित ने जूही थाने में दो नामजद समेत अज्ञात युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई।

जूही हरी कालोनी निवासी अमिता सिंह ने बताया कि उनका छोटा बेटा आयुष सिंह सेंगर हाईस्कूल का छात्र है। आयुष अग्निवीर भर्ती की तैयारी के लिए रोजाना तड़के गीता पार्क दौड़ लगाने जाता है। शुक्रवार सुबह आयुष रोज की तरह बड़े भाई शुभम के दोस्त ऋषि सरदार के साथ स्कूटी से गीता पार्क जा रहा था। तभी रास्ते में पीछे से काले रंग की तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

इसका विरोध करने पर कार सवार माधव मिश्रा, राबिन सक्सेना समेत तीन, चार अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मुंह में तमंचा लगा कर लोहे की रॉड से पिटाई कर दी, जिससे आयुष के सिर में चोट आ गई। हमलावर धमकाते हुए भाग गए। इस संबंध में जूही थाना प्रभारी ने बताया कि छात्र की मां की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# जन्मकल्याण महोत्सव पर निकलेगी पालकी यात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री 1008 तीर्थकर महावीर जन्मकल्याण व रथयात्रा महोत्सव पर इस बार भव्य आयोजन होंगे। रथयात्रा, पालकी शोभायात्रा, महावीर पर लघु नाटिका के साथ बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र होंगे। यह जानकारी शुक्रवार को श्री गुलजारीमल जैन धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता में महामंत्री प्रदीप जैन गुरुजी ने दी।

जन्मकल्याण व रथयात्रा महोत्सव पर इस बार धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम रविवार को मोतीझील स्थित लॉन नंबर तीन में होगा। सुबह आठ बजे रथयात्रा जनरलगंज जैन मंदिर से निकलेगी। दोपहर बाद तीन बजे श्रीजी की पालकी शोभायात्रा मोतीझील मेला स्थल पर पहुंचेगी। जहां महिला समिति की ओर से बच्चे व महिलाएं महावीर भगवान पर लघु नाटिका व नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इसी के बाद बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। संयोजक विकास जैन ने बताया कि मुख्य अतिथि एडीजी आलोक सिंह होंगे। ध्वजारोहण डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम करेंगे। इस मौके पर सांसद, विधायक व सामाजिक, धार्मिक महानुभाव प्रभु के दर्शन करेंगे। मंत्री विशाल जैन ने बताया कि जैन समाज के महागुरु समाधिस्थ आचार्य श्री 108 विधासागर महाराज की विनयांजलि वीथिका सभी का ध्यान आकर्षित करेगी। जन्म कल्याणक के अवसर पर मोदक का वितरण होगा। राजीव जैन ने बताया कि बड़े पंडाल में 60-70 स्टाल लगेंगे। अंकुर जैन ने बताया कि डांडिया व गायन भी होगा। बालीवुड गायब अमन होंगे। प्रेसवार्ता में महेंद्र जैन कटारिया, प्रदीप जैन, उरुल जैन, विशाल जैन, सुनील जैन, अमित जैन, पंकज जैन, राजीव जैन, अंकुर जैन, अभिषेक जैन मौजूद रहे।



रथ तैयार हो रहा। अमृत विचार

- धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ डांडिया और गायन होगा




प्रेसवार्ता में जानकारी देते पदाधिकारी। अमृत विचार

### लगेगा हेल्थ कैंप

जन्मकल्याण व रथयात्रा महोत्सव में श्री दिगंबर जैन पवित्र औषधालय सोसाइटी के जैन हेल्थ केयर सेंटर की ओर से निशुल्क चिकित्सक कैंप भी लगाया जाएगा। जिसमें दिल्ली, लखनऊ, कानपुर के नामी चिकित्सक ओपीडी में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

# हत्या में फरार कारीगर नहीं रखते हैं फोन

**असलम हत्याकांड**

- चकेरी थानाक्षेत्र के जेके फर्स्ट में दुकानदार की हत्या का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के जेके कॉलोनी फर्स्ट में बुधवार देर रात रजाई गद्दा दुकानदार की चापड़ से गला काटकर हत्या के मामले में फरार कारीगर जगदंबा और अकील पुलिस की पकड़ से दूर हैं। फरार दोनों कारीगर मोबाइल का प्रयोग नहीं करते थे, जिस कारण उनकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है।

बिहार के हाजीपुर जिला के मनहार गांव निवासी 55 वर्षीय असलम जेके चौराहे पर फुटपाथ पर टट्टर लगाकर रजाई गद्दे बनाकर बेचने का काम करता था। उसका दामाद अनीस भी यही काम करता है। असलम के साथ दो मजदूर जगदंबा व अकील काम करते थे। तीनों दुकान में ही सो जाते थे। बुधवार रात तीनों ने शराब पार्टी की और गुरुवार सुबह असलम का गला कटा शव मिला। दोनों मजदूर फरार थे। असलम की पत्नी शकीला ने अपने दामाद अनीस पर मजदूरों से हत्या कराने का आरोप लगाया है। चकेरी पुलिस अनीस को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई थी। जिसे बाद में छोड़ दिया गया था। इस संबंध में एसीपी चकेरी दिलीप कुमार ने बताया कि अनीस से पूछताछ के बाद फरार साथियों की तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

# हनुमान जन्मोत्सव पर ध्वजायात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री सालासर बालाजी मंडल की ओर से शनिवार व रविवार को धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शनिवार को 101 महिलाएं व भक्त बालाजी की पताका लेकर ध्वजायात्रा निकालेंगी। देवी-देवताओं की झांकियां भी निकलेंगी।

कमला टॉवर स्थित श्री सालासर मंदिर में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि शाम पांच बजे ध्वजा पदयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा श्री सालासर मंदिर से शुरू होकर काहूकोठी, जनरल गंज, बादशाही नाका, हल्सी रोड, शक्कर पट्टी, नयागंज किराना बाजार, बिराहाना रोड, गीता मंदिर फिलखाना होते हुए मंदिर में वापस पूर्ण विश्राम लेगी। इसके बाद रात में 8:30 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा।

अगले दिन रविवार सुबह 10 बजे मंदिर प्रांगण में आचार्य दिनेश वशिष्ठ सीताराम हनुमान संकीर्तन करेंगे। शाम को सालासर बालाजी के भजन गायक भक्ति की रसधार बहाएंगे। गुरुग्राम के नरेश सैनी, हरियाणा की नम्रता कर्वा, मुंबई के लाभम अग्रवाल भजनों से भक्तों को आनंद देंगे। 23 अप्रैल को सालासर मंदिर में स्थापना दिवस पर कई धार्मिक कार्यक्रम व झाकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इस मौके पर आनंद मोदी, मदन लखोटिया, संतोष मित्तल, कैलाश शर्मा, ज्ञानेंद्र विश्नोई आदि रहे।




प्रेसवार्ता में पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की जानकारी दी। अमृत विचार

# स्कूलों को दे दी गईं हैं किताबें, लिखकर दें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से अधिकारियों से मांगें गए पत्र
- 4 अप्रैल से परिषदीय स्कूलों में वितरित हो रहीं किताबें

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में वितरित हुई किताबों के बारे में अधिकारियों को प्रमाण पत्र देना होगा। विभाग की ओर से स्कूल पहुंची किताबों की संख्या अधिकारियों से मांगी गई है। 30 अप्रैल तक सभी अधिकारियों को यह पत्र विभाग में जमा करना है।

परिषदीय स्कूलों में इस बार लगभग 13 लाख किताबों का वितरण किया गया है। यह किताबें 1 लाख 69 हजार बच्चों को वितरित की गई। जिले में 1785 स्कूलों में कक्षा 3 से 8 तक के स्कूली बच्चों को पुस्तकों का लाभ दिया गया है। अधिकारियों की माने तो अधिकारियों की ओर से दिए गए पत्र में स्कूल में पुस्तकीं पहुंचने की तिथि को भी दिया जा रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि सभी खंड के अधिकारियों को पत्र के लिए आदेश दिया गया है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक सभी अधिकारियों से पत्र मंगवा लिए जाएंगे। इसके बाद विभाग में जिले में पुस्तक वितरण की समीक्षा होगी।

# शिकायत करने पर चालान किया एसओ और दरोगा ने धमकाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एसीपी ने थाना प्रभारी को लगाई फटकार

**अमृत विचार।** रेलबाजार रामलीला कमेटी के अध्यक्ष इमरान शेख उर्फ नेताजी हत्याकांड में शामिल आरोपी के भाई की शिकायत लेकर पहुंचे मृतक के भतीजे को भी रेलबाजार पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर जेल भेज दिया। परिजनों ने शिकायत एसीपी कैंट से की तो थानाप्रभारी और दरोगा ने घर से पिस्टल बरामद कर जेल भेजने और घर पर बुलडोजर चलवाने की धमकी दे डाली। एसीपी ने थाना प्रभारी को फटकार लगाई है।

28 फरवरी की देर रात पिंटू सेंगर हत्याकांड में शामिल जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर फैसल के भाई अफ्फान कुरैशी ने अपने साथी शोएब उर्फ सिजारों, शुभम जायसवाल व अन्य के साथ मिलकर रेलबाजार निवासी इमरान शेख उर्फ नेताजी की ईंट से सिर कूंचकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया था। बुधवार को अफ्फान के भाई हुसैन ने किसी बात को लेकर मृतक इमरान शेख के भतीजे मोहम्मद सलमान को धमकी दी। मोहम्मद सलमान ने रेलबाजार थाने पहुंचकर हुसैन की शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई के बजाये मोहम्मद सलमान को भी शांतिभंग में चालान कर जेल भेज दिया। परिजन शिकायत लेकर एसीपी कैंट के पास पहुंचे तो थाने में तैनात दरोगा जितेंद्र पाल ने उनके घर पर बुलडोजर चलवाने की धमकी दे डाली। रेलबाजार थाना प्रभारी ने उसके दादा मोहम्मद सुलेमान को नेतागीरी करने पर घर पिस्टल बरामद कर जेल भेजवाने की धमकी दी।

> मेरे संज्ञान में मामला नहीं है। पीड़ित और थाना प्रभारी व दरोगा को बैठाकर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-श्रवण कुमार सिंह, डीसीपी पूर्वी**

**तकनीक का साथ** — यूपी बोर्ड ने अपने स्कूलों को दिया वेबसाइट बनाने का आदेश

# माध्यमिक स्कूलों में होगा पेपरलेस वर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** माध्यमिक स्कूलों में शिक्षा विभाग की ओर से वेबसाइट बनाए जाने का आदेश जारी कर दिया गया है। जिले के सभी स्कूल अपने यहां पर वेबसाइट बनाकर उसमें सभी जानकारियां साझा करेंगे।
इसके अलावा स्कूल बच्चों को ई-मेल के जरिए सभी जरूरी सूचनाएं स्कूल की ओर से भेजी जाएंगी। शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय स्कूलों में पेपरलेस काम के लिए दिया गया है।

आदेश के बाद शहर के कुछ स्कूलों ने वेबसाइट तैयार किए जाने पर काम शुरू कर दिया है। विभाग की ओर से ऐसे स्कूलों की सूची भी तैयार की जा रही है जहां पर पहले से ही वेबसाइट संचालित हो रही हैं। शिक्षा अधिकारियों की माने तो स्कूलों में पेपरलेस वर्क के लिए यह कदम उठाया गया है।

स्कूल वेबसाइट पर अपने यहां की सभी जानकारियों को साझा करेंगे। इनमें शिक्षक संख्या, उनकी योग्यता, उनका अनुभव, छात्रों की संख्या, स्कूल में मिलने वाली सुविधाएं व व्यवस्थाएं सहित अन्य जानकारियां शामिल हैं। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि सभी स्कूलों को वेबसाइट बनाने का आदेश जारी कर दिया गया है। स्कूल दो महीने के भीतर वेबसाइट पर सभी जानकारियां उपलब्ध कराकर वेबसाइट को शुरू कर सकेंगे। इससे पेपरलेस वर्क में मदद मिलेगी।

### ईमेल करना सिखाया जाएगा

स्कूलों को वेबसाइट बनाने के साथ ही छात्र-छात्राओं को भी ई-मेल करना व उसे पढ़ना सिखाया जाएगा। इसके लिए सभी बच्चों को स्कूल में कंप्यूटर शिक्षक के जरिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद बच्चों की ई-मेल आईडी भी बनवाई जाएगी। शिक्षा अधिकारियों का कहना है इससे स्कूल की सभी सूचनाएं छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों तक पहुंच सकेंगी। वेबसाइट व ईमेल के प्रयोग से माना जा रहा है कि कागज की बचत आसानी से की जा सकेगी।

**113** अशासकीय स्कूल जिले में हैं

**630** स्कूलों में खत्म होगी डायरी

**21** राजकीय इंटर कॉलेजों में पहले बनेगी साइट

- छात्र-छात्राओं को ईमेल से दी जाएंगी सभी जानकारियां




स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री दी गई। अमृत विचार

# विद्यालय में सामग्री वितरित की

**कानपुर।** परिषदीय विद्यालय रामकृष्ण नगर के 250 छात्र-छात्राओं को जूते मोजे वितरित किए गए। इस मौके पर पीएनबी वरिष्ठ मैनेजर (रि) रविशंकर श्रीवास्तव, प्रो.रीता श्रीवास्तव, डॉ विजयलक्ष्मी त्रिवेदी, श्रीमती मंजू मिश्रा, श्रीमती शांता, मृदुला चतुर्वेदी, नीता अवस्थी आदि शिक्षिकाएं उपस्थिति रहीं।

# युवती को दबोचा, विरोध पर पीटा

**कानपुर।** बजरिया थानाक्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने इलाके के नरेंद्र निषाद और गोलू के खिलाफ मारपीट,धमकी व छेड़छाड़ संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि पांच अप्रैल की शाम वह घर से सब्जी लेने गई थी। आरोप लगाया कि नरेंद्र और गोलू ने उसे पकड़ लिया और जबरदस्ती की कोशिश की। विरोध पर पीट दिया। वह बेहोश होकर गिर गई तो आरोपियों ने मरा समझ कर प्लाई बोर्ड से ढक दिया और फरार हो गया। थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

मैं **अशोक कुमार पुत्र रमाशंकर राम, निवासी– 148 कमला नेहरू नगर, कमता चिनहट, लखनऊ,** मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों हेतु अपनी अवयस्क पुत्री का नाम AISHANEE KUMAR से बदल कर AISHANEE SINGH कर दिया है।

### सूचना

सूचित हो कि सर्विस बुक में मेरा नाम नाले शरद महादेव पुत्र महादेव गंगाराम नाले है। लेकिन आधार कार्ड में मेरा नाम शरद महादेव नाले पुत्र महादेव गंगाराम नाले दर्ज है। ऐसे में मुझे शरद महादेव नाले के नाम से जाना और पहचाना जाए। **–शरद महादेव नाले पुत्र महादेव गंगाराम नाले, निवासी– श्री रेसिडेंसी, अपना बाजार सेजारी, लक्ष्मी नगर फलटन, सतारा महाराष्ट्र।**



The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

**आज का मौसम**
दिनभर तेज धूप रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

| 40.2$^0$ | 24.8 |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 40 | सूर्यास्त 06 : 35 |

## शहर में आज

- **टूर्नामेंट :** कानपुर ऑफिस वॉलीबाल टूर्नामेंट 2024 का आयोजन गन फैक्ट्री अर्मापुर स्पोर्ट्स क्लब में 10 बजे से।
- **कार्यक्रम :** आईएमए सभागार में हाईपर कलकेमिआ के प्रति जागरूकता कार्यक्रम एक बजे।
- **परीक्षाफल :** हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा रिजल्ट संबंधित कॉलेजों में दोपहर दो बजे।
- **गोष्ठी :** महिला संबंधित रोगों के निदान पर गोष्ठी का आयोजन रायल क्लिफ में 3 :30 बजे।
- **बैठक :** सपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव के संबंध में रणनीति बैठक दोपहर दो बजे।
- **जागरण :** कल्यानपुर आवास विकास में पुराना केसा के पास मां भगवती का विशाल जागरण रात आठ बजे।

# गौ तस्करों के खिलाफ रासुका की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गाय की हत्या करने वाले दो गौ तस्करों के खिलाफ कर्नलगंज पुलिस ने रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) के तहत कार्रवाई की है। आरोपी तस्करों को और एक वर्ष जेल में रहना पड़ेगा।

एक मार्च को एफएम कालोनी निवासी श्याम नारायण यादव की गाय आंधी आने के कारण खूंटा उखाड़कर चली गई थी। दो मार्च को म्योर मिल के पास एक खाली प्लॉट में गाय का कटा शव मिला था। इससे माहौल बिगड़ते बचा था। मामले के खुलासे के लिए कर्नलगंज एसीपी के नेतृत्व में चार पुलिस टीमें लगाई गई थीं। बाद में पुलिस ने मुठभेड़ में मूलरूप से एबी नगर उन्नाव निवासी मोहम्मद अशफाक उर्फ जूली उर्फ इमरान हाल पता रामादेवी चिश्ती नगर और कासिमनगर उन्नाव निवासी मोहम्मद अजरूद्दीन को गिरफ्तार किया था। दोनों तस्करों के खिलाफ पूर्व में चार-चार मामले दर्ज थे। डीसीपी सेन्ट्रल आरएस गौतम ने बताया कि डीएम की संस्तुति के बाद आरोपियों को जेल में रासुका नोटिस तामील करा दिया गया है।

# 96 हजार परीक्षार्थियों का आज आएगा रिजल्ट

**यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम शनिवार को जारी हो रहा है। जिले में लगभग 96 हजार परीक्षार्थी का रिजल्ट आएगा।

यूपी बोर्ड परीक्षाओं में इस बार जिले के कुल 96,212 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। 50,434 परीक्षार्थी हाईस्कूल की परीक्षा में और 45,687 परीक्षार्थी इंटर की परीक्षा में बैठे थे।

परीक्षा के लिए जिले में 129 केंद्र बनाये गये थे। इस बार सात दस्ते नकल पकड़ने के लिए लगाए गए थे। एक भी परीक्षार्थी के नकल करते हुए न पकड़े जाने पर शिक्षा अधिकारियों ने राहत की सांस ली थी। शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा के दौरान पहली बार रात में परीक्षा केंद्रों की छापेमारी भी की गई थी।



### अभिभावकों के लिए सलाह

- यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के बाद अभिभावकों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। मंडलीय मनोवैज्ञानिक डॉ. नरेश चंद्र ने बताया कि परिणाम में परीक्षार्थी के अंक कम या ज्यादा आएं, अभिभावकों को बच्चों के साथ एक ही विषय पर बहुत अधिक बात नहीं करनी चाहिए। घर में बच्चों के समक्ष नकारात्मक माहौल बनाने से भी बचना चाहिए। उन्हें डांटने के बजाये मनोबल बढ़ाना चाहिए और किसी से उनकी तुलना नहीं करनी चाहिए।

### अभिभावक ये करें

- बच्चों के साथ दोस्त की तरह बात करनी चाहिए
- बच्चों को बहुत आदेश नहीं दें बल्कि समझाना चाहिए
- गुस्से में बच्चों से बात नहीं करनी चाहिए. प्यार से पेश आएं
- बच्चों को हर बात पर टोकने से भी बचना चाहिए
- बच्चों पर अपने सपने न थोपें उसके सपने भी सुनें
- भविष्य की ज्यादा बात भी करने से बचना चाहिए
- नंबरों से नहीं करें बच्चों का आकलन

# प्रदेश में पहली बार एक कॉर्निया से पांच लोगों को मिलेगी रोशनी

## मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में एक करोड़ से स्थापित की गईं 10 मशीनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में एक कॉर्निया से अब पांच लोगों के जीवन में उजाला आएगा। ऐसा नेत्र विभाग में लेअर बाय लेअर के ऑपरेशन से संभव होगा। इसके लिए नेत्र रोग विभाग में एक करोड़ रुपये से 10 आधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं। दावा है कि उत्तर प्रदेश में पहली बार जीएसवीएम में यह सुविधा शुरू की गई है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में राधा मोहन पुरुषोत्तम दास ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर फंड से निदेशक अमरनाथ अग्रवाल द्वारा शल्य कक्ष एवं आई बैंक का नवीनीकरण कराया गया है, जिसका उद्घाटन शुक्रवार को निदेशक अमरनाथ अग्रवाल, उनकी पत्नी शशि अग्रवाल, प्राचार्य प्रो. संजय काला व नेत्र रोग विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी मोहन ने किया। निदेशक ने ऑपरेशन थियेटर में उपयोग किए जाने वाले उपकरण व मशीनें भी दीं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि मरीजों को अब दिल्ली या मुंबई व आदि शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। नेत्र रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी मोहन ने बताया कि नई एएलटीके मशीन की मदद से कॉर्निया प्रत्यारोपण सर्जरी में एक कॉर्निया को कई भाग में विभाजित किया जा सकता है। उसके बाद अधिक रोगियों में कार्निया प्रत्यारोपण कर सकते है। यह सुविधा प्रदेश में पहली बार जीएसवीएम के नेत्र रोग विभाग में शुरू की गई है।



जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के सभागार में मौजूद समाजसेवी दानदाता व साथ में प्राचार्य प्रो. संजय काला, विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी मोहन समेत अन्य। अमृत विचार

- कॉर्निया प्रत्यारोपण आसान होगा, आई बैंक में सुरक्षित की जाएंगी कार्निया

### प्रतिमाह औसतन सौ लोगों के आते आवेदन

- प्रो. शालिनी मोहन ने बताया कि प्रतिमाह विभाग में औसतन सौ लोगों के आवेदन आते हैं, जिनको एक आंख या दोनों आंख से नहीं दिखता। जबकि इसके एवज में प्रतिमाह सिर्फ औसतन 20 से 25 कॉर्निया ही दान के माध्यम से आती हैं। कार्निया चार दिन तक सुरक्षित रहती है। ऐसे में उन मरीजों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जाती है, जिनको दोनों आंखों से नहीं दिखता। आई बैंक बनने से कार्निया को कई दिनों तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। अभी विभाग में 50 कार्निया रखने की व्यवस्था है।

नई ऑटोक्लेव मशीन व ईटीओ मशीन की मदद से सर्जरी में उपयोग किए जाने वाले यंत्र जो पहले खारिज कर दिए जाते थे, उन्हें अब स्ट्रेलाइज कर दोबारा प्रयोग में लाया जा सकता है। इस दौरान नेत्र रोग विभाग की डॉ.पारूल सिंह, डॉ.प्रीति गुप्ता, डॉ.नम्रता पटेल, डॉ.कंचन किरन, डॉ.स्नेहा रंजन, सीएमएस डॉ.एनसी त्रिपाठी, डॉ.अनुराग राजौरिया, डॉ.यशवंत राव, डॉ.बीपी प्रियदर्शी, डॉ.जेएस कुशवाहा समेत आदि फैकल्टी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## एक नजर

### 18 को हुई परीक्षा निरस्त

**कानपुर।** सीएसजेएमयू की ओर से संबंध महाविद्यालयों में 18 अप्रैल गुरुवार दोपहर दो बजे से 5 बजे तक हुई एक पेपर की परीक्षा को निरस्त कर दिया गया है। अब यह परीक्षा 25 अप्रैल को होगी। परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने बताया कि बीए एलएलबी सप्तम सेमेस्टर की परीक्षा (पेपर कोड BALLB-704, Equity, Trust & Fiduciary Relations) की परीक्षा को ही अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है। गुरुवार को हुई परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र में कोर्स से बाहर के प्रश्नों के आने पर इसकी शिकायत की थी।

### 21 तक भरे जाएंगे आवेदन

**कानपुर।** सीएसजीएमयू की ओर से सत्र 2023-24 की नई शिक्षा नीति के तहत सम सेमेस्टर व वार्षिक मुख्य परीक्षाओं के संबंध में महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने बताया कि एनईपी सम सेमेस्टर व वार्षिक मुख्य परीक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल कर दी गई है। चुनाव एनईपी सम सेमेस्टर व वार्षिक मुख्य परीक्षाए दिनांक 16 मई से शुरू होंगी।

# प्रॉपर्टी डीलर के हत्यारे को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वर्ष 2018 में पड़ोसी युवक ने साथी के साथ की थी हत्या
- एडीजे 12 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 25 हजार अर्थदंड

**अमृत विचार।** पैसे देने से मना करने पर पनकी में प्रॉपर्टी डीलर की चाकू से गला रेत कर हत्या करने के मामले में एडीजे 12 की कोर्ट ने एक युवक को दोषी माना और उम्रकैद की सजा सुनाई। 25 हजार जुर्माना भी लगाया। दोषी ने वर्ष 2018 में घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में एक आरोपी बाल अपचारी था जिसपर मामला जुवेनाइल कोर्ट को ट्रांसफर कर दिया गया था।

पनकी निवासी बीएसएनएल कर्मचारी भावना शर्मा ने 30 नवंबर 2018 को पति चंद्रमा प्रसाद शर्मा की हत्या की रिपोर्ट पनकी थाने में दर्ज कराई थी। भावना ने बताया था कि 29 नवंबर 2018 सुबह नौ बजे वह मॉल रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय गईं हुईं थीं। शाम सात बजे वापस लौटी तो घर के मेनगेट पर ताला लगा हुआ था। वह मेनगेट का ताला खोल कर नौकर किस्मत अली उर्फ सोनू के साथ घर में घुसीं। ग्राउंड फ्लोर पर जाकर देखा तो अलमारियां खुली पड़ी थीं, सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर की दूसरी मंजिल पर चंद्रमा का रक्तरंजित शव चारपाई पर पड़ा था। भावना ने पनकी पुलिस को घटना की जानकारी दी। उन्होंने मोहल्ले के सुमित निगम के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी। मामला एडीजे 12 परमेश्वर प्रसाद की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी इंद्रलता शुक्ला ने बताया कि कोर्ट ने सुमित को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### सुमित को बेटे की तरह मानते थे

भावना ने बताया था कि उनकी कोई संतान नहीं थी। सुमित को बेटे की तरह मानते थे। सुमित का घर में आना जाना था। सुमित ने पति से काफी पैसा उधार ले लिया था। पति ने उसे प्रॉपर्टी डीलिंग के काम में अपने साथ लगा लिया था। और पैसों की मांग करने पर पति ने मना कर दिया था, जिसके बाद उसने अपने एक नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया।

## गंगा मैली की मैली...



शिव के दरबार आनंदेश्वर धाम परमट घाट पर गंगा की अविरल जलधारा में बहता टेफ्को नाले का सीवर युक्त पानी सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर कर रहा है। गंगा जल को स्वच्छ करने के लिए नमामि गंगे परियोजना में सरकार का अरबों रुपया बह गया पर गंगा मैली की मैली हैं। फोटो - मनोज तिवारी

# नई सड़क हिंसा का आरोपी अब हिस्ट्रीशीटर

**कार्रवाई**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीसीपी सेंट्रल ने हिस्ट्रीशीट खोलने के दिए आदेश
- हयात जफर हाशमी पर की गई कार्रवाई

**अमृत विचार।** नई सड़क हिंसा का मुख्य आरोपी हयात जफर हाशमी अब चमनगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर होगा। चमनगंज पुलिस की रिपोर्ट पर डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने हिस्ट्रीशीट खोलने के आदेश दे दिए हैं। चमनगंज में अब हयात जफर हाशमी की हिस्ट्रीशीट नंबर दिया जाएगा और वहीं नंबर पुलिस के बीच में इसकी पहचान होगा।

तीन जून 2022 को नई सड़क हिंसा मामले में हयात जफर हाशमी मुख्य आरोपी था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसने भीड़ को पथराव के लिए उकसाने का कार्य किया था और खुद घटना के बाद अपने साथियों के साथ लखनऊ भाग गया था। पुलिस की टीम ने आरोपी को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। हयात जफर हाशमी पर रासुका के तहत भी कार्रवाई की गई। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद रासुका की अवधि पूरी कर वह 28 जुलाई 2023 को जेल से बाहर आया था। इसके बाद एक अन्य मामले में उसे जेल भेजा गया था। उस मामले में भी वह जमानत पर बाहर है।

> नई सड़क हिंसा के आरोपी हयात जफर की हिस्ट्रीशीट चमनगंज में खोली जा रही है। इसकी रिपोर्ट थाना स्तर से आई थी, आदेश कर दिए गए हैं।
> –आरएस गौतम, डीसीपी सेंट्रल

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



# स्क्रैप गोदाम में आग से 50 लाख का माल राख

## गोदाम संचालक ने आग लगाने का लगाया आरोप, फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची, चार घंटे में पाया गया काबू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोयला नगर स्थित स्क्रैप गोदाम में शुक्रवार रात भीषण आग लग गई। गोदाम में मौजूद लकड़ियों व प्लास्टिक को चपेट में लेते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ऊंची-ऊंची लपटों ने गोदाम के बगल में मौजूद डेकोरेशन की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। गोदाम से लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर शहर भर के फायर स्टेशनों से करीब 10 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची।

श्याम नगर निवासी जगमोहन सिंह का कोयला नगर चौकी के सामने रोहित स्टील फर्म के नाम से स्क्रैप गोदाम है। जगमोहन के मुताबिक वह रेलवे के स्क्रैप माल को गोदाम में रखते है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे गोदाम बंद करने के बाद वह घर चले गए थे। रात करीब साढ़े आठ बजे गोदाम में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग की लपटों ने गोदाम में रखी लकड़ियों व प्लास्टिक को अपनी चपेट में ले लिया, जिस पर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गोदाम के बगल में मुन्ना लाल गुप्ता की पूजा पंडाल डेकोरेशन के नाम से दुकान है। भीषण आग ने मुन्ना लाल की दुकान को भी अपनी चपेट में लिया। आग की लपटें इतनी जबरदस्त थीं कि कुछ ही देर में आग आसपास के घरों तक पहुंचने लगी। भीषण लपटें उठती देख क्षेत्रीय लोगों ने चकेरी पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

मौके पर मीरपुर, जाजमऊ, फजलगंज, किदवई नगर समेत अन्य फायर स्टेशनों से करीब 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेडकर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग की जानकारी पर मौके पर पहुंचे जगमोहन ने पड़ोसियों पर आगजनी का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि कुछ समय से उनका पड़ोसी से मकान को लेकर विवाद चल रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को गोदाम में पड़ा करीब 50 लाख का माल बाहर जाना था, जो कि जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारण की जांच की जा रही है।


कोयला नगर में गोदाम में लगी आग। अमृत विचार


हरसिंगदेव पुरवा में धू-धूकर जलते खेत। अमृत विचार

### इन किसानों के खेत हुए खाक

लेखपाल रवि प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि 24 किसानों की गेहूं की फसल जल गई है। उसमें अशोक देवी, घनश्याम सिंह, शिवसरन सिंह, रामपाल सिंह, जगदीश सिंह, चुन्नू सिंह, जय सिंह, जगनाथ सिंह, रामबरन सिंह, राममिलन सिंह, रामबरन सिंह, रामलखन, ओमनारायण, ओमकार, तिलक सिंह, दीपक सिंह, दीपेंद्र सिंह, सरिता देवी, जयबहादुर, रामराज, धर्मराज, बलवान सिंह, अनिल सिंह, जंगबहादुर आदि किसानों का लाखों का नुकसान हुआ है।

### कर्नलगंज थाने में दो स्कूटी जलीं

**कानपुर।** गुरुवार देर रात 1.38 मिनट पर कर्नलगंज थाने में खड़ी जब्त कंडम गाड़ियों में से दो स्कूटी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे वह धू-धूकर जलने लगी। इस दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। दमकल की गाड़ियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।


आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

# हाईटेंशन लाइनें टकराईं, 20 बीघा फसल जली


आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,सचेंडी/कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र के ग्राम हरसिंगदेव पुरवा में शुक्रवार दोपहर खेतों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइनें तेज हवा के कारण आपस में टकरा गईं। जिससे निकली चिंगारी से खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग आसपास खेतों में फैल गई। लोगों ने ट्यूबवेल चलाकर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन तेज हवाओं के कारण आग और बढ़ती चली गई। बाद में दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेखपाल आदित्य पांडे मौके पर पहुंचे। अनुमान है कि लगभग 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। प्रभावित किसानों की सूची तैयार की जाएगी।

### शिक्षक के बंद मकान में लगी आग

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के आवास विकास सत्यम विहार निवासी डीपीएस कॉलेज में शिक्षक प्रवेश कुमार मिश्रा के बंद मकान में रखे सामान में आग लग गई। फजलगंज से एक यूनिट घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग से गृहस्थी का कुछ सामान जला है। इलाके में चर्चा है, कि चोर घर में घुसे थे, उन्हीं ने आग लगाई।

### पेड़ भी जला

**कानपुर।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में शुक्रवार तड़के 4 :40 मिनट पर स्वरूप सर्जिकल नर्सिंग होम के सामने पेड़ में आग लग गई। कर्नलगंज से दमकल की गाड़ी पहुंची और आग को बुझा लिया।


पक्षियों के लिए अन्न-जल अभियान शुरू करते कुलपति। अमृत विचार

# सीएसजेएमयू के छात्र गर्मी में पक्षी बचाएंगे

- विश्वविद्यालय में शुरू किया गया पक्षियों के लिए अन्न और जल अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के छात्र गर्मियों में पक्षियों को बचाने का काम करेंगे। इसके लिए शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में अभियान की शुरुआत हो गई है। अभियान के तहत गर्मियों में छात्र पक्षियों के लिए अन्न-जल की व्यवस्था करेंगे। अन्न-जल के पात्र कचरा प्रबंधन के जरिए तैयार किए गए हैं।

विश्वविद्यालय परिसर के सेवा उद्यान में अभियान के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाईयों, एनसीसी की 17 यूपी गर्ल्स बटालियन व 3 यूपी एअर स्क्वाड इकाईयों के कैडेट्स भी मौजूद रहे। अभियान की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने की। उन्होंने भी पक्षियों के लिए पानी व अन्न के लिए पात्र पेड़ों पर लटकाए। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को कुछ समय प्राणियों की सेवा के लिये देना चाहिए। लगाये गये पात्रों में विद्यार्थी जल व अन्न भी प्रतिदिन डालें।

कार्यक्रम का संयोजन विश्वविद्यालय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना के उप समन्वयक व कुलानुशासक डॉ. प्रवीन कटियार ने किया। डॉ मानस उपाध्याय, डॉ पंकज द्विवेदी, डॉ स्नेह पांडेय, डॉ पुष्पा ममोरिया व डॉ अंकित त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी डॉ विशाल शर्मा व हार्टिकल्चर प्रभारी डॉ हिमांशु त्रिवेदी मौजूद रहे।

# स्टेशन पर महिला के बैग से जेवर-नकदी चोरी

- पति के साथ प्रयागराज शादी में जा रही थी महिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन के स्वचलित सीढ़ी पर महिला के बैग से जेवर व नकदी पार हो गई। गले की चेन खुली देख महिला ने हड़बड़ाहट में बैग देखा तो करीब दो लाख का माल गायब था। महिला की हालत बिगड़ने पर पति उसे घर ले गया और जीआरपी में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सरसैयाघाट निवासी कृष्ण कुमार निषाद नाव बनाने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में रिश्तेदारी में शादी है। समारोह में शामिल होने पत्नी आरती देवी के साथ जा रहे थे। गुरुवार सुबह पांच बजे सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। टिकट लेने के बाद स्वचलित सीढ़ी से प्लेटफार्म की तरफ जा रहे थे। सीढ़ी पर यात्रियों की भीड़ थी, इसी बीच किसी ने बैग से जेवर व रुपये निकाल लिए। पत्नी ने जब गले की चेन लटकी देखी तो संदेह हुआ। बैग देखा तो खुला था और उससे जेवर, नकदी गायब थी। कृष्ण कुमार के अनुसार करीब दो लाख का माल गायब देख पत्नी की वहीं हालत बिगड़ गई। इस पर उसे लेकर अस्पताल भागे। उपचार के बाद जीआरपी को सूचना दी। वहां सीसीटीवी में देखा तीन महिलाएं पत्नी को घेरकर चल रहीं थीं। 5.27 पर महिलाएं सीढ़ी से चढ़ीं है और दो मिनट बाद ही नीचे उतर आई हैं। कृष्ण कुमार ने बताया बैग में एक झुमकी, एक अंगूठी, एक मंगलसूत्र व दो जोड़ी चांदी की पायल के अलावा करीब सात से आठ हजार रुपये थे। जीआरपी प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


चोरी की जानकारी देती आरती और परिजन। अमृत विचार

### लुटेरों ने छीना युवती का मोबाइल

**कानपुर।** साकेत नगर स्थित शोरूम जा रही युवती का बाइक सवार लुटेरे मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पीड़िता ने किदवई नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। साकेत नगर निवासी जान्हवी मिश्रा ने बताया कि बीते 29 मार्च सुबह करीब 10 :45 सत्या सुजुकी सर्विस सेंटर से पैदल यामाहा बाइक शोरूम जा रही थी। इस दौरान पीछे से पल्सर बाइक सवार युवक आए और मोबाइल छीन कर फरार हो गए। बताया कि बाइक सवार लुटेरों ने नंबर प्लेट कपड़े से ढंक रखी थी। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की जांच कर लुटेरों की तलाश की जा रही है।

## कमिश्नर ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**कानपुर।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार सद्भावना चौकी चौराहा पहुंचे। जहां अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल आरएस गौतम से कानून व्यवस्था की जानकारी लेकर दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर ने मूलगंज, अनवरगंज, चमनगंज, बजरिया आदि थाना क्षेत्र में भी भ्रमण किया।

# छात्र को उस्तरे से किया लहूलुहान

- चकेरी थानाक्षेत्र में बाइक खड़ी करने पर हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में बाइक खड़ी करने के विवाद में सैलून कर्मचारी ने छात्र पर उस्तुरे से हमला कर लहूलुहान कर दिया। छात्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

डिफेंस कालोनी निवासी देवांश तिवारी ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा भाई 14 वर्षीय प्रतीक कक्षा आठ का छात्र है। बुधवार रात को भाई गोविंद चौक के पास स्थित एक दुकान से सामान खरीदने गया था। भाई ने दुकान के पास स्थित क्राउन मेन्स सैलून के सामने अपनी बाइक खड़ी कर दी। सैलून संचालक आमिर और कर्मचारी विपिन सविता उर्फ मन्नू गाली-गलौज करने लगा। विपिन ने उनके भाई के चेहरे पर उस्तुरे से हमला कर दिया। जिससे भाई लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वहां मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़कर किसी तरह भाई की जान बचाई। मौका पाकर आरोपी भाग निकला। घायल भाई को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां शुक्रवार को डॉक्टर ने भाई का ऑपरेशन किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। आरोपी कर्मचारी विपिन को पुलिस हिरासत में लिया गया है।

हेल्थ अलर्ट

## उर्सला बाल रोग विभाग के अधिकांश बेड चल रहे फुल, रोज भर्ती किए जा रहे हैं 10 से 12 बच्चे

# गर्मी में बच्चों पर डायरिया और बुखार का हमला तेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में गर्मी शुरू होते ही बच्चों की हालत पस्त होने लगी है। उर्सला के बाल रोग वार्ड में 90 प्रतिशत बेड फुल चल रहे हैं। बच्चों में सबसे अधिक डायरिया और मौसमी बुखार का हमला है। बच्चों के लिए अस्पताल में सिर्फ दो वेंटिलेटर की ही सुविधा है।

मौसम में हो रहे बदलाव और गलत खानपान की वजह से बच्चों में डायरिया की समस्या बढ़ रही है। उर्सला अस्पताल के बाल रोग वार्ड में प्रतिदिन 12 से 15 बच्चे भर्ती किए जा रहे हैं, जिनमें सबसे अधिक डायरिया और वायरल बुखार से पीड़ित बच्चे शामिल हैं। उर्सला के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.सत्यम ने बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव के कारण बच्चों में डायरिया की समस्या बढ़ी है। एक वर्ष से पांच वर्ष तक के बच्चों में उल्टी, दस्त, शरीर में पानी की कमी, पेट में दर्द, मरोड़, वजन कम होना, कमजोरी व डिहाइड्रेशन की समस्या अधिक हो रही है। खांसी, जुकाम व वायरल बुखार से ग्रस्त बच्चे भी वार्ड में भर्ती किए जा रहे हैं। बताया कि खानपान, मौसम में बदलाव, चाय, बिस्कुट, मोमोज, फिंगर, चिप्स, पिज्जा, व बर्गर खाने की वजह से बच्चों में पेट से संबंधित समस्या अधिक हो रही है।


उर्सला अस्पताल में बच्ची को देखते बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.सत्यम। अमृत विचार

### कुछ बच्चों के मुंह से निकले कीड़े

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.सत्यम ने बताया कि माता-पिता कभी-कभी बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं, जिसकी वजह से वह फास्ट फूड या अन्य चीजों का सेवन कर लेते हैं और उसके बाद खेलते-खेलते हाथ को मुंह या चेहरे के अन्य हिस्सों में लगा लेते है। गंदे पानी के सेवन से भी पेट में कीड़े की समस्या हो जाती है। हैरत की बात ये है कि कुछ बच्चों के मुंह से भी कीड़े बाहर आने की समस्या देखी गई है।

### ऐसे करें बचाव

- बाहर के खाने और जंक फूड से परहेज करें
- कटे-फटे फल, बाहर का जूस न पिलाएं
- बच्चे को ताजा खाना खिलाएं
- दस्त होने पर ओआरएस का घोल दें
- पानी उबाल कर या फिल्टर कर ही पिलाएं
- गर्मी से बचाव और सफाई का ध्यान रखें

### सिर्फ दो वेंटिलेटर व सर्जन एक भी नहीं

उर्सला के बाल रोग विभाग के वार्ड में सिर्फ दो वेंटिलेटर की ही सुविधा है, ऐसे में अगर दो से अधिक बच्चों को वेंटिलेटर की जरूरत होती है तो फिर अस्पताल प्रशासन के सामने समस्या खड़ी हो जाती है। उर्सला से गंभीर बच्चों को हैलट के बाल रोग अस्पताल या प्राइवेट अस्पताल ले जाने की सलाह दी जाती है। उर्सला अस्पताल में बाल रोग सर्जन की भी तैनाती नहीं है, जिसकी वजह से सर्जरी में भी दिक्कत होती है।

## देवर ने भाभी को किया लहूलुहान

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के शिव कटरा इलाके में पारिवारिक विवाद में देवर ने अपने ससुरालियों के साथ मिलकर अपनी भाभी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। देवर समेत आधा दर्जन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शिवकटरा निवासी पीड़िता रीना यादव ने पुलिस को बताया कि देवर सुधीर यादव से गुरुवार को कहासुनी हो गई। इस पर उसने अपने ससुरालियों जयपाल, राम किशोरी, पंकज यादव, अनीता यादव व ममता को बुलाकर मारापीटा। साथ ही धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। मारपीट में उसके सोने के बाले गिर गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे का ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप


हीमोफीलिया पर जागरुकता रैली निकाली। अमृत विचार

### चांदनी कॉलेज ने हीमोफीलिया के प्रति किया जागरूक

**कानपुर।** विकास नगर में लखनपुर स्थित चांदनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग व स्कूल ऑफ नर्सिंग में विश्व हीमोफीलिया दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डॉ .चांदनी सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष करीब दस हजार लोग इस बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं, जो एक गंभीर विषय है। भारत सरकार द्वारा इस बीमारी की रोकथाम के लिए कई कार्यक्रमों आयोजन किया जा रहा है। लोगों को जागरूक करने के साथ हीमोफीलिया के निशुल्क इलाज की भी जानकारी दी जा रही है। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक व रैली के माध्यम से लोगों को बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाचार्य विमला शर्मा, संदीप कुमार झा, काजल, आकांक्षा, आंचल, रुचि व पूनम समेत आदि लोग मौजूद रहे।


केडीएमए स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम हुआ। अमृत विचार

### बच्चों को दिलाई गई शपथ

**कानपुर।** वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी संस्था की ओर से शुक्रवार को केडीएमए इंटरनेशनल स्कूल बर्रा में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। पृथ्वी दिवस के मौके पर हुए इस आयोजन में बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में जागरुक किया गया। कार्यक्रम में डॉ अर्चना अग्निहोत्री ने बच्चों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में बताया। कार्यक्रम में बच्चों को प्लास्टिक से बनी वस्तुओं को परिवर्तन करने और उनको दोबारा इस्तेमाल करने के तरीके भी बताए। कार्यक्रम में बच्चों को कम से कम प्लास्टिक का इस्तेमाल करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में ममता की ओर से प्रधानाचार्या को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में डॉ अपेक्षा, पिंकी, लावन्या सहित अन्य मौजूद रहे।


ठेकेदारों को कामधेनु सरिया की क्वालिटी की जानकारी दी। अमृत विचार

### कामधेनु सरिया की गुणवत्ता बताई

**कानपुर।** समाचार पत्र वितरक समाज के संरक्षक श्रीशंकर मिश्रा के प्रतिष्ठान कोयलानगर स्थित शिव ट्रेडर्स में कामधेनु सरिया के एजीएम अनिमेष त्रिपाठी, मार्केटिंग मैनेजर आकाश पांडेय, असिस्टेंट मैनेजर बृजेश केशरवानी ने एक मिस्त्री मीटिंग की। जिसमें कामधेनु सरिया की गुणवत्ता की जानकारी क्षेत्र के ठेकेदारों व मिस्त्रियों को दी। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कामधेनु सरिया उच्च गुणवत्ता की है। इस मौके पर शिव ट्रेडर्स के प्रो. जय शंकर मिश्रा, श्रीशंकर मिश्रा, दिनेश पांडेय, राजकुमार पांडेय, रमाशंकर, अमित ठेकेदार, बऊवा ठेकेदार, नन्हें पाल, शिवा ठेकेदार, ठेकेदार अमीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिस जीप पर बैठकर रील बनाने वाला गिरफ्तार

**कानपुर।** जूही थाने के गेट पर पुलिस जीप के बोनट पर बैठकर रील बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक के माफीनामा देने के बाद जूही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। बीते गुरुवार को युवक का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। जूही थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि जांच में पता चला कि गोविंद नगर थानाक्षेत्र के रामआसरे नगर निवासी शिवम सिंह भदौरिया ने रील बना कर वायरल की थी। पुलिस ने गुरुवार रात आरोपी शिवम को गिरफ्तार किया। उसने सात महीने पहले जीप पर बैठकर फोटो खिंचवाई थीं। आरोपी के खिलाफ गोविंद नगर थाने में लूट, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है।

### अहिरवां से लापता नाबालिग लौटी

**कानपुर।** बुधवार शाम चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता किशोरी घर लौट आई है। परिजनों ने अज्ञात पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। चकेरी अहिरवां निवासी महिला ने चकेरी थाने में अपनी 16 वर्षीय बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस और परिजनों के प्रयासों के बीच किशोरी अपने घर वापस लौट आई।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# पनकी मंदिर में दर्शन कर आज गिरफ्तारी देंगे अमिताभ

## आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज होने का विरोध, मंदिर में दर्शन करने के बाद दंडवत करते थाने जाएंगे सपा विधायक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


अमिताभ बाजपेई। अमृत विचार


कृष्णा तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज होने के विरोध में आर्य नगर के सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने शनिवार सुबह पनकी स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद पनकी थाने में अपना पक्ष रखने व गिरफ्तारी देने की बात कही है। विधायक का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद बजरंगदल के जिला प्रमुख ने भी इस संबंध में अपना वीडियो सोशल मीडिया जारी किया, जिसमे वह चुनौती देते हुए दिख रहे हैं कि बजरंगजदल आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई को मंदिर में दर्शन करने नहीं जाने देंगे।

पनकी थाने में 11 अप्रैल को सपा नेता सम्राट विकास यादव को छुड़ाने आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई समर्थकों के साथ पहुंचे थे। पुलिस ने विधायक अमिताभ बाजपेई समेत 205 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

विधायक का कहना है कि पुलिस ने हठधर्मिता के चलते मुकदमा कायम कर दिया है। लोकतंत्र में थाने जाना और अपने हक की बात करना लोगों का अधिकार व कर्तव्य दोनों है। मुकदमे के विरोध में शनिवार सुबह 11 बजे वह पनकी मंदिर में दर्शन करने के बाद दंडवत करते हुए पनकी थाने में अपनी गिरफ्तारी देंगे। उन्होंने अपने सभी साथियों से अनुरोध किया है कि वह जहां पर हैं वहीं रहकर विधायक का समर्थन करें। पनकी मंदिर या थाने ना आएं, वरना पुलिस को आचार संहिता उल्लंघन का एक और मुकदमा लिखने का बहाना मिल सकता है। विधायक का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद बजरंगदल के जिला प्रमुख कृष्णा तिवारी ने भी अपना एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया। वायरल वीडियो में कृष्णा का कहना है कि वह विधायक अमिताभ को पनकी मंदिर में दर्शन करने अंदर नहीं जाने देंगे। उनके स्वागत में बजरंगदल मंदिर के बाहर ही मौजूद रहेगा।

### मंदिर को न बनाएं राजनीति का अखाड़ा

- पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास ने बताया कि मंदिर राजनीति का स्थल नहीं है। राजनीति को मंदिर से दूर रखना चाहिए। मंदिर के दरवाजे सभी भक्तों के लिए खुले हैं। मंदिर में कोई भी दर्शन के लिए आ सकता है। मंदिर के बाहर का विषय प्रशासन का मामला है। मंदिर के महंत कृष्ण दास ने बताया कि मंदिर में प्रवेश से किसी को रोका नहीं जा सकता है। आचार संहिता लागू है। दर्शन करने के बाद कोई क्या करता है ये प्रशासन जाने।

**11** अप्रैल को सपा नेता सम्राट विकास यादव को छुड़ाने आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई समर्थकों के साथ पहुंचे थे

- पुलिस ने विधायक अमिताभ बाजपेई समेत 205 लोगों के खिलाफ दर्ज किया था मुकदमा
- जवाब में बजरंगदल के जिला प्रमुख ने विधायक अमिताभ को दी चुनौती

### ईद पर हुआ था बवाल

- ईद के मौके पर 11 अप्रैल को सपा नेता व गोविंद नगर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी सम्राट विकास हर वर्ष की तरह नामजियों को ईद की मुबारक देने गए थे। लेकिन मौके पर उन्होंने राजनीतिक बैनर लगा लिया था, पुलिस प्रशासन ने उनको मना किया। सम्राट विकास का कहना था कि पुलिस के मना करने पर उन्होंने बैनर हटा लिया था, लेकिन पुलिस वालों ने नमजियों से अभद्रता की थी, जिसका विरोध उन्होंने किया था। इस बात से नाराज पुलिस वाले उन्हें पनकी थाने ले गए थे। जबकि पुलिस का कहना है कि सपा नेता नमजियों को सड़क पर नमाज पढ़ने के लिए उकसा रहा था और सरकारी काम में बाधा डालने का काम किया था। इससे माहौल बिगड़ने का अंदेशा था।
- मंदिर के बाहर विवाद बढ़ सकता है इस बात की आशंका पुलिस को भी है। यही वजह है कि पुलिस बड़ी संख्या में वहां तैनात रहेगी। जरूरत पड़ने पर दोनों पक्षों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी की जा सकती है। मंदिर प्रबंधन भी विवाद न हो इसके लिए सतर्क हो गया है।

# वीएसटी वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर, मॉडल जरूर करें रिकॉर्ड

## निर्वाचन आयोग से भेजे गए चार व्यय प्रेक्षक शहर पहुंचे, बैठक कर दिए गए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



निर्वाचन कार्य की समीक्षा करते डीएम राकेश सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग ने प्रेक्षकों को शहर में नियुक्त किया है। जिनमें चार व्यय प्रेक्षक शुक्रवार को शहर आ गए। जिसमें दो नगर व दो अकबरपुर क्षेत्र में दायित्वों को निभाएंगे। शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक ली और सहायक व्यय प्रेक्षक, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी व विभिन्न प्रर्वतन विभागों के नोडल अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेक्षकों को बताया कि जिले में प्रत्येक विधानसभावार तीन-तीन एफएसटी व एसएसटी आठ-आठ घंटे के लिए कार्यरत हैं। इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा में 24 घंटे के लिए नौ-नौ टीमें कार्यरत रहेंगी। निर्वाचन की घोषणा होने के बाद से शिकायत प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम, मीडिया सेल, सोशल मीडिया सेल गतिशील हो जाएगी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनसभा, जुलूस, नामांकन जुलूस की वीडियोग्राफी करते समय वीडियो सर्विलांस टीम (वीएसटी) इस बात का ध्यान रखे कि वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर, मॉडल अवश्य रिकॉर्ड हो। जिससे इस बात का प्रमाण रहे कि कितने वाहन जूलूस आदि में थे।

वीडियो अवलोकन टीम की ओर से उपलब्ध कराए गए वीडियो का गंभीरता से अध्ययन किया जाए, जिससे वास्तविक व्यय को प्रत्याशी के व्यय में जोड़ा जा सके। जिस विधानसभा क्षेत्र में सीजर की कार्रवाई नहीं या कम की गई। उसकी समीक्षा की जाए। दस लाख से अधिक धनराशि सीज की जाती है तो इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाए। वीवीटी व वीएसटी टीम तालमेल से काम करें। वहीं व्यय प्रेक्षकों ने बताया कि उनके मोबाइल नंबरों पर निर्वाचन से संबंधित कोई भी मैसेज दिया जा सकता है। प्रेक्षक आईआईटी विजिर्टस हास्टल-एक (डी-1, डी-2, डी-3, डी-4) सूट में ठहरे हैं। यदि कोई मिलना चाहे तो सुबह 10 से 11 बजे तक मुलाकात कर सकता है।

### टीमें और उनके काम

- स्टैटिक सर्विलॉस टीम (एसएसटी) का काम – एक प्वांइट पर खड़े होकर टीम निगरानी करती है।
- फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) का काम – टीम के लिए निर्धारित विधानसभा क्षेत्र में लगातार भ्रमण करना।
- वीडियो सर्विलांस टीम (वीएसटी) का काम – एफएसटी के साथ भ्रमण करना और वीडियो बनाना।
- वीडियो विजिलेंस टीम (वीवीटी) का काम – वीडियो रिपोर्ट के साथ एआरओ को अपनी रिपोर्ट देना जिम्मेदारी है।
- असिस्टेंड एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर – टीम चुनावी खर्च की निगरानी करती है।

### नगर सीट के व्यय प्रेक्षक

- नयनज्योति नाथ, मोबाइक नंबर **9454325318**
- अनिरुद्ध, मोबाइल नंबर **7839489210**

### अकबरपुर सीट के व्यय प्रेक्षक

- आकाश शंकर चौगले, मोबाइल नंबर **9454970748**
- वाई विष्णुवर्धन, मोबाइल नंबर **8887148626**

### प्रत्याशियों ने लिए नामांकन प्रपत्र

- **अकबरपुर सीट के लिए:** भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह उर्फ भोले सिंह ने शुक्रवार को दो सेट लिए। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी विकास सिंह ने भी दो सेट नामांकन प्रपत्र लिया।

### नगर सीट के लिए

- नगर सीट के लिए शुक्रवार को कुल 11 प्रपत्र लिए गए। जिसमें बहुजन समाज पार्टी के कुलदीप सिंह भदौरिया ने एक, आजाद अधिकार सेना पार्टी के दिनेश कुमार ने एक, आदर्श लोकदल पार्टी के शाकिर अली उस्मानी ने एक प्रपत्र लिया। वहीं निर्दलीय अरविंद कुमार, वीरेंद्र कुमार, संजय सिंह, सूर्य प्रकाश बाजपेई, अरुण कुमार, बसंत लाल शर्मा, बृज किशोर शुक्ला, श्रीकांत पाल ने एक-एक सेट प्रपत्र लिया।


कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर एकजुटता प्रदर्शित करते प्रत्याशी आलोक मिश्रा व सहयोगी दलों के नेता। अमृत विचार

# आलोक का केंद्रीय चुनाव कार्यालय शुरू

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

- सपा, आप और वामदल ने भी दिखाई एकजुटता
- शिवलाल वाल्मीकि की पत्नी मुन्नी देवी ने फीता काटा

**कानपुर।** विपक्षी गठबंधन से कांग्रेस के टिकट पर मैदान में डटे प्रत्याशी आलोक मिश्रा का केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन जोर-शोर से किया गया। पूर्व सांसद, विधायक एवं मंत्री रहे स्व.शिवलाल वाल्मीकि की पत्नी मुन्नीदेवी वाल्मीकि ने कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, माकपा, भाकपा पार्टियों के कार्यकर्ता और नेता जुलूस बनाकर कार्यालय स्थल पर पहुंचे।

कार्यालय का उद्घाटन वाल्मीकि समाज की महिला मुन्नी वाल्मीकि से कराके कांग्रेस ने अनुसूचित वोट पर निशाना लगाया है। कानपुर लोकसभा क्षेत्र में करीब ढाई लाख अनुसूचित वोट है जिसमें एक लाख के अल्ले-पल्ले वाल्मीकि वोट बताया जाता है। कार्यालय स्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आलोक मिश्रा को विजयी बनाने की अपील की। सभा की अध्यक्षता सपा के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र मोहन अग्रवाल ने की और संचालन पूर्व विधायक नेकचंद पांडे ने किया।

आर्यनगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, कैंट विधानसभा से सपा विधायक मो. हसन रूमी, प्रत्याशी आलोक मिश्रा, कांग्रेस पूर्व विधायक भूधरनारायन मिश्रा, सोहेल अंसारी, पूर्व विधायक जिलाध्यक्ष संजीव दरियाबादी, सरदार कुलदीप सिंह, हाफिज मोहम्मद उमर, कोऑर्डिनेटर शैलेंद्र चतुर्वेदी आदि ने विचार व्यक्त किए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद अलम मंसूरी, सपा अध्यक्ष फजल महमूद, आप अध्यक्ष अनुज शुक्ला, प्रवक्ता मदनलाल भाटिया, हरप्रकाश तिवारी, अशोक धानविक, अशोक तिवारी, आरपी कनौजिया मदन मोहन शुक्ला, करिश्मा ठाकुर, सम्राट विकास यादव, प्रमोद जायसवाल हाजी सरताज अनवर, कांग्रेस पार्षद दल के नेता सोहेल अहमद, फरहान लारी, पदम मोहन मिश्रा दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, विकास अवस्थी, अखिल गुप्ता, उमेश तिवारी, हरीश गुप्ता, पिंटू कुरेल, यूथ कांग्रेस महासचिव परवेज खां, गोपाल ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी का स्वागत किया गया। अमृत विचार

# रमेश अवस्थी परमट से आज निकालेंगे जुलूस, भरेंगे पर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शामिल होंगे डिप्टी सीएम

**अमृत विचार।** भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी शनिवार को पर्चा दाखिल करेंगे। वह बाबा आनंदेश्वर मंदिर परमट से नामांकन जुलूस निकालेंगे। अकबरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले की तरह उनका नामांकन जुलूस परमट से शुरू होकर कचहरी तक जाएगा। जुलूस में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नामांकन जुलूस की तैयारियों को लेकर देर शाम तक बैठकों का दौर चलता रहा। एक सभा भी आयोजित की जाएगी जिसमे वक्तागण एकजुटता का संदेश देते हुए कानपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रमेश अवस्थी को जिताने की अपील करेंगे।

कानपुर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी शनिवार को परमट मंदिर में बाबा आनंदेश्वर के पूजन दर्शन के बाद हजारों कार्यकर्ताओं के साथ पैदल जुलूस के साथ कचहरी में नामांकन करेंगे। भाजपा दक्षिण एवं कानपुर लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर लोकसभा के सभी कार्यकर्ता शनिवार को सुबह परमट मंदिर में बाबा आनंदेश्वर धाम पर एकत्र होंगे। वहीं पर नामांकन से पूर्व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। नामांकन जुलूस में प्रदेश सरकार के मंत्री, महापौर, विधायक, एमएलसी सहित सभी जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दोनो जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, सलिल विश्नोई, मानवेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण समेत सैकड़ों वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता रहेंगे। तैयारी को लेकर उत्तर व दक्षिण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे एवं शिवराम सिंह ने केंद्रीय कार्यालय में बैठक कर योजना बनाई। बैठक में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव संचालन समिति, जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, जीते, हारे पार्षद, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चों के मंडल अध्यक्ष रहे।

# बसपा ने लगाया अहिरवार पर दांव

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर



- कानपुर नगर में डीएफओ रहे बीआर अहिरवार बामसेफ के लिए करते रहे हैं काम

**अमृत विचारः** मिश्रिख लोकसभा सीट पर नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही बहुजन समाज पार्टी ने बामसेफ कैडर को आगे बढ़ाने वाले पूर्व वन अधिकारी बीआर अहिरवार को प्रत्याशी घोषित किया है।

कानपुर नगर में वर्ष 2013 से 2015 तक डीएफओ रहे बीआर अहिरवार बसपा के संगठन बामसेफ को मजबूत करने का काम करते रहे हैं। माना जा रहा है कि मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में निर्णायक भूमिका में रहने वाले अनुसूचित जाति के वोटरों को लुभाने के लिए बसपा ने सोशल इंजीनियरिंग का यह फार्मूला अपनाया है। बीआर अहिरवार को उतारकर पार्टी ने चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। इस सीट पर समाजवादी पार्टी से पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी की बहू संगीता राजवंशी मैदान में है, जबकि भाजपा ने वर्तमान सांसद अशोक रावत पर भरोसा जताया है। बीएसपी के तहसील सचिव ओमेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पार्टी प्रत्याशी को बहुजन समाज के लोग मिलकर चुनाव लड़ाएंगे।

### तीन बार चुनाव जीत चुकी बसपा

- मिश्रिख लोकसभा सीट से तीन बार बसपा प्रत्याशी चुनाव जीत चुके हैं। वर्ष 1998 में राम शंकर भार्गव ने चुनाव जीता था, जबकि वर्ष 2004 में सबसे कम उम्र के प्रत्याशी के रूप में अशोक रावत चुने गए थे। वर्ष 2009 में अशोक रावत ने दोबारा बीएसपी का परचम लहराया था। इसके बाद वह बसपा छोड़ भाजपा में चले गए और पिछले चुनाव में भाजपा से सांसद बने थे। इस बार फिर से भाजपा के प्रत्याशी हैं।

# 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' पर जोर

**कानपुर देहात।** भाजपा की रसूलाबाद विधानसभा बूथ प्रबंधन की बैठक शुक्रवार को चंद्रप्रभा शर्मा डिग्री कॉलेज रसूलाबाद में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के आधार पर बूथ प्रबंधन को मजबूत बनाना है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां देश को खोखला करने का काम कर रही हैं। भ्रष्टाचार में उनके नेता जेल भेजे जा रहे हैं और लगातार कलई खुल रही है। भाजपा जो भी संकल्प पत्र तैयार करती है, उसको पूरा करती है। उन्होंने कहा कि सभी पन्ना प्रमुखों को मतदाताओं के पास जाकर संपर्क करना है।

इंतजाम | चिलचिलाती धूप और लू से निपटने के लिए भी होगा प्रबंध

# मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी मेडिकल किट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** मतदाता और मतदान कर्मियों के लिए पंखे, कूलर और पेयजल की विधिवत व्यवस्था होगी। चिलचिलाती धूप व लू से निपटने के लिए बूथों पर मेडिकल किट उपलब्ध होगी। निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने व मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह प्रबंध करने के आदेश दिए हैं। वहीं मतदान कर्मियों को भी सहूलियत दी जा रही हैं।

नगर में मतदान को अभी करीब 20 दिन का समय बाकी है। इधर गर्मी ने अभी से कहर बरपाना शुरू कर दिया है। चिलचिलाती धूप व लू से निपटने के लिए चुनाव आयोग ने मतदाताओं को सहूलियत देने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत लू व चिलचिलाती धूप वाले क्षेत्रों के बूथों पर मेडिकल किट उपलब्ध कराया जाना है। ऐसे बूथों पर मतदाताओं को सीधी धूप से बचाने के लिए मतदान केंद्र को पर्याप्त छायादार बनाने की व्यवस्था कराई जाएगी। मतदान केंद्रों पर टेंट, छतरियों के साथ बैठने के लिए कुर्सियों की भी व्यवस्था की जानी है। मतदाता और मतदान कर्मियों के लिए पंखे, कूलर की भी व्यस्था कराने का आदेश है। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं को विशेष सहायता दी जाएगी। मतदान केंद्रों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था होगी। लू से संबंधित लक्षणों को पहचानने और उसके उचित इलाज के भी प्रबंध किए जाने हैं। मतदान कर्मियों को भी मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे उपयोग कर सकें।

### मतदाता पहचानपत्र के अलावा अन्य विकल्प भी

- मतदाता फोटो पहचानपत्र न होने पर मतदाताओं को अन्य विकल्प भी दिए गए हैं। चुनाव आयोग ने मतदाता पहचानपत्र न होने पर अन्य विकल्प के तौर पर पहचानपत्रों जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों व डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र व राज्य सरकार, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचानपत्र आदि मतदाताओं की पहचान के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा प्रवासी मतदाताओं को उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा। वहीं मतदाता सूची में अपना नाम देखने व पोलिंग बूथ जानने के लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या मतदाता हेल्पलाइन एप का उपयोग कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप


सपा प्रत्याशी राजाराम पाल का स्वागत। अमृत विचार

### इंडिया गठबंधन की जीत पर होगा विकास

**कानपुर।** इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल समाजवादी पार्टी से सांसद प्रत्याशी राजाराम पाल ने शनिवार को रमईपुर में विशाल कार्यकर्ता बैठक की। बैठक में उन्होंने चुनावी रणनीति बनाई और कहा इंडिया गठबंधन की जीत पर क्षेत्र के साथ ही देश का विकास होगा।उसके बाद वाजिदपुर, अटवा, खजूरिहा, रूमा, हरदेव नगर, गंगापुर, नौबस्ता, बैहरमपुर, हंसपुर गांव व सकरापुर समेत आदि क्षेत्रों में लोगों से मुलाकत की। राजाराम पाल ने कहा कि भाजपा सरकार में सिर्फ लोगों को झूठे सपने दिखाए जा रहे है। असल में जनता महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचारी से परेशान है।


सभा को संबोधित करते देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

### भाजपा कर रही देश हित में काम :भोले

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने बिठूर विधानसभा क्षेत्र के धरमंदपुर गांव, जरीगांव, नकटू, छत्तापूर्वा, भिसार, पकरी समेत आदि क्षेत्रों में लोगों से जनसंपर्क किया। भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने देशहित में कार्य किया है। देश के सुधार में कड़े फैसले भी लिए जा रहे हैं। भाजपा की सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ करोड़ों जनता को मिल रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष गोविंद कुशवाहा, पूर्व विधायक राम प्रकाश कुशवाहा, राजेंद्र त्रिपाठी, दिनेश बाजपेई, रूप नारायण त्रिपाठी, शिवकुमार, सुनील कुशवाहा, राजू सिंह, राजेश सोनकर, दिग्विजय चौहान व मोनू सेंगर समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# खूनी रफ्तारः हादसे में दो लोगों की मौत

## घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के राहा मोड़ के पास हुआ हादसा, तेज रफ्तार कंटेनर ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर

संवाददाता, घाटमपुर

दर्दनाक

- शादी समारोह का सामान लेकर जा रहा था ट्रैक्टर चालक
- हादसे के बाद कंटेनर लेकर मौके से भाग निकला ड्राइवर


नीरज।


दिनेश।

**अमृत विचारः** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के राहा मोड़ के पास शादी समारोह का सामान लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली में तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी, जिससे चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। सांस की आस में दोनों को घाटमपुर सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सजेती थाना क्षेत्र के निमधा गांव का रहने वाला ट्रैक्टर चालक दिनेश संखवार पुत्र जगदीश संखवार (22) देर रात शादी समारोह का सामान लेकर गेस्ट हाउस जा रहा था। उसके साथ घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के जुरैया निवासी नीरज उर्फ गोला पुत्र संतोष संखवार (23) भी ट्रैक्टर पर बैठा था। दोनों राहा मोड़ के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार कंटेनर ने ट्रैक्टर- ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली खाई में जा गिरी। हादसे में दिनेश संखवार और नीरज संखवार ट्रैक्टर में दबने से गंभीर रूप से घायल हो गए और कुछ देर बाद ही उनकी सांसें थम गईं। सांस की आस में दोनों को एंबुलेंस से घाटमपु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घाटमपुर पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### हादसे में एक युवक गंभीर, उर्सला रेफर

हादसे के दौरान ट्रैक्टर में बैठा सजेती थाने के निमधा गांव का रहने वाला राहुल पुत्र सुरेंद्र (18) भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से उसे डॉक्टर ने उर्सला अस्पताल रेफर किया है। उधर, दिनेश के पिता जगदीश ने बताया कि उसके दो बेटे और एक बेटी थी। दिनेश सबसे बड़ा था। दिनेश ड्राइवरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ई रिक्शा से टकराई बाइक, पांच घायल

**घाटमपुर।** जहांगीराबाद में ई रिक्शा और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवकों समेत पांच लोग गंभीर घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से पतारा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने सभी को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में हैलट अस्पताल रेफर किया है। वहीं दो की हालत चिंता जनक बताई जा रही हैं।

क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी बब्लू (30) ने बताया कि वह अपने साथी गांव के बाबूजी के साथ शादी समारोह में शामिल होने कोरियां गांव गए थे। शुक्रवार दोपहर वह बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह जहांगीराबाद गांव के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे ई रिक्शा से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवकों समेत ई रिक्शा सवार पड़री लालपुर गांव निवासी श्याम परिहार पुत्र सुरजनसिंह, प्रतापगढ़ निवासी विमला देवी पत्नी रमेश, सजेती के गूंजा निवास नीरज चौहान पुत्र मान सिंह घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सड़क किनारे पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को पतारा सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में चार घायलों को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। घाटमपुर थाने के एसएसआई खुर्शीद अहमद ने बताया कि हादसे की सूचना मिली थी। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर पर कार्रवाई होगी।

## तार टूटने से 20 बीघा फसल जली

संवाददाता, घाटमपुर

आग का कहर

- रेउना क्षेत्र के रामपुर और निहुरा गांव के खेतों में लगी आग
- चार दमकल गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर पाया काबू


आग बुझाने में जुटे रहे किसान और दमकलकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के रामपुर और निहुरा गांव में बिजली के तार टूटकर फसल में गिरे, जिससे गेहूं की फसल में आग लग गई। जब तक आग बुझाई जाती, तब तक 20 बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। पानी अभाव के चलते ग्रामीणों ने अरहर की फसल उखाड़कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया।

रेवना थाना क्षेत्र के रामपुर और निहुरा गांव में विश्व बैंक फीडर गौसगंज से आई बिजली लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिरा, जिससे निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही रेवना थाने की पुलिस पहुंची और दमकल को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

मौके पर पहुंचे तहसीलदार लक्ष्मीकांत वाजपेई व कानूनगो प्रभात कुमार, लेखपाल रेनू राना, सुरेश कुमार आदेश यादव, सिलेश भारती ने पहुंचकर गेहूं के नुकसान का जायजा लिया। तहसीलदार लक्ष्मीकांत ने बताया कि किसानों की लगभग 10 से 15 बीघा फसल का नुकसान हुआ है। इनमें पुत्तन, मलखान सिंह, संतोष कुमार, दयाराम, सुघरलाल, राजाराम, मौजीलाल, रामचंद्र आदि किसान शामिल हैं। आग में फसल जलने से किसान खासे आहत हैं।

# नवीन मार्केट में कारोबारी को चाकू मारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


रोते बिलखते परिजन।

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट में दुकान में काम करने वाले कर्मचारी को डांटना भारी कारोबारी को भारी पड़ गया। आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर कारोबारी पर पेट और गर्दन पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। लहूलुहान होकर वह अपनी शॉप में गिर पड़े। इस दौरान आरोपी मौके से भाग निकले। आसपास के दुकानदारों ने घटना देखी तो शोर मच गया। आनन-फानन उन्हें उठाकर उर्सला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नाजुक हालत में रीजेंसी हॉस्पिटल भेज दिया गया। जहां उनकी हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।

मार्केट के भीतर सरेशाम हुई घटना से अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे एडीसीपी पूर्वी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

एडीसीपी पूर्वी लखन सिंह यादव ने बताया कि नवीन मार्केट में 45 वर्षीय राजू मोटे उर्फ राजकुमार फुटवियर कारोबारी हैं। वह शुक्रवार देर शाम अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी हाल में ही दुकान में रखे गए तल्हा नाम के युवक को उन्होंने किसी बात को लेकर डांट दिया था। इस बात की खुन्नस और बेइज्जती न महसूस कर पाने पर युवक ने अपनी तीन साथियों के साथ मिलकर चाकू से एक के बाद एक पेट और गर्दन पर वार कर लहूलुहान कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी गालीगलौज देते हुए भाग निकले। इस दौरान भागने पर अगल बगल वाले दुकानदार दौड़ पड़े लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ पाए। लहूलुहान अवस्था में व्यापारी उन्हें उर्सला अस्पताल ले गए जहां उन्हें रीजेंसी आईसीयू में भर्ती किया गया है। वहीं लोगों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, तो पत्नी व बच्चे रोने बिलखने लगे। सभी अस्पताल पहुंच गए। इस घटना के बाद व्यापारियों में गुस्सा देखने को मिला। बवाल की आशंका के मद्देनजर अस्पताल के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। एडीसीपी पूर्वी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

वहीं इस घटना के बाद व्यापारियों ने नवीन मार्केट चौकी इंचार्ज पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। आरोप है, कि वह व्यापारियों की सुरक्षा छोड़कर वसूली में लगे रहते हैं। उनकी पुलिस कमिश्नर से शिकायत की जाएगी।

# शिक्षकों ने उठाई समय परिवर्तन करने की मांग

संवाददाता, चौबेपुर

- सुबह सात से दोपहर 12 बजे तक करने की उठाई आवाज
- कड़ी धूप और लू में बच्चों के बीमार होने का बताया खतरा

**अमृत विचार।** लगातार बढ़ रहे तापमान व गर्म हवाओं के प्रकोप को देखते हुए परिषदीय शिक्षकों ने विद्यालयों में शिक्षण कार्य के समय में परिवर्तन किए जाने की मांग शिक्षा निदेशक (बेसिक) से की है।

जूनियर हाई स्कूल शिक्षक (बेसिक) महासभा, उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संयोजक अनुग्रह त्रिपाठी ने बताया कि अप्रैल माह की शुरुआत से ही भीषण गर्मी व लू के चलते विद्यालय आने जाने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जानकारी दी कि मौजूदा समय में विद्यालय संचालन का समय सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक होने के कारण पठन- पाठन का कार्य तो प्रभावित हो ही रहा है, साथ सबसे बड़ी समस्या बच्चों के विद्यालय आवागमन को लेकर है।

उन्होंने बताया कि कड़क धूप व तेज गर्म हवाओं के चलते विद्यालय आने जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर खतरा उत्पन्न है। शिक्षा निदेशक (बेसिक),लखनऊ को भेजे पत्र में शिक्षकों ने लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए विद्यालयों में शिक्षण कार्य का समय सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12बजे तक किए जाने की मांग की है। समय परिवर्तन की मांग उठाने वाले शिक्षकों में अनुग्रह त्रिपाठी, के के यादव, विक्रमादित्य सिंह, दीपक शर्मा, विवेकानंद पांडे ,विमल प्रताप, नेहा गुप्ता, पूनम तिवारी व अर्पित शुक्ला समेत दो दर्जन शिक्षक शामिल हैं।

## 100 बटुकों का होगा यज्ञोपवीत संस्कार

**कानपुर ।** अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा की ओर से शुक्रवार को किदवईनगर के ब्लॉक स्थित राधा-माधव मंदिर में प्रेसवार्ता हुई। जिसमें महासभा के पदाधिकारियों ने रविवार को होने वाले सामूहिक विवाह व यज्ञोपवीत संस्कार की जानकारी दी। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि रविवार को पांच जोड़ों व 100 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार होगा। महासभा की ओर से प्रत्येक जोड़े को गृहस्थी का सामान बेड, अलमारी, एलईडी टीवी, गैस चूल्हा, डिनर सेट, बर्तन, पंखा सहित कुल 21 उपहार दिए जाएंगे। इस समारोह में महासभा के विभिन्न प्रांतों के राष्ट्रीय पदाधिकारी वर-वधु व बटुकों को आशीर्वाद देंगे। महासभा की ओर से संतों को सम्मानित किया जाएगा। वार्ता में अध्यक्ष शिव सहाय मिश्र, महेश कुमार मिश्र, अभय शंकर दुबे, पं तारापति शुक्ल, आशीष मिश्र मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### लोडर चालक पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में रामनवमी पर श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटने से तीन लोगों की मौत के मामले में लापरवाह लोडर चालक पर दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जिसमें एक मुकदमा आयोजक के बेटे की ओर से गैर इरादतन हत्या का दर्ज कराया गया है। जबकि दूसरा मुकदमा पुलिस की ओर से लापरवाही से गाड़ी चलाने और लोगों की जान को खतरे में डालना का दर्ज किया गया है। फतेहपुर के हथगांव थानाक्षेत्र के मानापुर गांव निवासी रामपाल नवरात्र पर ज्वारा में शामिल होने के लिए रिश्तेदारों व ग्रामीणों को दो पिकअप से लेकर बारादेवी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान चकेरी मोड़ के पास मथुरापुर रोड के पास स्वामी दिव्या नंद सेवा आश्रम के सामने पिकअप चालक पप्पू की लापरवाही से पिकअप पलटने से उसमें सवार फतेहुपर के अकबरपुर चुरई गांव निवासी 55 वर्षीय भोला प्रसाद, उनकी बहन भूरी बुजुर्ग निवासी 35 गंगादेई और 55 वर्षीय रामदेवी की मौत हो गई थी। जबकि 18 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। घटना के बाद रामपाल के बेटे राम नारायण ने पिकअप चालक पप्पू के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाना, लोगों की जान को खतरे में डालना और गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। जबकि दूसरा मुकदमा अहिरवां चौकी प्रभारी अरूण कुमार की तहरीर पर चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाना, लोगों की जान को खतरे में डालना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि लापरवाही पिकअप चालक के खिलाफ दो मुकदमें दर्ज किए गए है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कारीगर को तमंचा लगाकर लूटा, ऑटो से फेंका

**कानपुर।** फजलगंज थानाक्षेत्र में लोहे की रैक बनाने वाले कारीगर को चार बदमाशों ने रनिया ले जाकर तमंचा सटाकर लूटपाट की। इसके बाद उसे ऑटो से फेंककर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह इतना डर गया कि परिजन रिपोर्ट दर्ज कराने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। उसके बाद पीड़ित ने किसी तरह हिम्मत दिखाई और 15 दिन बाद 18 अप्रैल को फजलगंज थाने में चार अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अन्य तीन की तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं। बिहारीपुरवा जरौली के रहने वाले अर्पित तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह लोहे रैक लगाने बनाने का काम करता है। दो मई को रात 2 .30 बजे ग्वालियर से काम करके फजलगंज चौराहा आया तो वहां पर एक ऑटो खड़ा था। जिस पर चार लड़के बैठे हुए थे। वह सवारी समझ के ऑटो में बैठ गया। ऑटो में बैठे चारों लड़कों ने उसे जबरदस्ती रनिया के पास सूनसान स्थान पर ले जाकर तमंचा लगाकर एंड्रायड मोबाइल तथा सामान छेनी, हथौडी, पेचकस तथा आधार कार्ड और करीब 2,250 रुपये लूट लिया। इसके बाद लुटेरों ने ऑटो से धक्का देकर गिरा दिया और फरार हो गए। फजलगंज थाने में चार अज्ञात के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर फजलगंज सुनील कुमार सिंह ने बताया कि लुटेरे मोहम्मद आसिक उर्फ माइकल निवासी रत्तूपुरवा बारातशाला टीपी नगर और तीन बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया। 1160 रुपये, एक काला बैग, छेनी, हथौड़ी, आधार कार्ड, पेचकस, दो रिंच बरामद की गई हैं।

### भंडारे के बाद माता के जगराते में झूमे भक्त

**शिवराजपुर।** श्री काली माता मंदिर जीटी रोड में शुक्रवार को दिन में भंडारे के बाद रात्रि में भव्य माता के जगराता और मंदिर के श्रृंगार-दर्शन व विशेष झांकी का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पूड़ी-सब्जी और खीर का प्रसाद गृहण किया। माता के जगराता में कलाकारों की ओर से पेश किए गए भजनों पर रात भर श्रद्धालु झूमते रहे ।

### पशुबाड़े में बंधीं 27 बकरियां और बकरे चोरी

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के चौकी नंदना के गांव हथेही निवासी कल्लू शर्मा पुत्र स्वर्गीय सिद्ध गोपाल शर्मा ने नंदना चौकी में लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती रात पशु वाडे में बांधे 27 बकरा बकरियों के गले से रस्सी काटकर चोर चोरी कर ले गए। चौकी इंचार्ज आशीष सिंह ने बताया की प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### तस्कर से एक किलो चरस बरामद

**कानपुर।** चमनगंज पुलिस ने शातिर अपराधी चरस तस्कर फैजान उर्फ मुन्ना लग्गड़ निवासी चमनगंज को गिरफ्तार किया है। चमनगंज थानाध्यक्ष हामिद अली ने बताया कि शातिर के पास से एक किलो 55 ग्राम चरस बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि उसके ऊपर थाना चमनगंज, बजरिया, नवाबगंज, बेकनगंज में आठ एनडीपीएस के मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# विवाद में चचेरे भाई पर कुल्हाड़ी से वार

संवाददाता, बिठूर

तमाचे का बदला

- बहन को तमाचा मारने के जवाब में किया गया हमला
- पुलिस ने दर्ज की एफआईआर आरोपी की तलाश शुरू

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रतापपुर हरी गांव में मामूली विवाद पर चचेरे भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रतापपुर हरी निवासी दुर्गा प्रसाद बताया कि उसकी बेटी की ससुराल में शादी थी। शादी में जाने के लिए बेटे ध्रुव को मेरे भतीजे दिलीप ने साथ चलने के लिए कहा था। बेटा ध्रुव और भतीजा दिलीप को शादी में डल्लापुरवा जाना था। ध्रुव जब दिलीप के बारे में पूछने गया तो उसकी बहन अनीता ने ऊलजलूल जवाब दिया, जिससे आहत होकर ध्रुव ने अनीता को तमाचा मार दिया और फिर वह शादी में चला गया। इसके बाद भाई राजकुमार का फोन आया। फोन पर राजकुमार ने ध्रुव द्वारा बेटी अनीता को पीटने की बात बताई और बात करने के लिए अपने घर बुलाया। शुक्रवार की सुबह जब वह पत्नी ऊषा और बेटे ध्रुव के साथ उनके घर पहुंचे तो बातचीत के दौरान राजकुमार के पुत्र दिलीप ने ध्रुव के ऊपर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए बिठूर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिठूर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर धारा 307 के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## कमरे का ताला तोड़कर चोरी

**चौबेपुर।** क्षेत्र के नोनहा नरसिंह गांव में गुरुवार रात मौका पाकर चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर नकदी समेत कीमती सामान पार कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले पड़ताल शुरू की है।

क्षेत्र के नोनहा नरसिंह गांव निवासी प्रेमचंद पुत्र सुरेश चंद्र अग्निहोत्री ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया है कि वह ज्यादातर समय खेतों पर स्थित ट्यूबवेल के कमरे मे ही रहते हैं। कमरे में ही अपना पैसा व गृहस्थी का जरूरी सामान भी रखते हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात वह जरूरी कार्यवश बाहर गए थे, तभी मौका पाकर चोरों ने कमरे का ताला तोड़ वहां रखे पांच हजार रुपये, गैस सिलेंडर, आधार व पैन कार्ड समेत अन्य जरूरी कागजात पार कर दिये। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।


कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुईं महिलाएं। अमृत विचार


कथा सुनाते आचार्य। अमृत विचार

# दया और करुणा का भाव रखें

संवाददाता, बिल्हौर

- बिल्हौर के टेकेश्वर महादेव मंदिर में कथा का तीसरा दिन
- कथावाचक रामजी ने जड़ चरित्र की कथा सुनाई

**अमृत विचार।** कस्बे के जय प्रकाश नगर के टेकेश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य रामजी ने तीसरे दिन जड़ चरित्र एवं प्रह्लाद चरित्र की कथा सुनाई। कथा में कहा गया कि दया और करुणा से मुंह न मोड़ें।

प्रसूति के विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि प्रजापति दक्ष के साथ विवाह से 16 कन्याओं का जन्म हुआ, जिसमें 13 कन्याओं का विवाह धर्म के साथ, 14वीं कन्या स्वाहा का विवाह अग्नि के साथ, 15वीं कन्या स्वधा का विवाह पित्र के साथ और 16वीं कन्या सती का विवाह प्रभु शिव शंकर के साथ हुआ। महाराज जी ने सती चरित्र एवं शिव महिमा का भी बहुत सुन्दर शब्दों में वर्णन किया। भजनों में भक्त झूमते रहे। श्रीमद् भागवत कथा में अन्य विशेष प्रसंगों का वर्णन करते हुए आचार्य ने मानव जीवन को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए दया, करुणा का संदेश दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने कथा का रसपान किया।

अराजकता — एंबुलेंस आने के इंतजार में सेंट्रल स्टेशन पर तड़पते हैं गंभीर मरीज

# एंबुलेंस सेवा ने रेलवे अफसरों को किया ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ट्रेन में यात्रा करते समय अगर तबियत खराब हुई तो समय से एंबुलेंस नहीं मिलेगी, क्योंकि रेलवे अधिकारियों का मोबाइल नंबर 108 एंबुलेंस सेवा ने ब्लॉक कर दिया है। रेलवे अधिकारी यात्रियों व सहकर्मियों के मोबाइल मांगकर एंबुलेंस बुलाते हैं। तब तक मरीजों को स्टेशन पर दर्द से कराहना पड़ता है।

सेंट्रल स्टेशन पर तैनात डिप्टी एसएस अजय कुमार ने बताया कि अक्सर सफर के दौरान यात्रियों की हालत बिगड़ जाती है। रेलवे कंट्रोल की सूचना पर जब ट्रेन स्टेशन पहुंचती है तो रोगी को इलाज दिया जाता है। रोगी के गंभीर होने पर अस्पताल भेजा जाता है। इसके लिए 108 एंबुलेंस सेवा में फोन करके एंबुलेंस बुलाते हैं।

इधर कुछ दिन से समस्या हो रही है। 108 नंबर मिलाने पर फोन कट जाता है। उनके दोनों नंबर 9369102218, 9369601879 को 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मियों ने ब्लॉक कर दिया है। फिर साथियों के नंबर से फोन मिलाना शुरू किया तो उनका भी नंबर ब्लॉक कर दिया गया।

डिप्टी एसएस एसके कनौजिया का नंबर 9369601782 भी ब्लॉक है। उन्होंने संदेह जताया है कि बार-बार 108 पर फोन करने के कारण ही कर्मियों ने नंबर ब्लॉक किया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या जरूरी सेवा 108 की ओर से नंबर ब्लॉक किया जा सकता है। हमें रेलवे के कंट्रोल से सूचना मिलती है और मरीजों को अस्पताल पहुंचाते हैं। इसमें नंबर ब्लॉक करने का क्या औचित्य है।

### शिवांगी ने एक घंटे से ज्यादा इंतजार किया

- डिप्टी एसएस अजय कुमार ने बताया गुरुवार रात यात्री शिवांगी जैन का स्टेशन पर रपटकर पैर में फ्रैक्चर हो गया था। एंबुलेंस के लिए फोन मिलाया तो कट गया। इस पर एक यात्री के नंबर से मिलाकर एंबुलेंस बुलाई, जब जाकर शिवांगी को अस्पताल भेजा गया। करीब एक घंटे तक शिवांगी प्लेटफार्म पर दर्द से कराहती रही।

### दोनों एंबुलेंस उर्सला अस्पताल भेजीं

- डिप्टी एसएस ने बताया कि रोगियों को तत्काल इलाज के लिए दो एंबुलेंस मीरपुर कैंट स्थित रेलवे हेल्थ यूनिट में खड़ी रहती थीं। जिससे रोगियों को अस्पताल भेज दिया जाता था। अब दोनों एंबुलेंस उर्सला में खड़ी होती हैं। वहीं 108 एंबुलेंस ने उनका नंबर ब्लाक कर दिया है। जिससे रोगियों को अस्पताल भेजने में काफी परेशानी होती है।

- यात्रियों व सहकर्मियों के मोबाइल से फोन करके बुलाते हैं एंबुलेंस

> मामले में सीएमओ, डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह, एसीएम संतोष त्रिपाठी व उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी। 108 एंबुलेंस सेवा मरीजों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए है तो उनका नंबर कैसे ब्लाक किया जा सकता है। वह भी रेलवे कंट्रोल रूम के आदेश पर रोगियों को अस्पताल पहुंचाने का ही काम कर रहे हैं।
>
> -डिप्टी एसएस अजय कुमार

## गोविंदनगर से किशोरी लापता दो पर रिपोर्ट

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र से बुधवार शाम किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक व उसके दोस्त पर किशोरी को बहला-फुसला कर भगाने का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

गोविंद नगर थानाक्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि वह और उनकी पत्नी प्राइवेट कंपनी में कार्यरत हैं। घर पर 14 वर्षीय बेटी व आठ वर्षीय बेटा रहता है। आरोप है कि बीते बुधवार शाम चार बजे नहर कोठी फैक्ट्री एरिया निवासी सुमित कुमार अपने एक साथी के साथ आया और बहला-फुसला कर बेटी को भगा ले गया।

गोविंदनगर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि युवक व उसके एक अज्ञात साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है, किशोरी की तलाश जारी है।

# रैली से दिया मतदान का संदेश

संवाददाता, शिवराजपुर



शिवराजपुर में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत टाउन एरिया में शुक्रवार को जनता को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। खेरेश्वर मंदिर गंगा रोड पर नोडल शिक्षक संकुल एवं मीडिया प्रभारी डॉ. प्रगति रघु सक्सेना की ओर से मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सभासद शिवेंद्र सिंह सेंगर और वर्तमान सभासद जितेंद्र कुमार सैनी ने रैली की अगुवाई की।

रैली का उद्देश्य टाउन एरिया की जनता को मतदान के प्रति जागरूक करके आगामी 13 मई को होने वाले चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित कराना रहा। रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय दुकानदारों, ई-रिक्शा चालक, ठेलागाड़ी चालक, युवा और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डा. प्रगतिरघु सक्सेना ने जनता को वोट के अधिकार का महत्व बताते हुए सभी को बिना किसी प्रलोभन व बहकावे में आए निर्भीक होकर वोट डालने की अपील की।

पूर्व सभासद दीपक सेंगर की ओर से सभी को मतदान की शपथ दिलवाई गई। बीएलओ रूबी शुक्ला और सरिता कुशवाहा ने सभी को वोटर आईडी, मतदान पर्ची, वोटर हेल्पलाइन एप के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस वोटर जागरुकता रैली में प्राथमिक विद्यालय राजपुर शिवराजपुर के बच्चों ने पोस्टर, बैनर और स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ सड़कों पर नारे लगाते हुए जनता को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में संध्या यादव, पूजा सेक्सरिया, सुनीता कुशवाहा ने सहयोग करते हुए रैली को सफल बनाया।

# आसमान से बरस रही 'आग', सूखी पड़ीं नहरें

## आम के बागों में सिंचाई की जरूरत, नहरें व रजबहे सूखे, देवगांव रजबहे में सिल्ट से चोक हुआ माइनर

बेहाल अन्नदाता

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचार।** योगी सरकार लगातार किसानों के हित की बात कर रही है। जबकि, संबंधित विभाग के अफसर अपनी गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली से किसानों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वर्तमान में जब किसानों को सबसे अधिक पानी की जरूरत है तब नहरें सूखी पड़ी हैं। आम सहित उड़द व मूंगफली आदि फसलों की सिंचाई के लिए इस समय किसानों को नहर के पानी की बेहद जरूरत है। स्थिति यह है कि क्षेत्र की नहरों के साथ नाले भी सूखे पड़े हैं। उनमें अब तक पानी नहीं आया है। इससे क्षेत्र के हजारों किसान परेशान हैं। सिंचाई न होने से किसानों को उड़द, बाजरा व मक्का आदि फसल सूखने का डर सता रहा है। वहीं, अधिकांश आम बागवान भी बागों की सिंचाई इसी शारदा नहर से ही करते हैं। इसे लेकर किसानों ने सिंचाई विभाग के अफसरों से कई बार बात की है। लेकिन, स्थिति जस की तस बनी हुई है।

सफीपुर तहसील क्षेत्र के गांवों में शारदा नहर से मुख्य रूप से पानी सप्लाई किया जाता है। यह पानी क्षेत्र के सैकड़ों गांवों तक पहुंचता है। इसके अलावा शारदा नहर से सफीपुर व हसनगंज तहसील में भी करीब दो दर्जन रजबहों में भी पानी जाता है। जिससे सैकड़ों गांवों के किसानों को इसका लाभ मिलता है। लेकिन नहर में पानी न आने से किसान उड़द, बाजरा, मक्का, गन्ना व मूंग सहित अन्य फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह है कि सिंचाई न होने से खेतों में नमी खत्म हो गई है।


सिल्ट होने से अवरुद्ध पड़ा देवगांव रजबहा। अमृत विचार


सूखी पड़ी नहर। अमृत विचार

### देवगांव रजबहे की सिल्ट साफ न होने से माइनर हुई चोक

- नहर से निकले रजबहे से सिल्ट की सफाई न होने से माइनर चोक हो गई है। इससे सिंचाई करना लोगों के लिए मुसीबत बन गया है, जिसके तहत करीब एक दर्जन से अधिक गावों के किसानों की फसलें सूख रही हैं। निर्धन किसान ट्यूबवेल से सिंचाई नहीं कर सकता। इससे रजबहे की सफाई न होने से उनमें आक्रोश है।

### पानी न होने से सूखी पड़ी नहरें, ट्यूबवेल से कर रहे सिंचाई

- अटवा निवासी सावल कुमार, रैयामऊ निवासी संतोष यादव, गुरधरी निवासी सुनील, मवईलाल निवासी पूर्व प्रधान प्रतिनिधि भगवानदीन, खरगौरा निवासी अजय प्रताप सिंह, लहबरपुर निवासी पूर्व प्रधान नान्हे सिंह का कहना है कि किसानों की फसल पानी न आने से सूख रही है। आर्थिक रूप से मजबूत किसान तो ट्यूबवेल से खेत सींच रहे हैं। लेकिन, गरीब किसान डीजल महंगा होने से इसमें असमर्थ हैं। अगर वे ट्यूबवेल से सिंचाई कराते भी हैं तो इतनी लागत आ जायेगी कि उन्हें फसल तैयार होने पर घाटा उठाना पड़ेगा। ऐसे में इस समय नहर में पानी अति आवश्यक है। जिसे लेकर नहर विभाग के अफसरों से बात भी की गई लेकिन उन्होंने मामला उच्चाधिकारियों पर डालते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। मांग की गई कि जनप्रतिनिधि व सिंचाई विभाग इस पर ध्यान दे और जल्द से जल्द नहर में पानी छोड़े। ताकि खेतों की सिंचाई की जा सके।

### इन फसलों को हो रहा सर्वाधिक नुकसान

- नहर के सूखने से सर्वाधिक नुकसान आम की फसल को हो रहा है। क्योंकि पेड़ों में बौर आ चुका है और अमिया भी लगने लगी है। इस समय पानी की सबसे अधिक जरूरत आम बागानों को है। वहीं इस समय गन्ना, हरी सब्जियां, पिपरमिंट, मूंग व उड़द की फसल को भी पानी की बेहद जरूरत है।

### देवगांव रजबहे में आते हैं ये गांव

- देवगांव रजबहा अंतर्गत आने वाले गांव मुंडा, मून्नूखेड़ा, गुरधरी, ओसियां, रैयामऊ, रहीमाबाद, निबहा, अटवा, मवईलाल, मवईभान, ब्रजपालपुर, मीरनगर, निहालपुर, भैसहरा, देवगांव आदि से होते हुए रसूलाबाद माइनर में मिलता है। एक वर्ष से सफाई न होने से इसमें सिल्ट जमने से यह चोक हो गई है।

### बोले जिम्मेदार

- इसे लेकर सिंचाई खंड उन्नाव के क्षेत्रीय अवर अभियंता अतुल उपाध्याय ने कहा कि बीते वर्ष इसका प्राक्कलन शासन को भेजा गया था। लेकिन, धन प्राप्त नहीं हुआ था। इस वर्ष फिर से प्राक्कलन भेजा गया है। जो स्वीकृति हो गया है। खरीफ की फसल से पहले सफाई करवा दी जायेगी।

# नामांकन में आड़े आ रही बच्चों की 'उम्र'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव




- शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत छह वर्ष तक के बच्चों का कक्षा एक में होना है प्रवेश
- वहीं, इसके विपरीत पांच वर्ष से कम आयु में प्रवेश दिलाने को निजी विद्यालयों में जा रहे बच्चे

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षण स्टाफ को इस बार भी कक्षा एक में छात्र-छात्राओं के नामांकन कराने में पसीना छूट रहा है। एक ओर परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम की गाइडलाइन के तहत छह वर्ष तक के बच्चों का नामांकन होता है। वहीं, दूसरी ओर निजी विद्यालय प्री-नर्सरी व नर्सरी कक्षा में पांच व इससे कम आयु के बच्चों को भी प्रवेश दे रहे हैं। इससे नए शिक्षा सत्र में भी अपेक्षित नामांकन होना मुश्किल लग रहा है।

सत्र शुरू होते ही विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया तो शुरू है लेकिन, शिक्षक-शिक्षिकाओं को कक्षा एक में प्रवेश के लिए छह वर्ष आयु के बच्चे ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। हालांकि, शिक्षण स्टाफ ग्राम प्रधानों व निकायों के सभासदों के संपर्क में रहकर अभिभावकों से मिलकर नामांकन बढ़ाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। वहीं, शिक्षकों का कहना है कि पिछले सत्र में छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के प्रवेश कर लिए गए थे। जिससे इस बार भी निर्धारित आयु के बच्चे गावों में नहीं मिल पा रहे है। अभिभावक पांच वर्ष की आयु पूरी होते ही हरहाल में बच्चों को स्कूल भेजना चाहते हैं।

वहीं, परिषदीय विद्यालय पहुंचने पर छह साल का पूरा होने पर ही बच्चों को प्रवेश दिए जाने की बाध्यता बता शिक्षक हाथ खड़े कर देते हैं। इसके विपरीत निजी स्कूलों में प्री-नर्सरी, नर्सरी व केजी में इससे कम उम्र के बच्चों को भी प्रवेश दे दिया जाता है। जिससे परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक के बच्चों की संख्या पूरी कर पाना शिक्षकों के लिये टेढ़ी खीर बनता जा रहा है।

## एक नजर

### युवती ने जहरीला पदार्थ व वृद्धा ने पीया पेंट, रेफर

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर निवासी एक युवती ने जहां अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी वृद्धा ने घरेलू कलह के कारण घर में रखा पेंट पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सीएचसी लाए। जहां से डाक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नगर के हरदोई मार्ग स्थित पुरानी पानी की टंकी के पास रहने वाली राम विष्णु की 26 वर्षीय बेटी प्रीती ने शुक्रवार को घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी लाए। जहां उसे गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव साहिबापुर निवासी महारानी (65) पत्नी तुलई ने शुक्रवार को घरेलू कलह के चलते घर में रखा पेंट पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाए। उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली पुलिस ने गुरुवार देररात गस्त के दौरान नरायनपुर चौराहे के पास से ऋषभ पुत्र मनोज तिवारी निवासी पोनी रोड ब्रम्हनगर शुक्लागंज कोतवाली गंगाघाट को पकड़ा। जामा तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व 2 कारतूस बरामद हुए। जिसके बाद पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी पर आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट भेजा।

### महिला ने दर्ज कराई पति की गुमशुदगी

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मेदपुर निवासी फूला देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार रात उसके पति कन्हैया लाल क्षेत्र के गांव रायपुर एक निमंत्रण में गए थे। जहां से वे वापस नहीं आए। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला। पीड़िता ने कोई अनहोनी होने की आशंका जताई है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच की जा रही हैं।


महाप्रसाद व खजाना पाने को कल्याणी मंदिर में एकत्र श्रद्धालु। अमृत विचार

# मां कल्याणी मंदिर में बंटा खजाना और महाप्रसाद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर स्थित मां कल्याणी मंदिर में श्री मां कल्याणी मंदिर समिति द्वारा शुक्रवार को श्रद्धालुओं में खजाना वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान समिति की ओर से भक्तों को खजाना सहित महाप्रसाद भी बांटा गया।

नवरात्र के दिनों में वैसे तो रोज दर्शनार्थियों को प्रसाद वितरण का सिलसिला जारी रहा। इधर, मंदिर समिति परिवारों को खुशहाल बनाने की नियत से नवरात्र समाप्त होने पर खजाना व महाप्रसाद का वितरण करता है। मंदिर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा व आचार्य जुगल किशोर तिवारी द्वारा शुक्रवार को यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मौजूद भक्तों को पूजन कक्ष में रखने के लिए सिक्के व महाप्रसाद उपलब्ध कराया गया। इस दौरान मंदिर समिति सचिव कमलेश नाथ अवस्थी, उप सचिव गोपाल तिवारी, कोषाध्यक्ष सर्वेंद्र सिंह चौहान, अनूप वर्मा, यश शुक्ला, आर्यन चौहान, राजू वर्मा, योगेश तिवारी व अर्पित दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# महिला पर राहगीरों को पीटने का लगा आरोप

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** लाठी-डंडे से वाहन चालकों की पिटाई करने वाली दबंग महिला नगर के पड़ाव अड्डे पर दोबारा लौट आई है। वह डंडे के बल पर चालकों से जबरन टैक्स वसूली करने में जुट गई है। उसने बीते गुरुवार को एक राहगीर के सिर पर डंडे से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया।

सूत्रों के अनुसार नगर पालिका के पड़ाव टैक्स वसूली का ठेका सत्ता का संरक्षण प्राप्त लोगों की टीम ने ले रखा है। इस टीम द्वारा पड़ाव अड्डों पर अधिक से अधिक टैक्स वसूली के लिए अराजकतत्वों की मदद ली जा रही है। इसके तहत नगर के लखनऊ मार्ग पड़ाव अड्डे पर एक दबंग महिला को तैनात किया गया है। करीब तीन-चार माह पूर्व यह महिला ई-रिक्शा चालकों से एक दिन में कई-कई बार अवैधानिक ढंग से पड़ाव टैक्स वसूलती रही है और विरोध करने पर वह डंडे से चालकों को पीटती भी है। शिकायत होने पर कथित ठेकेदार/नेता ने उसे

- लोगों का आरोप है कि दबंग महिला वसूली न देने पर करती है वाहन चालकों की पिटाई

पड़ाव अड्डे से हटा दिया था। बताया जाता है कि अब वही महिला अपने गुर्गों के साथ दोबारा लखनऊ मार्ग पड़ाव अड्डे पर काबिज हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सुरसेनी के इकबाल पुत्र आशिक अली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका भतीजा सुहेब बीते गुरुवार बांगरमऊ आ रहा था। रास्ते में लखनऊ मार्ग स्थित पड़ाव अड्डे पर वाहनों की भीड़ से जाम लगा था। इस पर सुहैब ने टैक्स वसूली कर रहे कर्मियों से सड़क छोड़कर फुटपाथ पर वसूली करने को कहा तो अड्डे पर मौजूद दबंग महिला आग बबूला हो गई और उसने डंडे से सुहेब के सिर पर वार कर दिया। इसमें सुहेब लहूलुहान हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने उसके सिर में गहरा जख्म होने से खतरे की आशंका जता जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# गेहूं बिक्री के रुपये मांगने पर पिता पुत्र को पीटा

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** गेहूं बिक्री के रुपये मांगने पर व्यापारी ने किसान को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने व्यापारी समेत आधा दर्जन लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

कानपुर जिला के थाना शिवराजपुर अंतर्गत गांव राजेपुर निवासी मन्नीलाल ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उसने क्षेत्र के गांव तोरना निवासी राजा नामक व्यापारी को 85 कुंतल गेहूं बेचा था। जिसका पैसा उसने कई बार मांगा लेकिन राजा ने नहीं दिया। शुक्रवार को उसने अपने बेटे सर्वेश को पैसा लेने भेजा तो राजा की चक्की चला रहे लोगों ने उसे जमकर पीट दिया। सर्वेश ने घर पहुंचकर पूरी बात बताई तो वह उनके पास जा रहा था। तभी रास्ते में ही राजा ने अपने कई साथियो के साथ उसे रोक लिया और मारा पीटा। इसमें घायल मन्नीलाल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। जहां से एक्सरे के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सार-संक्षेप



दिव्यांग बेटे का नामांकन कराने पहुंची गुड्डी को फूल देकर स्वागत करते शिक्षक।

### दिव्यांग बेटे का दाखिला कराने पहुंची मां का किया स्वागत

**उन्नाव।** बिछिया ब्लाक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय (शिवपुर) पड़री के शिक्षण स्टाफ ने शुक्रवार को प्रधान शिक्षक संजय कनौजिया के साथ स्कूल चलो अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान बच्चे जहां लोगों को हरहाल में मतदान करने का संदेश देते रहे। वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने घर-घर संपर्क कर अभिभावकों से छह वर्ष आयु के बच्चों को विद्यालय पहुंचकर नामांकन कराने की अपील की। शिक्षकों की प्रेरणा से गुड्डी देवी अपने दिव्यांग बेटे अर्जुन का प्रवेश कराने विद्यालय पहुंची। जहां शिक्षकों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।


रोवर रेंजर्स को दी जाती ट्रेनिंग।

### रोवर रेंजर्स को दी गई मार्च पास्ट की ट्रेनिंग

**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर रेंजर्स के द्वितीय दिवस का प्रारम्भ व्यायाम से किया गया। इसके बादमार्च पास्ट की ट्रेनिंग दी गई। साथ ही झंडा लगाने व फहराने और सलामी का तरीका बताया गया। गाइड के नियम व गांठ बंधन का भी प्रशिक्षण दिया। जिसमें जुलाहा, डाक्टरी, खूंटा, लघुकर, लोटाफ़ांस का प्रयोग करके भी बताया। व्यायाम कराने के बाद ट्रेनर भरतलाल व शिवम सिंह ने प्राथमिक चिकित्सा में पट्टी बांधना, सिर व हाथ की चोट की पट्टी, स्टेचर निर्माण, घायल व्यक्ति को अकेले ले जाने की जानकारी दी। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सदानंद राय के संरक्षण में रोवर रेंजर्स, मिशन शक्ति व महाविद्यालय के कल्चरल क्लब के अंतर्गत मतदाता जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन व रोवर रेंजर्स से जन-जन को मतदान करने का आह्वान भी किया। इस दौरान डा. अभय राजपूत व डा. सुमन देवी के साथ छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

# एंबुलेंस में प्रसव, जच्चा-बच्चा सुरक्षित

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव ददलहा के मजरा बोड़ेपुरवा निवासी आरती पत्नी रामसागर को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने तत्काल सरकारी एंबुलेंस को फोन किया।

सूचना पर पहुंची 102 एंबुलेंस के कर्मी महिला को प्रसव के लिए नजदीकी सफीपुर सीएचसी ले जा रहे थे। तभी रास्ते में महिला के तेज पीड़ा होने लगी। इस दौरान महिला के परिजन भी एंबुलेंस में मौजूद थे। यह देख ईएमटी अनूप पायलट व अंकित ने एंबुलेंस को सनहा मार्ग किनारे रोका और एंबुलेंस में मौजूद संसाधनों से महिला का सुरक्षित प्रसव कराया।

प्रसव होने के बाद एंबुलेंस से जच्चा-बच्चा को सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिसमें दोनों स्वस्थ हैं। बताया गया कि महिला ने बेटे को जन्म दिया है। यह उसका दूसरा बच्चा है।


एंबुलेंस में मौजूद स्टाफ व महिला।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी हुआ घायल

**उन्नाव।** उन्नाव-लालगंज हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई वहीं पीछे बैठा साथी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची अचलगंज पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के जाजनपुर गांव निवासी सतीश (28) पुत्र बजरंग सहाय गुरुवार शाम गांव के ही साथी अतीश के साथ किसी काम से उन्नाव जा रहा था। अचलगंज थानाक्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाइवे पर पचोड्डा गांव में हनुमान मंदिर के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सतीश व अतीश सड़क पर गिर कर घायल हो गए। अस्पताल ले जाने से पहले सतीश की मौत हो गई। परिजनों को घटना की जानकारी देकर शव मोर्चरी भेजा है।

# लाल-लाल चुनरी सितारों वाली...

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मुर्तजा नगर में स्थापित ठाकुर द्वारा मंदिर परिसर में आयोजित विशाल मेला में मां भगवती का जागरण कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य विनोद नेगी द्वारा आयोजन समिति के सर्वेश सिंह, रत्नेश सिंह आदि से तीन मंजिला भव्य देवी दरबार का पूजन-अर्चन कराते हुए किया गया।

इंडियन इवेंट साल्यूशन्स द्वारा आमंत्रित जागरण पार्टी के गायक सोनू सितारा ने मां का आह्वान व गणेश स्तुति कर शमां बांधते हुए पंडाल में मौजूद श्रोताओं को भक्ति से भर दिया। भजन गायिका खुशबू ने 'लाल-लाल चुनरी सितारों वाली...' प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान श्रोता भी भक्तिभाव में झूमते रहे। इसी तरह गायिका सुमन व सुशील सांवरिया के गीत भी श्रोताओं ने पसंद किए। श्याम अंकित म्यूज़िकल बैंड के श्याम बंगाली, अंकित खोटे, सत्यम व अमोल ने संगीत संगत का गीतों से बेहतरीन तालमेल करते हुए श्रोताओं को भक्ति सागर में गोते लगवाए। वहीं अमर महाकाल झांकी टीम ने गणेश जी, सिंदूरी हनुमान, बाहुबली हनुमान, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, 32 मुखी काली मां, प्राकृतिक अजगर के साथ भोलेनाथ व भष्म आरती आदि की झांकियां प्रस्तुत कर दर्शकों को रोमांचित किया।

इंडियन इवेंट साल्यूशन्स के डा. मनीष सेंगर व राहुल कश्यप आदि ने सुबह ताराराणी की कथा के बाद आयोजकों से आरती कराकर उन्हें अंगवस्त्र भेंट किए। जागरण में शामिल होने पहुंचे चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू का सम्मान करते हुए आयोजकों ने प्रतीकचिन्ह भेंट किया। इस आयोजन में शैलेंद्र श्रीवास्तव, राकेश सिंह, बबलू सिंह व अनुराग मोहन आदि ने सहयोग किया।


जागरण में भजन प्रस्तुत करती गायिका।

हाल-ए-नगर पालिका

वर्षों से खराब पड़े हैंडपंप खोते जा रहे हैं अस्तित्व, प्यास बुझाने के लिए भटकते रहते हैं राहगीर

# पालिका के हैंडपंपों का सूख रहा 'कंठ', दावा भरपूर पानी का

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहरियों व यहां दूर-दूर से आने वाले लोगों को पीने का पानी मुहैया कराने वाले अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं। वहीं नगर पालिका परिषद द्वारा प्याऊ का संचालन भी नहीं शुरू कराया जा सका है। इससे लोगों को मजबूरी में हलक तर करने के लिए पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। कोर्ट-कचहरी सहित अन्य कामकाज निपटाने शहर पहुंचने वालों को प्यास बुझाने पर होने वाला खर्च काफी कष्टकारी साबित होता है।

अब शासन नगर पालिका परिषद को शहरी क्षेत्र के लिए हैंडपंप नहीं आवंटित करता है। इससे सीमा क्षेत्र में विकसित हो रही आबादियों में पाइप लाइन का विस्तार न होने तक पालिका हैंडपंप नहीं लगवा पा रही है। क्योंकि शहर को अमृत पेयजल योजना के अंतर्गत शामिल होते ही शासन ने नए हैंडपंप आवंटित करना बंद कर रखा है। पहले लग चुके हैंडपंप को पालिका रीबोर भी नहीं करा रही है। जिससे एक बार पानी देना बंद हो जाता है वह हैंडपंप दोबारा उपयोगी नहीं बन पाता है। शहर से होकर गुजरने वाले लखनऊ-कानपुर हाईवे, हरदोई रोड, एसपी आफिस, कब्बाखेड़ा रोड, आईबीपी चौराहा-हुसैननगर रोड व छोटा चौराहा-लोकनगर मार्ग पर दशकों पूर्व लगवाए गए दर्जनों हैंडपंप खराब पड़े हैं। लेकिन पालिका इनका रीबोर नहीं करवा रही है। इन मार्गों पर स्टैंड पोस्ट का भी अभाव है। वहीं गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ने के बाद भी पालिका द्वारा अब तक प्याऊ भी संचालित नहीं कराए जा सके हैं। इन दिनों में हो रही कड़क धूप कुछ ही देर में राहगीरों का गला सुखाने लगती है। जिसे तर करने के लिए लोगों को बिना जेब हल्की किए पानी नहीं नसीब होता है। इसके चलते गावों से अपने काम के संबंध में शहर आने वालों को पानी के लिये रकम खर्च करनी पड़ रही है। इसे लेकर नगर पालिका के जलकल विभाग के जेई विवेक वर्मा ने कहा कि यांत्रिक रूप से खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाती है। बताया कि रीबोर शासन से बजट मिलने पर ही कराया जा सकता है। शासन स्तर से आवंटन होने पर नए हैंडपंप भी लगवाए जाएंगे।


शास्त्री तिराहा के पास खराब पालिका का इंडिया मार्का हैंडपंप। अमृत विचार

## एक नजर

### किशोर ने लगाई फांसी

**उन्नाव।** अचलगंज थानांतर्गत किशोर अपने घर में रस्सी के फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। परिजन उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके। साथ ही पोस्टमार्टम कराने से भी इंकार कर दिया। अचलगंज क्षेत्र के अवंती बाई नगर वार्ड-13 निवासी बुद्धीलाल का 15 वर्षीय बेटा तुषार शुक्रवार देरशाम घर के अंदर कमरे में रस्सी के फंदे से लटक गया। परिजनों ने उसे लटका देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने भी जांच की लेकिन पिता ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

### बहू पर जेवर चोरी का आरोप

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी सास ने अपनी बड़ी बहू पर बक्सा का ताला तोड़कर जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है। वृद्धा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र की लाल कुआं चौकी अंतर्गत गांव दुंदपुर निवासी सुपाता देवी पत्नी सुरेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 11 अप्रैल को वह अपने बक्से में ताला बंदकर एक रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में गई थी। लौटने पर उसे बक्सा का ताला टूटा मिला और उसमें रखे जेवर गायब थे।

# दो पक्षों में जमकर हुआ विवाद, पत्थर लगने से किशोर की चली गई जान

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा, घटना के बाद मृतक के परिजन हुए बेहाल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● अचलगंज थाना क्षेत्र की बदरका चौकी का मामला



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र की चौकी बदरका अंतर्गत सुपासी गांव में शुक्रवार दोपहर एक ही परिवार के दो पक्षों में किसी बात को लेकर जमकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट के साथ ईंट-पत्थर चलने लगे। इस दौरान एक पत्थर पड़ोस में रहने वाले किशोर के सीने पर जा लगा। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। घटना से मृतक के परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।



लाल मोहम्मद।

बता दें कि बदरका चौकी क्षेत्र के सुपासी डेरा गांव निवासी टुइया पुत्र नसरुल्लाह व जुबेर पुत्र अकबर का परिवार के कमुआ पुत्र बादुर, सुहेल पुत्र सईद से शुक्रवार दोपहर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में गालीगलौज के बाद लाठी-डंडे चलने लगे। उसी समय पड़ोस में रहने वाले भिक्खु का 11 वर्षीय बेटा लाल मोहम्मद भी वहां झगड़ा देखने पहुंच गया। तभी एक पत्थर उसके सीने में जा लगा। जिसमें किशोर गंभीर घायल होकर सड़क पर गिर गया। इसकी जानकारी लोगों ने अचलगंज पुलिस को दी। सूचना पर एसओ संजीव कुशवाहा मौके पर पहुंचे और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर मौत की जानकारी होने पर भिक्खु के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। एसओ ने बताया कि गांव में शांति बनी हुई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# एक फैक्ट्री मालिक ने दूसरे पर लगाया तोड़फोड़ का आरोप

**उन्नाव।** कानपुर जिला देहली सुजानपुर के रहने वाले रणविजय श्रीवास्तव व जाजमऊ के खुर्शीद की अचलगंज थानांतर्गत बंथर औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री है। रणविजय ने बताया कि उनकी फैक्ट्री के बगल में कानपुर के रेल बाजार निवासी सलीम व जाजमऊ निवासी दिलशाद की भी फैक्ट्री है। उन दोनों की फक्ट्रियों में चमड़े का काम होता है। बीती 17 अप्रैल की रात एक बजे सलीम व दिलशाद 25 लोगों के साथ उनकी फैक्ट्री पहुंचे और असलहों के दम पर जमकर तोड़फोड़ की। वहां तैनात गार्ड मोहर्रम व कालेमान के विरोध करने पर उन लोगों दोनों को जमकर पीटा। आरोप है कि अपने पति मोहर्रम को पिटता देख उसकी पत्नी नफीसा कार्यालय में छिप गई तो उन लोगों ने वहां का दरवाजा तोड़ दिया और नफीसा को भी पीटा और कपड़े फाड़ डाले। वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया।

## सार-संक्षेप

### आज आएगा हाईस्कूल व इंटर का रिजल्ट

**उन्नाव।** माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम शनिवार दोपहर जारी करेगा। परिषद के सचिव ने बताया कि दोपहर दो बजे परिषद द्वारा दोनों परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर अपलोड किये जाएंगे। जिसे यूपीरिजल्ट्स.निक.इन, यूपीएमएसपी.ईडीयू.इन वेबसाइट पर देखा जा सकेगा। परीक्षा कराने से पहले ही बीते शिक्षा सत्र का परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द घोषित करने के उपाय शुरू हो गए थे। जिससे पास होने वाले छात्र-छात्राओं को अगली कक्षाओं में प्रवेश लेने में होने वाली प्रवेश परीक्षा में सफल रहने पर एडमीशन कराने में दिक्कत न उठानी पड़ें। वहीं सत्र आरंभ के समय ही राजकीय हाईस्कूल व इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्यों को निजी स्कूलों से प्रतिस्पर्धात्मक परिणाम प्राप्त करने को निर्देशित किया गया था। इसलिए परीक्षा परिणाम घोषित होने पर राजकीय विद्यालयों की ग्रेडिंग भी तय हो सकेगी।

### विद्युत पोल से टकराई बाइक, एक की मौत व दूसरा गंभीर

**उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र के छेदाखेड़ा गांव निवासी दीपक (22) पुत्र दिलीप पंजाब के लुधियाना शहर में मजदूरी करता था। बीते मार्च माह में उसकी शादी हुई थी। तब से वह गांव में था। शुक्रवार दोपहर गांव में रहने वाले ममेरे भाई सूरज (20) के साथ किसी काम से पुरवा आया था। जहां से दोनों घर लौट रहे थे। बाइक दीपक चला रहा था। तभी बिहार थानांतर्गत पुरवा मार्ग के भदिहा गांव स्थित शारदा नहर पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। इसमें पोल टूटकर दोनों पर गिर गया। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस उन्हें सीएचसी लाई। जहां डॉक्टर ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सूरज को प्राथमिक इलाज देकर जिला अस्पताल भेज दिया गया। बेटे की मौत से मां संगीता, पत्नी पुष्पा, पिता दिलीप, छोटा भाई राहुल व बहन काजल बेहाल हैं। दिलीप के पिता ने बिजली पोल टूटने के बाद करंट लगने से मौत का अंदेशा जताया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### दूसरे दिन दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

**उन्नाव।** लोकसभा चुनाव-2024 के लिए जारी नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन जहां दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) कक्ष पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं बसपा प्रत्याशी अशोक पांडेय सहित छह प्रत्याशियों के लिए 12 नाम निर्देशन पत्र जारी कराए गए, जिसमें चार नामांकन पत्र बसपा प्रत्याशी के लिए जारी हुए हैं। इस तरह दो दिन में कुल 18 प्रत्याशियों के लिए 40 नामांकन पत्र जारी हुए हैं। नामांकन के दूसरे दिन जन राष्ट्रवादी संगठन के महेंद्र कुमार ने एक, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के अरविंद कुमार ने दो व बहुजन मुक्ति पार्टी के दुर्गा प्रसाद ने दो-दो, निर्दलीय सोनू सिंह दो व अशोक कुमार ने कलक्ट्रेट के कक्ष संख्या-एक स्थित डीईओ कार्यालय से एक नाम निर्देशन पत्र जारी कराया है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों शिव प्रकाश सिंह व उमेश ने प्रस्तावकों सहित पहुंचकर डीईओ गौरांग राठी को अपने नामांकन पत्र सौंपते हुए नाम निर्देशन कराया है। नामांकन कराने वाले दोनों ही उम्मीदवार बिना कोई खास तामझाम के कलक्ट्रेट गेट पहुंचे, जहां सुरक्षाकर्मियों सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन कर मेटल डिटेक्टर से गुजारते हुए डीईओ कार्यालय जाने दिया।



नामांकन पत्र सौंपते निर्दलीय उम्मीदवार।

### एचटी लाइन से निकली चिंगारी से चार बीघा गेहूं की फसल जली

**बिछिया।** सदर तहसील क्षेत्र के गांव तुर्कमान नगर में शुक्रवार दोपहर एचटी लाइन में तेज हवा के चलते शार्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी से आग लग गई। जिसमें गांव निवासी किसानों गंगाराम, बसंत, हरिनाम, राजेंद्र, रजनेंद्र व शकुंतला की करीब चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे लेखपाल शिव प्रकाश जायसवाल ने बताया कि नुकसान का आकलन किया गया है। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारी को भेजी गई है।

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित 37 माइक्रो आर्ब्जवर्स पर एफआईआर के निर्देश

**उन्नाव।** सकुशल लोकसभा सामान्य निर्वाचन संपन कराने के लिए तैनात माइक्रो आर्ब्जवर्स को संत पूरनदास नगर स्थित एसवीएम इंटर कालेज में प्रशिक्षण दिया गया। कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 37 आर्ब्जवर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण में शामिल सभी माइक्रो ऑब्ज़र्वर को कार्मिक प्रभारी दायित्वों को ठीक से समझकर कुशलता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। निष्पक्ष व पारदर्शी निर्वाचन संपन कराने में माइक्रो आब्सर्वर्स की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। इसलिए उन्हें आयोग की गाइड लाइन भलीभांति मालूम होनी चाहिए। मौजूद माइक्रो आर्ब्जवर्स से सुझाव लेते हुए जिले में तैनात प्रेक्षकों को रिपोर्ट करने के निर्देश भी दिए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अभियंता जयसिंह ने माइक्रो आर्ब्जवर्स को एलईडी के माध्यम से प्रशिक्षित किया। प्रोजेक्टर संचालन जेई एमआई दिलीप कुमार ने किया।

### अधिक किराया वसूलने की शिकायत पर कंडक्टर से स्पष्टीकरण तलब

**पुरवा।** नगर के मोहल्ला राजाबाजार निवासी शरद तिवारी ने बताया कि वह बीती 12 अप्रैल की शाम 7 बजे उन्नाव बस स्टैंड से मौरावां रोडवेज बस में पुरवा आने को बैठा था। जहां कंडक्टर से पुरवा का टिकट बनवाने को 50 रुपये की नोट दी। कंडक्टर ने 37 रुपये का टिकट दिया। बाकी रुपये मांगने पर छुट्टा न होने की बात कह टिकट के पीछे 13 रुपये बाकी लिख दिया। आरोप है कि पुरवा पहुंचने पर बकाया रुपये मांगे तो कंडक्टर ने 10 रुपए वापस किये। पूरे रुपये मांगने पर कंडक्टर ने अभद्रता कर 40 रुपये किराया होने की बात कही और रुपये नहीं दिये। जिस पर यात्री ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से इसकी शिकायत की। मामले का संज्ञान लेकर एआरएम ने आरोपी बस कंडक्टर से स्पष्टीकरण तलब किया है।

### वार्ड 19 में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर चला अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर एक माह तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी वार्ड 19 में पहुंचे। जहां वृहद स्तर पर साफ सफाई की। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर गुरूवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 19 गोताखोर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाडू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई गई।

# अनियंत्रित कार दुकान में घुसी, तीन लोग घायल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार रात बैराज मार्ग की ओर से आ रही एक कार के चालक को झपकी आ गई। जिससे कार अनियंत्रित होकर मरहला चौराहे के पास एक स्वीट की दुकान में घुस गई। जिससे दुकान का सारा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही कार में सवार तीन लोग घायल हो गये।

उन्नाव पीडी नगर निवासी एक युवक कार से बैराज माग्र होते हुये आजाद मार्ग की ओर जा रहा था, तभी रात करीब साढ़े तीन बजे मरहला चौराहे के पास चालक को झपकी आ गई। जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे मीरा स्वीट्स पर जा घुसी। कार की भिड़ंत में दुकान में रखे मेटल के दो काउंटर और एक गैस भट्ठी टूट गई। दुर्घटना में कार सवार तीन लोग घायल हो गये। दुर्घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घायलों को इलाज के लिये भेजा गया है।

### डिवाइडर पर चढ़ी कार हादसा टला

**शुक्लागंज।** आजाद मार्ग स्थित महेश खेड़ा गांव के पास शुक्रवार दोपहर एक कार अनियंत्रित हो गई। जिससे डिवाइडर पर चढ़ गई। जिससे कार में सवार लोग बाल बाल बच गये। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे मरहला चौराहे से हाइवे की ओर जा रही कार आजाद मार्ग स्थित महेश खेड़ा के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ कर दूसरी ओर पहुंच गई। जिससे कार में सवार लोग बाल बाल बच गये। दुर्घटना को देख आस पास के लोग दौड़े और किसी तरह कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। पुलिस को सूचना दी गई। इस दौरान कार चालक कार लेकर चले गये।

# ब्रिज इंजीनियर ने गंगापुल का किया निरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● 99 साल पुराना रेलवे पुल होने पर विभाग बरत रहा विशेष सतर्कता

● 160 किलो मीटर प्रति घंटे की गति से रेलवे पुल पर चलाई जानी हैं ट्रेनें



रेलवे पुल का निरीक्षण करते चीफ ब्रिज इंजीनियर एसके सपरा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मानसून से पहले गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की हकीकत देखने के लिये शुक्रवार को दिल्ली से रेलवे ब्रिज के इंजीनियर पहुंचे। जहां उन्होंने पैदल ही रेलवे पुल का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही रेलवे पुल के नीचे जाकर भी हकीकत देखी। इस दौरान रेलवे पुल पर जो भी खामियां मिली। उसे संबंधित विभाग से दूर करने के निर्देश दिये। जिससे रेल संचालन में कोई समस्या न आ सके।

कानपुर लखनऊ और लखनऊ कानपुर रेल रूट पर ट्रेनों का अधिक भार है। इधर कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनें भी चलाई जानी हैं। वहीं रेलवे विभाग मानसून से पहले सभी छोटे-बड़े पुलों की रूटीन चेकिंग भी शुरू करा दी है। जिसे देखते हुये बुधवार दोपहर रेलवे के चीफ ब्रिज इंजीनियर एस के सपरा सड़क मार्ग से गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां लखनऊ के सहायक ब्रिज इंजीनियर एके सचान, डीईएन पीयूष मिश्रा, एईएन राहुल जबरेवाल के साथ पैदल ही रेलवे पुल पर पहुंचे।

जहां उन्होंने रेलवे पुल की बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान वह रेलवे पुल के जीने से नीचे पहुंचे। जहां नीचे भी पुल की हकीकत देखी। इस दौरान मामूली खामियां मिलने पर उन्हें दूर करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मानसून से पहले बड़े पुलों का मुआयाना मुख्य इंजीनियरों की टीम के जिम्मे होता है। अक्टूबर तक मानसून रहता है। मानसून से पहले पुल की हकीकत देखी जा रही है।

### हाईस्पीड ट्रेनों के लिये तैयार हो रहा है ट्रैक

कानपुर लखनऊ रेल रूट पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें चलाई जानी हैं। उसी को लेकर रेलवे विभाग अप और डाउन लाइन का ट्रैक तैयार करा रहा है।

### 1925 में तैयार हुआ था रेलवे पुल

चीफ ब्रिज इंजीनियर ने बताया कि वर्ष 1925 में रेलवे पुल तैयार हुआ था, जो 99 वर्ष पुराना हो चुका है। इसके बावजूद अभी भी पुल पूरी तरह से मजबूत है। ऐहतियात के तौर पर रेलवे पुल पर कॉसन से ट्रेनें गुजारी जा रही हैं।

### फोर लेन होगा रेलवे ट्रैक

कानपुर लखनऊ के बीच ट्रेनों का अधिक भार होने के कारण फोरलेन ट्रैक बनवाया जायेगा। जिसको लेकर सर्वे कार्य भी हो चुका है। जिससे टू लेन वाला ट्रैक फोरलेन बनवाया जायेगा।

# मरहला चौराहे पर की सघन चेकिंग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव




मरहला चौराहे पर कार की चेकिंग करती टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये चुनाव आयोग के निर्देश पर गंगाघाट क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके लिये अधिकारियों ने उड़दस्ता के मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चेकिंग की गई। जहां टीम ने कार चालकों को रोककर उनसे पूछताछ करने के साथ ही चेकिंग की।

चुनाव आयोग के निर्देश पर डीएम, एसपी ने अवैध रूप से प्रचार सामग्री और भारी मात्रा में नकदी, शराब आदि को देखते हुये चेकिंग के निर्देश दिये। जिसे देखते हुये शुक्रवार सुबह उड़नदस्ता के मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला टीम के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने आजाद मार्ग, बैराज मार्ग व फोरलेन से आने जाने वाले संदिग्ध चौपहिया वाहनों को रोका। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों से पूछताछ की।

जिसके बाद पुलिस ने वाहनों की चेकिंग की। इसके साथ ही वाहनों के नंबर भी नोट किये। मजिस्ट्रेट ने बताया कि वाहनों में आधिक मात्रा में देशी या अंग्रेजी शराब, दस हजार कीमत से अधिक की प्रचार सामग्री ले जाना प्रतिबंधित है। अगर किसी वाहन में यह सामग्री पायी जायेगी तो विधिक कार्रवाई के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया जायेगी। चेकिंग के दौरान कोई कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# सड़क हादसों में दो लोगों की हुई मौत और दो हुए घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली व बिहार थानाक्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और एक मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। जबकि, दूसरे के परिजन बिना पुलिस को सूचना दिये शव लेकर घर चले गए।

**अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, युवक की मौत :** बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव जिरिकपुर निवासी कुलदीप (26) पुत्र आनंद चार दिन पूर्व बाइक से पड़ोसी गांव मदार नगर आया था। वह शाम को वापस घर जा रहा था। तभी रास्ते में गांव सहबाजपुर मोड़ पर अचानक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार सुबह उसे गंभीर देख परिजन सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव घर ले गए।



बेसुध बैठी घायल दिनेश की पत्नी व बेटी।

# एक सप्ताह में मिले दो शव शिनाख्त नहीं

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी के अलग-अलग स्थानों में एक सप्ताह के भीतर दो अज्ञात शव मिले। पुलिस शिनाख्त कराने के लिये बराबर प्रयास कर रही है।

सोमवार को जाजमऊ चौकी क्षेत्र के चंदन घाट के पास एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का संदिग्ध हालत में शव पाया गया था। वहीं गुरुवार को अखलॉक नगर निवासी सैफ के खाली पड़े मकान में आस पास के लोगों ने एक 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा देखा गया था। अभीतक उसकी भी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिये उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है।

राजनीति | मोदी के नेतृत्व वाली सशक्त सरकार कराएगी पाक अधिकृत कश्मीर के विलय का प्रयास

# यह अभी झांकी है, आगे पूरी पिक्चर बाकी है : केशव प्रसाद

संवाददाता पुरवा उन्नाव



बूथ अध्यक्षों का हौसला बढ़ाते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या। अमृत विचार



बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में शामिल भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार देश को 100 वर्ष आगे ले जाने की नींव रखेगी। वर्ष-2014 से अब तक भाजपा गठबंधन लगातार पहले से अधिक ताकत वाली सरकार का गठन करती आ रही है। इसलिए इस बार भी भाजपा लक्ष्य के मुताबिक 400 से अधिक सीटें जीतकर केंद्र में सरकार बनाएगी। यह तो अभी झांकी है, आगे पूरी पिक्चर बाकी है।

यह बात उन्नाव के मौरावां में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत के स्तंभ हर के बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर भाजपा को पहले से अधिक वोट दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। वर्ष-2019 में मिली अभूतपूर्व जीत के बाद भाजपा ने धारा 370 हटाई, उसी तरह वर्ष-2024 में मोदी के नेतृत्व वाली सशक्त सरकार पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में शामिल कराने के लिए गंभीरता से प्रयास करेगी। दावा किया कि बीते 10 वर्षों में किसानों की स्थिति सुधरी है। अगले पांच वर्षों में देश के अन्नदाता आत्मनिर्भर व समृद्ध बनेंगे। इसलिए लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि पर सभी को भाजपा की जीत का अंतर बढ़ाने को मतदान करना चाहिए। भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज ने प्रधानमंत्री की कथनी व करनी में अंतर न होने की बात कही। कहा कि बीते 10 वर्ष में उन्होंने सभी को विकास से जोड़ने में कामयाबी प्राप्त की है। अगले पांच वर्ष में भी सकारात्मकता पूर्वक देश को वैभवशाली बनाएंगे। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी व क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया। संचालन रजनीश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, सौरभ मिश्रा, चुनाव संयोजक भगवती रावत, भाजपा नेता शशांक शेखर सिंह सनी, प्रवीण सिंह नूतन, मनीष जायसवाल, अनुराग अवस्थी, चेयरमैन विवेक सेठ, ब्लाक प्रमुख दिलीप दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष गंगाप्रसाद वर्मा, संदीप शुक्ला, पुरवा प्रमुख सतीश चौधरी व असोहा प्रमुख आनंद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा दूल्हा

अमृत विचार फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार



अवधेश।



बाबूलाल।

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत उन्नाव-हरदोई मार्ग पर गुरुवार देररात बारातियों को लेकर जा रही एक स्कूली बस ने कार में सामने से टक्कर मार दी थी। इसमें दूल्हे के भाई समेत दो की मौत हो गई थी। सूचना पहुंचने पर आनन-फानन शादी की रस्में पूरी की गईं। फेरे लेने के तुरंत बाद दूल्हा बिना दुल्हन को लिये सीधे पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गया था। इसके बाद दुल्हन के पिता ने बेटी को उसकी ससुराल पहुंचाया। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद जब दूल्हे के भाई का शाव जब घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। इसके बाद खुशी-खुशी बारात में शामिल होने पहुंचे रिश्तेदारों को दूल्हे के भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होना पड़ा। वहीं, मृतक की पत्नी की तहरीर पर चालक के विरुद्ध लापरवाही से बस चलाने की रिपोर्ट दर्ज हुई है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लच्छीखेड़ा के रहने वाले रामकुमार के बेटे दीपू की बारात गुरुवार को बेहटामुजावर थानाक्षेत्र के गांव दशगान जोगीकोट गई थी। बारात में शामिल होने गांव के बाबूलाल रैदास (50), लखनऊ के बुद्धेश्वर निवासी बहनोई रोहित (30) की कार से जा रहे थे। कार में बाबूलाल का भाई नरेश (35), दूल्हे दीपू का बड़ा भाई अवधेश (30) व औरास थानाक्षेत्र के गांव पूरबखेड़ा निवासी फुफेरा भाई महेश (25) भी बैठा था। रोहित कार चला रहा था। अभी वे लोग उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत कठिघरा गांव के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही बारातियों से भरी बस ने कार में टक्कर मार दी थी। घायलों को सीएचसी लाने पर मौजूद डाक्टर ने बाबूलाल व अवधेश को मृत घोषित कर दिया था।

# 32 आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन, बिक्री पर रोक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** जांच में स्टेरायड और अधोमानक मिलने पर शासन ने 32 आयुर्वेदिक दवाइयों के उत्पादन व बिक्री को प्रतिबंधित कर दिया है। जांच के दौरान प्रतिबंधित दवाइयों के थोक और फुटकर बिक्री पाए जाने पर संबंधित पर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। अब तक प्रतिबंधित दवाओं की थोक और फुटकर बिक्री जनपद में होती रही है।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ.एनबी सिंह ने बताया कि आयुर्वेदिक औषधियों के नमूनों के परीक्षण रिपोर्ट में पाई गईं 22 मिलावटी एवं 10 नकली औषधियों के उत्पादन, आपूर्ति एवं बिक्री पर शासन द्वारा तत्काल रोक लगा दी गई है।

बताया कि समस्त क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारियोंध्औषधि निरीक्षकों



डॉ.एनबी सिंह।

● प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वालों पर होगी कार्रवाई

को ऐसी सभी मिलावटीध्नकली औषधियों को जब्त करते हुए उन्हें नष्ट करने का निर्देश दिए हैं। विभिन्न जनपदों से लिए गए नमूनों मे ज्वाला दाद, रूमो प्रवाही, सुंदरी कल्प सीरप, त्रयोदशांक गुग्गुल, वेदांतक वटी, एसीन्यूट्टा लिक्विड, आंवला चूर्ण, सुपर सोनिक कैप्सूल, बोस्टा 400 टेबलेट एवं बायना प्लस कैप्सूल नकली पाई गई। मिलावटी दवाओं में विश्वास गुड हेल्थ कैप्सूल आयुर्वेदा में बीटा मैथोसीन, पेननिल चूर्ण में आइबोप्रोफेन, एज-फिट चूर्ण में बीटामैथासोन, अर्मत आयुर्वेदिक चूर्ण में प्रेडनिसोलोन, स्लीमेक्स चूर्ण में प्रेडनिसोलोन, दर्द मुक्ति चूर्ण में डाइक्लोफेनिक, आर्थोनिल चूर्ण में डाइक्लोफेनिक एवं आइबोप्रोफेन, योगी केयर में बीटामैथासोन, माइकान गोल्ड कैप्सूल में प्रेडनिसोलोन, डाइबियन्ट शुकर केयर टैबलेट में ग्लीम्पैराइड, हाई पावरमूसली कैप्सूल मे सिलिडिनाफिल,डाइबियोग केयर में ग्लीम्पैराइड, झंडू लालिमा ब्लड एंड रिकन प्यूरिफायर में फ्लेवरड सीरप बेस सिस्टोन सीरप, लिव 52 में शास्त्रीय औषधि मंडूर भस्म व दारू हरिद्रा का प्रयोज्यांग समेत 32 आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन व बिक्री तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

## घुमंतू परिवार के बच्चों को पढ़ा रहा सेवा भारती

**सुलतानपुर।** आरएसएस से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा भारती ने शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की अनोखी पहल शुरू की है।

कोतवाली नगर के गोलाघाट पर बांस का कार्य करने वाले (धरिकार बिरादरी) के बच्चों को शिक्षित करने के लिए सेवा भारती की ओर से कक्षाएं शुरू की गई हैं। सेवा भारती के जिला महामंत्री डॉ सुनील त्रिपाठी ने बताया की राष्ट्रीय सेवा भारती की तरफ से महाराणा प्रताप बाल संस्कार केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसमें जो बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है, उनको शिक्षित किया जाएगा। सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री भी निशुल्क मुहैया कराई जा रही है। शुक्रवार की सुबह विभाग संचालक डॉ एके सिंह ने गोलाघाट स्थित केंद्र पर पहुंचकर बच्चो को प्रेरणादायक बातें एवं कहानियां सुनाई।

# मृत अतीक के नाम पर ध्वस्तीकरण का नोटिस

हाल-ए-पीडीए

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** माफिया अतीक अहमद जिंदा है। यह हम नहीं, प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से माफिया अतीक अहमद के नाम से जारी की गयी नोटिस बता रही है कि अतीक अभी तक जीवित है। प्राधिकरण ने अतीक अहमद के नाम से नोटिस जारी कर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की चेतावनी दी है। पीडीए ने

यह भी चेतावनी दिया कि आदेश पर अमल नहीं किया गया तो प्रयागराज विकास प्राधिकरण निर्माण को ध्वस्त कर देगा और आने वाले व्यय को अतीक अहमद से वसूल करेगा। पीडीए विभाग कि जारी इस नोटिस को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चल रही है।

> ध्वस्तीकरण के बाद वहां फिर से अवैध निर्माण की शिकायत मिली थी। ऐसे में भवन स्वामी के नाम से नोटिस जारी करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है नहीं था। इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया जाएगा।
>
> – **संजीव कुमार उपाध्याय,** जोनल अधिकारी, पीडीए

> मृत माफिया के नाम से नोटिस नहीं जारी किया जा सकता है। इस मामले को देखा जाएगा अवैध निर्माण की सूचना है। इस पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **अरविंद चौहान,** पीडीए, उपाध्यक्ष

पीडीए कि इस गजब कारनामे से विकास प्राधिकरण चर्चा में है। एक वर्ष पहले पुलिस अभिरक्षा में गोलियों से भून दिए गए अतीक अहमद को अवैध निर्माण रोकने के लिए पीडीए ने नोटिस जारी किया है। दरअसल हाईकोर्ट चौराहे पर अंबेडकर प्रतिमा के पास उत्तर की पटरी के पास स्वामित्व वाले नजूल भूखंड संख्या 571/2 सिविल लाइंस स्टेशन नंबर दो और को 4 वर्ष पहले पीडीए ने ध्वस्त कर दिया था। अतीक अहमद की मौत के बाद उस भूखंड पर एक बार फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। बाहर से टीन शेड लगाकर अंदर निर्माण कार्य कराए जाने की शिकायत मिलने के बाद पीडीए ने अतीक अहमद के नाम से नोटिस जारी कर अवैध निर्माण रोकने और खुद से ध्वस्त करने के लिए सचेत किया है। ज़ोनल अधिकारी की ओर से अतीक के नाम पर भेजे गए नोटिस में लिखा है कि 4 साल पहले 6 अगस्त 2020 को किए गए अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ कारण बताने और अवैध निर्माण रोकने के लिए कहा गया था, लेकिन आपकी ओर से निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में बांग्ला नंबर 2 पर अवैध निर्माण को स्वयं ध्वस्त कर इस कार्यालय को सूचित करें। जनरल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय ने नोटिस में कहा है कि बांग्ला नंबर 2 अवैध निर्माण तत्काल हटा ले अन्यथा किसी भी दिन उसे ध्वस्त कर दिया जाएगा। इस ध्वस्तीकरण में आने वाले व्यय को भी आपसे वसूल करेगा साथी यह भी कहा है कि इस बंगले में भवन स्वामी के वारिस या अन्य व्यक्ति रह रहे हो तो उसे तत्काल खाली कर दें। वह मकान अतीक अहमद के नाम से ही बना है।

### शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहे थे बिसंडा क्षेत्र, हो गया हादसा

# बोलेरो की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** एक ही बाइक से शादी में सामिल होने जा रहे तीन लोगों को बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों बाइकसवार घायल हो गए, जिसमें दो की मौत हो गई।

अतर्रा थाना क्षेत्र के बसरेही गांव निवासी मातादीन (62) पुत्र छितानी अपने रिश्तेदार राजकुमार (44) पुत्र मंगलवा निवासी बारामाफी पहाड़ी चित्रकूट अपनी बेटी के साथ गुरुवार की शाम बाइक पर बैठकर संता पुत्री रिजिया की शादी में शामिल होने के लिए बिसंडा थाना क्षेत्र के अमलोहरा गांव जा रहे थे।

बाइक सवार अभी ओरन के पास ही पहुंचे थे। तभी सामने से आ रही बोलेरो वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनो घायलों को अस्पताल लाए। वहां पर चिकित्सकों ने मातादीन और राजकुमार को मृत घोषित कर दिया।

जबकि घायल पूजा का उपचार किया जा रहा है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक राजकुमार परदेस में रहकर काम करता था। तीन दिन पहले ही वह अपने घर आया था। जबकि मातादीन भी मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।




● एक बाइक पर तीन सवार थे, पुत्री घायल हुई
● ओरन के समीप हुई सीधी टक्कर

### खंती में बाइक गिरने से युवक की मौत

बांदा : अतर्रा थाना क्षेत्र के बहादुर पुरवा अतर्रा निवासी कमलेश (35) पुत्र रघुराज गुरुवार की शाम को अपेन भतीजे सुनील (18) पुत्र अशोक के साथ बाइक में सवार होकर बेरांव गांव निमंत्रण में शामिल होने गए थे। निमंत्रण में शामिल होने के बाद वापस घर जाते समय रास्ते में ट्रक की रोशनी आंखों में लग गई। इसेस बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी। हादसे में कमलेश की मौत हो गई। जबकि सुनील घायल हो गया। घायल का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। मृतक के चचेरे भाई कैलाश ने बताया कि कमलेश किसानी करके वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

### बाइकसवारों को ऑटो ने 500 मीटर घसीटा, एक की मौत

**बांदा :** तेज रफ्तार के चलते लगातार हादसे हो रहे हैं। सीएनजी आटो ने बाइक सवारों को ओवरटेक किया। इस दौरान बाइक का हैंडिल आटो में फंस गया। बाइक सवारों को आटो पांच सौ मीटर दूर तक घसीट ले गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दो अन्य घायल हो गए। उनका उपचार किया जा रहा है। बदौसा थाना क्षेत्र के भुसासी गांव निवासी विजय (22) पुत्र मुन्ना अपने ममेरे भाई रजनीश निवासी पचोखर और भाऊराम (21) निवासी बेल्दान बिसंडा के साथ बाइक में सवार होकर चचेरे भाई मनीष पुत्र रामदुलारे की बारात में शामिल होने जरर गांव जा रहे थे। बाइक सवार अभी गिरवां के पास ही पहुंचे थे कि पीछे से आई आटो ने बाइक सवारों को ओवरटेक किया। इस दौरान बाइक का हैंडिल आटो में फंस गया। आटो बाइक सवारों को पांच सौ मीटर घसीट ले गई। इस हादसे में बाइक सवार तीनो लोग घायल हो गए। विजय की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दोनो घायलों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के फुफेरे भाई शिवविलास ने बताया कि विजय अपने पिता की इकलौती संतान था।

## बच्ची को अगवा कर बेरहमी से हत्या करने वाला गिरफ्तार

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र में मां के साथ घर में सो रही डेढ़ साल की मासूम बच्ची को अगवा कर बेरहमी से हत्या करने वाला उसका चचेरा चाचा निकला। वारदात के 48 घंटे के अंदर हंडिया पुलिस ने शुक्रवार को हत्याकांड का पदार्फाश कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

शुक्रवार को पुलिस लाइन में पत्रकारों के सामने पुरे मामले को डीसीपी गंगानगर ने बताया कि वेजाइनल स्वॉब की रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई जाएंगी और इसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करके फास्ट ट्रैक कोर्ट में आरोपी को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाएगी।

डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि हंडिया थाना क्षेत्र में हुई डेढ़ साल की मासूम बच्ची की हत्या के आरोप में सूरज उर्फ लल्ली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूरज और उसके चचेरे भाई में मारपीट की नौबत आ गई थी। इससे सूरज की पत्नी नाराज होकर अपनी बेटियों को लेकर मायके चली गई। इसी बात से सूरज नाराज था। वह बदला लेना चाहता था।

# बांग्लादेश के चार नागरिकों को पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र में क्लीनिक चलाने वाले फर्जी तरीके से रहे चार बांग्लादेशी नागरिको को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने इनके कब्जे से बांग्लादेश के तीन पासपोर्ट भी बरामद किए है। उन्नाव जनपद के मौरांवा कस्बे व रायबरेली के खीरों कस्बे सहित कई जगहों पर क्लीनिक चलाने वाले चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह अपने रिश्तेदारों के साथ यहां पर क्लीनिक चलाते थे। पुलिस को काफी समय से कस्बे में कुछ बांग्लादेशी रहने की सूचना मिल रही थी, लेकिन पकड़ ने नही आ रहे थे। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व कस्बे में ही जमीन खरीदकर मकान बनाने वाले कमल पुत्र दुलाल खीरो के अतरहर रोड क्लीनिक चलाता था उसकी के साथ मंतोष पुत्र नानत भी रहता था। वही तनमय पुत्र सफन हलदर क्षेत्र के महरानीगंज व इन सबको यहां लाने वाला प्रकाश हलदर पुत्र मुकुंद हलदर उन्नाव जनपद के मौरांवा में अपना क्लिनिक चलाता था। पुलिस को इनके ऊपर शक हुआ तो उसने अपनी तफ्तीश शुरू की। सबसे पहले पुलिस ने प्रकाश को उठाया और उसने सब कुछ बता दिया तभी तीन अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सभी से जब वैध पासपोर्ट मांगा तो वह नही दिखा सके।

कमल खीरो में अपने को बनर्जी बताता था जिससे किसी को कोई शक न हो और उसे बंगाली माना जाए। पुलिस इनके कब्जे से 1 पासपोर्ट, 4 आधार कार्ड, 2 वोटर कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस व 3 बांग्लादेशी पासपोर्ट बरामद किए है।

● रायबरेली और उन्नाव में चलाते थे दवाखाना

### आरोपी खुद को बताता था कमल बनर्जी

कस्बे में दवाखाना चलाने वाला कमल खीरो में पहले किराए के मकान में रहता और वह खुद को कमल बनर्जी बताता था जबकि उसकी दुकान आज भी किराए की है। बात यह है कि क्या कभी पुलिस ने कस्बे में रह रहे बाहरी लोगो की जांच पड़ताल नही की, अगर की तो इन्हें पकड़ क्यों नही पाई। वही किराए पर रखने वालो ने इसे कागज क्यों नही लिए। इन्हें क्लीनिक चलाने का अगर लाइसेंस दिया गया तो इनकी जांच क्यों नहीं हुई।

## बाइक चोर गैंग का खुलासा, दो गिरफ्तार चार बाइक बरामद

**गोंडा।** कोतवाली देहात पुलिस के मुताबिक शिवम पुत्र पातीराम निवासी ग्राम पिपरा खास थाना बरखेड़ा कला जनपद पीलीभीत हालपता खोरहंसा बाजार थाना को देहात ने 4 अप्रैल को थाना देहात पर सूचना दिया कि वह किराये के मकान में रहता है। घर के बाहर अपनी बाइक अपाची खड़ा किया था थोड़ी देर बाद किसी अज्ञात चोर ने बाइक चोरी कर कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया और चोरों की तलाशी शुरू की। पुलिस ने चोरी की आशंका में चन्दन उर्फ चन्दन भारती उर्फ चन्दन गौतम निवासी कटरा भोगचंद नवाबगंज तथा प्रकाश निवासी कानपुर नवाबगंज को बहदग्राम महादेईया, बबूल का जंगल के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 चोरी की मोटरसाइकिल व 1,000 रूपये बरामद किया। पुलिस के पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग अयोध्या, बलरामपुर से बाइक की चोरी करते थे और बेच दिया करते थे। आरोपी चंदन पर नवाबगंज व तरबगंज थाने में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# दूल्हे सहित बारातियों को पीटा, सात लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस लाइन के समीप गुरुवार की रात जाम में फंसे बारातियों और एक बाइक चालक के बीच विवाद हो गया। दबंग बाइक चालक ने साथियों को बुलाकर दूल्हे सहित सात लोगों की लाठी-डंडों से मारकर लहूलुहान कर नकदी, सोने-चांदी के जेवर लूटकर फरार हो गए। दूल्हा के पिता और बारातियों द्वारा घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

मध्यप्रदेश के जिला छतरपुर के कस्बा नौगांव निवासी कमलेश पुत्र लल्लू साहू की बारात गुरुवार की रात महोबा जिले के कबरई कस्बा जा रही थी। तभी हाईवे पर पुलिस लाइन रोड के समीप वाहनों का लम्बा जाम लग गया, जिससे बाराती गाड़ियों से बाहर निकलकर जाम खुलवाने का प्रयास करने लगे, तभी एक अज्ञात बाइक चालक आड़ी तिरछी बाइक चलाते हुए जाम से निकालने लगा। जगह न होने के कारण दूल्हे की गाड़ी के पीछे खड़ा हो गया और गाड़ी को हटाने की बात कहने लगा। वाहन चालक ने आगे जगह न होने की बात कहकर बात टाल दी। यह सुनकर दबंग बाइक चालक गालीगलौज करने लगा, जिस पर बारातियों ने विरोध किया।

● मध्यप्रदेश के नौगांव से कबरई जा रही थी बारात

## खड़े ट्रेलर से टकराई कार वृद्धा की मौत

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित हुई कार खड़े ट्रक से टकरा गई। इससे कार सवार दादी व पोता घायल हो गए। अस्पताल में दादी ने दम तोड़ दिया। अयोध्या जिले के दौलतपुर निवासी आविश श्रीवास्तव (25) अपनी दादी शोभा श्रीवास्तव (79) के साथ कार से जगदीशपुर जा रहे थे। शुक्रवार को जैसे ही वह हलियापुर थाना क्षेत्र के कूरेभार मोड़ पर पहुंचे तभी बाइक सवार को बचाने में उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए आगे खड़े ट्रक से टकराकर पलट गई।कार चालक आविश श्रीवास्तव तथा उनकी दादी शोभा श्रीवास्तव को चोट आई। उन्हें कुमारगंज ले जाया गया। जहां शोभा श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया गया।

# धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाले को राहत नहीं

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर प्रभु शिव के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाएं नागरिकों के लिए अत्यधिक महत्व रखती हैं और ऐसी भावनाओं को अपमानित करने या विघटित करने के उद्देश्य से किया गया कोई भी कार्य सहिष्णुता और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का गंभीर अपमान है। इसे 'जानबूझकर किया गया धार्मिक अपमान' माना जाएगा। कोर्ट ने माना कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य की जांच और मामले की गहन समीक्षा करने पर यह सिद्ध होता है कि याची द्वारा अपराध किया गया है। यह सत्य है कि लोकतांत्रिक समाज में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अत्यधिक महत्व दिया जाता है, लेकिन यह स्वतंत्रतापूर्ण अधिकार दूसरों की भावनाओं और विश्वासों का सम्मान करने की जिम्मेदारी के साथ आता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने ओवैस खान के खिलाफ समन आदेश,आरोप पत्र एवं संपूर्ण आपराधिक कार्रवाही को रद्द करने से इनकार करते हुए की। याची के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम की धारा 6 के तहत पुलिस स्टेशन छर्रा, अलीगढ़ में दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि उसने शिवलिंग की अपमानजनक तस्वीर साझा कर दूसरे समुदाय की धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने का दुर्भावनापूर्ण कार्य किया है। अतः इस आधार पर उसकी याचिका खारिज कर दी गई।

▶▶ प्रभु शिव पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी को जमानत देने से इनकार



### युवक को गलत ढंग से हिरासत में रखने पर 25 हजार रुपये मुआवजा देने का निर्देश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सब- डिविजनल मजिस्ट्रेट, जौनपुर द्वारा मनमाने ढंग से तीन दिनों तक अवैध रूप से एक व्यक्ति को हिरासत में रखने के कारण उसे 25 हजार रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने रमेश चंद्र गुप्ता उर्फ चंदू द्वारा दाखिल आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया, जिसमें दावा किया गया था कि याची को सीआरपीसी की धारा 151,107,116 के तहत दर्ज मामले में गैर कानूनी रूप से हिरासत में रखा गया था। दरअसल 9 जनवरी 2022 को सीआरपीसी की उक्त धाराओं के तहत थाना प्रभारी, जौनपुर ने याची का चालान कर दिया और उसे पूरी रात हिरासत में रखा। अगले दिन, 10 जनवरी को याची ने एसडीएम के समक्ष जमानत याचिका दाखिल की, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। 11 जनवरी को याची की ओर से संबंधित अधिकारी के समक्ष एक और जमानत याचिका दाखिल की गई, लेकिन इस पर 13 जनवरी को ही सुनवाई हो सकी।इसके बाद याची को रिहा कर दिया गया। याची का तर्क है कि अधिकारी के समक्ष 11 जनवरी को जमानत आवेदन दाखिल करने के बावजूद उन्होंने 13 जनवरी को सुनवाई की, जिसके कारण उसे अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखा गया। हालांकि अपर शासकीय अधिवक्ता का तर्क था कि याची की गिरफ्तारी शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के हित में उचित थी और वह किसी मुआवजे का हकदार नहीं है, लेकिन कोर्ट ने पाया कि याची को तीन दिनों की अवैध हिरासत में रखा गया था।अधिकारी ने उसे कारण बताओ नोटिस देने के बजाय केवल इस आधार पर जेल भेज दिया कि उसके द्वारा कोई जमानत याचिका दाखिल नहीं की गई थी। इसके अलावा दस्तावेजों से यह भी स्पष्ट होता है कि सीआरपीसी की धारा 116 के तहत मजिस्ट्रेट द्वारा आवश्यक जांच नहीं की गई। अत: इस प्रकार कहा जा सकता है कि याची के खिलाफ स्पष्ट प्रावधानों के खिलाफ कार्यवाही की गई है, इसलिए वह मुआवजे का हकदार है।

सियासत | गजरौला की जनसभा में राहुल-अखिलेश पर साधा निशाना, क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी का कमाल पूरी दुनिया ने देखा

# दोनों शहजादों को लोगों ने रिजेक्ट किया : मोदी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गजरौला में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अमरोहा की ढोलक की थाप दूर तक गूंजती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से अमरोहा की ढोलक को जीआई टैग मिला है। अब अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजा रहा है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव को दो शहजादों की जोड़ी करार देते हुए जमकर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को गजरौला में होटल हवेली के सामने भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ भी उनके साथ थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रथम चरण में हो रहे मतदान को लेकर लोगों से खुलकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने नवयुवकों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर भी जमकर कटाक्ष किए। कहा कि इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। अभी मैं द्वारका गया और समुद्र में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की, लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र के नीचे पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं। हमारी हजारों वर्ष की आस्था और भक्ति को ये लोग सिर्फ वोट बैंक के लिए खारिज कर रहे हैं। कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश में अपने आप को यदुवंशी कहने वाले नेताओं से मैं पूछना चाहता हूं कि आप भगवान श्रीकृष्ण और द्वारका का अपमान करने वालों के साथ कैसे रह सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में एक बार फिर दो शहजादों की फिल्म शूटिंग चल रही है। जिसे लोग पहले ही रिजेक्ट कर चुके हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनसभा को संबोधित किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया है, पूरी दुनिया में नए भारत के रूप में पहचान हो रही है। विकसित भारत के लिए काम हो रहा है।



गजरौला (अमरोहा) की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरि सिंह ढिल्लो, पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल व अन्य। ● अमृत विचार

# 'इंडिया गठबंधन मजबूरी का बंधन'

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** उरई में आए सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूरी का बंधन बन कर रह गया है। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए इशारों इशारों में कहा कि वह करें तो रास लीला, और हम करें तो कहते है कि हमारा कैरेक्टर ढीला है। बसपा, कांग्रेस हो या सपा दो-दो बार गठबंधन करते हैं और तोड़ते हैं। तब वह अपने को पलटू राम क्यों नहीं करते। हम अगर सपा को छोड़ अपने पुराने घर आ गए तो पलटू राम कहने लगे, उन्होंने कहा कि विपक्ष का चाल, चरित्र और चेहरा अलग-अलग है। देश की जनता विपक्ष के इस दुमुहे कार्यशैली को जन गई है, इसीलिए 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में एनडीए चार सौ पार का नारा सिद्ध करके रहेगी। उन्होंने कहा कि फिर तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधान मंत्री बनेंगे। इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन भानवती का पिटारा है, जिसमें शामिल राजनीतिक दल एक दूसरे को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इंडिया गठबंधन मजबूरी का बंधन बन कर रह गया है। गौरतलब है सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर शुक्रवार को अपने एक निजी कार्यक्रम में जनपद जालौन के मुख्यालय उरई आए। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कालूराम प्रजापति के आवास पर पहुंचे और उनकी माता रामप्यारी निधन पर शोक व्यक्त किया।



उरई में शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे ओम प्रकाश राजभर। अमृत विचार

● सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी राजभर ने कहा

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड: स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्द्रंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै: सह सन्धिं न कुर्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती है। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# वर्षा का पूर्वानुमान सुखद

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा में परिवर्तन हो रहा है। वर्ष-दर-वर्ष प्राकृतिक परिवर्तनशीलता भी हो रही है। देश के कुछ हिस्सों में 1950 के बाद से मानसूनी वर्षा में कमी आई है। देश का करीब 46 फीसदी कार्यबल कृषि क्षेत्र में काम करता है, इसलिए मानसून भारतीय कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए काफी मायने रखता है। कई राज्यों में बढ़ते तापमान और लू के मद्देनजर, भरपूर बारिश का पूर्वानुमान सुखद है। 1 जून से 30 सितंबर तक पूरे देश में कुल वर्षा का औसत 87 सेंटीमीटर औसत के साथ 106 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 1971 से 2020 तक के वर्षा के आंकड़ों के अध्ययन में नई दीर्घकालिक औसत और सामान्य शुरुआत की। भारत में अच्छे मानसून से जुड़ी ला नीना की स्थिति अगस्त-सितंबर के बीच विकसित होगी। आईएमडी के अनुमान और आकलन के अनुसार चूंकि बीते साल सामान्य से कम बारिश हुई थी, लिहाजा इस बार यह संभावना सुखद लग रही है। यदि बारिश सामान्य से अधिक हुई तो मानसून खरीफ की फसलों के लिए लाभकारी हो सकता है। सवाल उठता है कि क्या अब भी कृषि, किसान और उनके जरिए देश की अर्थव्यवस्था मानसून की बारिश के भरोसे है?

2002 और 2009 में कृषि का उत्पादन घटा था,क्योंकि बारिश कम हुई थी, लेकिन खाद्य सुरक्षा का कोई भी संकट सामने नहीं आया, लिहाजा उन दोनों अनुभवों को भूल जाना चाहिए। आईएमडी जून और जुलाई में बारिश की मात्रा को लेकर मौन है,लेकिन उम्मीद है कि उस समय "तटस्थ स्थिति" (न तो अल नीनो, न ही ला नीना) व्याप्त होगी। दो शुष्क मानसून महीने और आखिरी दो महीनों में मूसलाधार बारिश कृषि के लिए मुफीद हो सकती है,लेकिन इसके परिणामस्वरूप अत्यधिक बाढ़ आने की संभावना है। भारत प्राकृतिक आपदाओं के मामले में असुरक्षित है। आईएमडी के वर्तमान संकेत पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए। राज्यों को आपातकालीन योजनाएं बनानी चाहिए कि बुनियादी ढांचे मजबूत हों, लोगों की निकासी की योजनाएं तैयार रहें, बांधों की संरचनात्मक स्थिरता एवं उनके संकट-संकेतन नेटवर्क की पर्याप्त जांच-परख हो और व्यापक पूर्व-चेतावनी नेटवर्क मौजूद रहे। यदि मौसम विभाग का अनुमान सही साबित हुआ, भूजल को रिचार्ज करने का भी सकारात्मक प्रयास किया जा सकता है। बारिश के पानी को जमा करने और फिर उसे भूजल के तौर पर इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति हमारे देश में 100 फीसदी नहीं है। शोधकर्ता अभी भी जांच कर रहे हैं कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन से मानसूनी वर्षा की मात्रा कैसे प्रभावित होगी? कृषि की नियति जलवायु-परिवर्तन पर भी आश्रित होगी, इसके आसार दुनियाभर में बनते जा रहे हैं, लिहाजा मानसून की बारिश के पानी को सहेजना सीखें।

# जायंट किलर बन रही हैं सड़कें



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

**अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं।**

देश में एक तरफ सड़कों का निरंतर विस्तार हो रहा है तो दूसरी तरफ उस पर वाहनों की बढ़ती रफ्तार जन-धन की क्षति भी बढ़ाते जा रहा है। तेज रफ्तार की इस जिंदगी में पल-प्रतिपल मौत तेजी से जिंदगी से आगे निकलती जा रही है। अंधाधुंध रफ्तार के साइड इफेक्ट में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिदिन जाने-अनजाने लोग लगातार बिछड़ रहे हैं। सही कहते हैं कि काल का दूसरा नाम सड़क दुर्घटना हो गया है। पिछले एक दशक में देश में सड़क दुर्घटनाओं में 13 लाख से भी ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। सड़क परिवहन की इसी खतरनाक स्थिति पर चिंता जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कभी देश की सड़कों को 'राक्षसी हत्यारे' या जायंट किलर कहा था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपने रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं को "सबसे बड़े कातिल" की संज्ञा दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि हर साल दुनियाभर में सड़क हादसों में 1.2 मिलियन लोगों की मृत्यु हो जाती है और 50 मिलियन लोग इससे प्रभावित होते है। साल 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 1.68 लाख लोगों की मौत हो गई। वहीं लाखों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,इनमें से कई लोग ऐसे भी हैं,जिन्होंने अपने शरीर के अंग हमेशा के लिए खो दिए। प्रत्येक घंटे सड़क दुर्घटना में लगभग 19 लोगों की मौत होती है। भारत में दुर्घटनाओं की संख्या 2021 की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत बढ़ गई है और मरने वालों की संख्या 9.4 प्रतिशत बढ़ गई है। भारत को प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाला नुकसान भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग तीन प्रतिशत है। भारत में हरेक मिनट में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत होती है। लगभग 75 प्रतिशत दुर्घटनाओं का कारण वाहनों की तेज रफ्तार है। लगभग 42 प्रतिशत मामलों में पैदल चलने वाले होते हैं। लगभग 33 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं एक्सप्रेस वे सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई हैं। राज्य राजमार्गों पर लगभग 23 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुई हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली कुल मौतों में से 11 प्रतिशत भारत में होती हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण प्रत्येक 23 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु होती है। कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवर स्पीडिंग और गलत साइड पर गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। देश में दोपहिया वाहनों पर दुर्घटना के शिकार होने वाले 73 प्रतिशत लोग हेलमेट नहीं पहनते हैं,जबकि चार पहिया वाहनों में सीट-बेल्ट का प्रयोग नहीं करना है। गलत दिशा में ड्राइविंग के कारण लगभग छह प्रतिशत दुर्घटनाएं होती है। नशे में गाड़ी चलाना और गाड़ी चलाते समय फोन का उपयोग करना अन्य बड़े कारण हैं। भारत में अनिवार्य सीट बेल्ट नियम लागू करने के बावजूद, 2022 में इसे न पहनने के कारण लगभग 17 हजार लोगों की जानें चली गईं। इसका बहुत बड़ा उदाहरण उद्योग पति साइरस मिस्त्री की मौत है। हालांकि भारत में विश्व के लगभग 10 प्रतिशत वाहन ही हैं,लेकिन सड़क हादसों में एक चौथाई लोग भारत में जान गंवाते हैं। इसके पीछे अंधाधुंध रफ्तार,ट्रैफिक नियमों को तोड़ना,नशे में गाड़ी चलाना,गाड़ी चलाने के दौरान नींद आना, खस्ताहाल सड़कों या उन पर अतिक्रमण,गाड़ियों की खराब हालत और तत्काल चिकित्सा सहायता की अनुपलब्धता होना है। बिना हेलमेट लगाए स्कूटर सवार,एक बाइक पर एक साथ बैठे चार लोग,बिना सीट बेल्ट लगाए कार ड्राइवर,बिना लाइट का ट्रक और यात्रियों से ठसाठस भरी बस के खुले दरवाजे पर लटके तथा छत पर बैठे बीसियों लोग इत्यादि दुर्घटना और मौत के कारण हैं। बहुत सी सड़क-दुर्घटनाएं बस, ट्रक या कार ड्राइवर द्वारा शराब पीकर गाड़ी चलाने तथा लापरवाही से या गंतव्य पर पहुंचने की जल्दी में तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण भी होती हैं।

**आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है,तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है।**

हालांकि सड़क परिवहन के संबंध में सरकारी नियम कानून पहले से बने हैं,परंतु उसे कठोरता से लागू करने की आवश्यकता है। हाल ही में भारतीय न्याय संहिता के उस प्रावधान का वाहन चालकों द्वारा विरोध किया गया जिसमें सड़क दुर्घटना में हिट एंड रन मामलों के लिए अधिकतम 10 साल तक की सजा एवं भारी जुर्माना का प्रावधान किया गया है। कानूनों के अलावा सड़क दुर्घटनाओं से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है कि तकनीक में निवेश किया जाए। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई तकनीक इसमें काफी उपयोगी साबित हो सकती है। वाहनों को एआई से लैस करके उनकी ट्रैकिंग संभव है। इससे वाहन की ड्राइविंग और रफ्तार के पैटर्न पर नजर रखी जा सकती है और ड्राइवर का संपर्क स्टीयरिंग व्हील से टूटते ही इससे पता लगाकर ड्राइवर को सतर्क किया जा सकता है। यदि हम इसे जीपीएस से जोड़ दें और 'जियो-फेंसिंग' जैसी तकनीक का इस्तेमाल करें तो शहरी एवं दुर्घटना आशंकित क्षेत्रों में वाहनों की अधिकतम गति को अपने आप ही नियंत्रित कर सकेंगे जिससे हादसे का खतरा कम हो जाएगा। इसी तकनीक का इस्तेमाल रात के वक्त या घने कोहरे के समय भी किया जा सकता है। स्टेयरिंग व्हील के पैटर्न से लेकर ड्राइवर की आंखों और चेहरे की लगातार निगरानी की जाती है ताकि उसकी थकान का पता चल सके।

आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है,तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है। यह चालक को पहुंचने वाली किसी भी चोट की खबर उसकी लोकेशन के साथ उसके परिवार और दोस्तों को देता है जिससे उसका बचाव तत्काल संभव हो सकता है। एआई से किसी भी ओवरलोडेड ट्रक और ट्राली को ट्रैक किया जा सकता है और उनके आकार को देखकर उन्हें रोका जा सकता है। किसी भी दुर्घटना के बाद पहले घंटे को 'गोल्डन आवर' कहते हैं। यदि इस आरंभिक एक घंटे में पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा मिल जाए तो दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बचाने में मदद मिल सकती है। इस गोल्डन आवर के उपयोग के संबंध में ड्राइविंग लाइसेंस लेते समय लोगों का 'फर्स्ट एड' टेस्ट पास करना अनिवार्य बनाया जा सकता है। इसके लिए सामान्य रूप से स्कूलों और कालेजों में भी युवाओं को आकस्मिक प्राथमिक चिकित्सा में दक्ष बनाना होगा। यूरोपीय देशों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वाहन चलाने के संबंध में एक आचार संहिता लागू है जिसका ज्यादातर देश पालन करते हैं। इसके अनुसार यदि किसी कार की गति 35 किमी प्रति घंटा है तो दो कारों के बीच की दूरी 74 फीट होनी चाहिए। 40 मील प्रतिघंटा की रफ्तार होने पर यह अंतर 104 फीट और 45 फीट की गति पर यह अंतर 132 फीट होना चाहिए। यदि चालक की मुट्ठी बंद करने की ताकत पौने सोलह किलोग्राम से कम निकलती है तो यह माना जाना चाहिए कि यह व्यक्ति वाहन चलाने लायक नहीं है। वाहन चलाने लायक उस व्यक्ति को माना जाएगा,जो 20 मीटर आगे चल रहे वाहन का नंबर आसानी से पढ़ ले। तीन चौथाई दुर्घटनाएं चालकों की लापरवाही के चलते होती हैं।

अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं। सड़क सुरक्षा को एक गंभीर मुद्दा मानते हुए वर्ष 2015 में भारत ने ब्रासीलिया घोषणा पर हस्ताक्षर किया था और सड़क दुर्घटनाओं तथा मृत्यु दर को आधा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की थी। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन की सड़क सुरक्षा पर ताजा वैश्विक स्थिति रिपोर्ट के अनुसार सड़क यातायात से होने वाली मौतों की वार्षिक संख्या 5 प्रतिशत घटकर 1.19 मिलियन प्रति वर्ष हो गई है। जबकि भारत में यह संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं विश्व स्तर पर संख्या में थोड़ी कमी आई है। वर्ष 2030 तक सड़क यातायात से होने वाली मौतों और चोटों को आधा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा कार्रवाई दशक 2021-2030 के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं जिसमें भारत को विशेष प्रयास की आवश्यकता है। बेलारूस,ब्रुनेई दारुस्सलाम, डेनमार्क, जापान, लिथुआनिया, नॉर्वे, रूसी संघ, त्रिनिदाद और टोबैगो, संयुक्त अरब अमीरात और वेनेजुएला जैसे देशों में सड़क यातायात से होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत से ज्यादा कम करने में सफलता पाई है तो भारत भी इसे प्राप्त कर सकता है। इसके लिए सेफ्टी नियमों के कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

## प्रसंगवश

# दयानंद सरस्वती और मूर्ति पूजा

**श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाएं उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।**



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता


दयानंद सरस्वती की समाज सुधार आंदोलन में जो भूमिका रही है वह हम सब जानते हैं,लेकिन 1857,58 और 59 में तीन साल तक वे कहां रहे और क्या करते रहे,यह हम सब कम ही जानते हैं। इस प्रसंग में स्वामी दयानंद ने यही लिखा कि मैं "मैं इन तीन वर्षों में नर्मदा तट पर घूमता रहा।" कुछ इतिहासकार यह मानते हैं कि वे इस दौर में स्वाधीनता संग्राम के लिए आम जनता को संगठित करने का काम कर रहे थे। इस संदर्भ में वासुदेव वर्मा की लिखी किताब "अठारह सौ सत्तावन और दयानंद सरस्वती" महत्वपूर्ण कृति है। मूर्तिपूजा और सोमनाथ मंदिर के प्रसंग में दयानंद सरस्वती ने "सत्यार्थ प्रकाश" में लिखा है, एक प्रश्न सोमनाथ मंदिर के बारे में था, " देखो! सोमनाथ जो पृथिवि पर रहता था और बड़ा चमत्कार था। क्या यह भी मिथ्या बात है?" उत्तर, "हां मिथ्या है सुनो! नीचे-ऊपर चुंबक पाषाण लगा रखे थे। उसके आकर्षण से वह मूर्ति अधर खड़ी थी-जब ऊपर की छत टूटी तब चुंबक पाषाण पृथक होने से मूर्ति गिर पड़ी"। (सत्यार्थ प्रकाश, दिल्ली, 1954, पृ.334) इसके बाद अगला प्रश्न है, " द्वारकाजी के रणछोड़ की जिसने 'नरसी महता' के पास हुंडी भेज दी और उसका ऋण चुका दिया इत्यादि बात भी क्या झूठ है?" उत्तर, "किसी साहूकार ने रुपये दे दिए होंगे। किसी ने झूठा नाम उड़ा दिया होगा कि श्रीकृष्ण ने भेजे। जब संवत् 1914 के वर्ष में तोपों के मारे मंदिर-मूर्तियां अंग्रेजों ने उड़ा दी थीं तब मूर्ति कहां गई थी? प्रत्युत बाघेर लोगों ने जितनी वीरता की और लड़े,शत्रुओं को मारा,परंतु मूर्ति एक मक्खी की टांग भी न तोड़ सकी। श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाए उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।"

# ईश्वर को जानना या मानना

मनुष्य की एक आंख विवेक और दूसरी सत्य के प्रति निष्ठा है। ये दोनों आंखें जिसके न हों वह शीघ्र ही अज्ञान के कुंए में गिर जाता है,इसमें कोई संदेह नहीं। विवेक से प्राप्त सत्य के प्रति निष्ठा। न धर्म,न ईश्वर। बस विवेक से जो भी सत्य लगे,उसके प्रति निष्ठा। सत्य को खोजना पड़ता है,फिर बुद्धि विवेक से तय करना पड़ता है कि जो मिला वह सत्य है या असत्य।

ईश्वर को खोजना नहीं,मानना पड़ता है। जाने कितने हजार साल से लोग कहते आए हैं कि वह है। मां-बाप, दादा-परदादा से यही सुनते आए हैं। इसलिए मान लिया। सवाल है कि यदि सबने किसी न किसी से सुना ही तो खोजा किसने, देखा किसने? वह कौन था जो ईश्वर जी से मिलकर आया और ईश्वर जी ने तस्दीक किया कि हां,यह बंदा मुझसे मिलकर जा रहा है, इसकी बात को मेरी बात मानो। कहने को तो कोई भी कह सकता है,ईश्वर जी से मिलकर आ रहा हूं। आगे जो भी कहूंगा,उन्हीं की बात कहूंगा। या जब मन में आए,ईश्वर जी से बात कर सकता हूं।

आदि शंकराचार्य मानव चेतना की रहस्यमयता को पकड़कर बैठ गए। हम सब कुछ जान सकते हैं,किंतु अपनी ही चेतना को, यानी अपने आपको (साधारणतः) नहीं जान सकते। न उसका वर्णन कर सकते हैं,न यह बता सकते हैं कि अगले क्षण वह क्या होगी, उसे क्या अनुभूति होगी,क्या आभास होगा। बस इतना समझ में आता है कि चेतना जो भी जानती है,पार्थक्य भाव से जानती है। जिसे जानना है वह मुझसे भिन्न है। मैं जानने वाला हूं और वह जानने योग्य है। ज्ञाता और ज्ञेय का पार्थक्य।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

**इतना तो समझ में आता है,किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि, तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।**

इसलिए चेतना खुद को कैसे जानेगी? शंकर ने कहा,बस उसी को जान लो तो सब कुछ जान जाओगे,क्योंकि सब कुछ तुम्हारी चेतना में ही है। सबकी चेतना में वही है। पूरे ब्रह्मांड में वही है। सबकी चेतना की डोर एक ही स्रोत से बंधी है। सब उसी की प्रतिबिंब हैं। जान लोगे तो ज्ञाता ज्ञेय और ज्ञान का भेद खत्म हो जाएगा। सिर्फ शुद्ध चेतना रह जाएगी। बोध हो जाएगा कि बाकी सब भ्रम है,अध्यास है, माया है, विवर्त है।

क्वांटम भौतिकी की कृपा से अब तो पूरे ब्रह्मांड के बारे में ज्ञात हो चुका है कि इसमें मौजूद जड़,चेतन और रिक्त आकाश तीनों ऊर्जा के क्वांटा फील्ड (इलेक्ट्रॉन) और क्वार्क से बने परमाणुओं के संघटन हैं और सभी क्वांटा फील्ड एक एकीकृत क्वांटा फील्ड के अविभाज्य अंग हैं,जो परस्पर उलझे हुए हैं। करोड़ों प्रकाश वर्ष दूर होने पर भी एक इलेक्ट्रॉन पर पड़ने वाला प्रभाव दूसरे को संप्रेषित हो सकता है। तो समस्त ब्रह्मांड सूक्ष्मतम में एक जैसा नहीं, एक ही है। क्या इलेक्ट्रॉन में भी चेतना जैसी कोई चीज होती है? नहीं हो सकती। इलेक्ट्रॉन पदार्थ और ऊर्जा दोनों एक साथ है। ऊर्जा जो खंडों में काम करती है,लेकिन चेतना न पदार्थ है, न ऊर्जा। ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए पदार्थ को खर्च होना पड़ता है,चेतना की उत्पत्ति के लिए पदार्थ को खर्च नहीं होना पड़ता। वह मानव मस्तिष्क में अभिनिविष्ट होती है।

बच्चा जन्म के समय शरीर के साथ चेतना को भी लेकर आता है। समय बीतने के साथ एक क्षण आता है जब उसे स्वयं का यानी अपनी चेतना का और शेष विश्व का पृथक-पृथक एहसास हो जाता है। इसी को होश संभालना कहते हैं। उसका खुद का शरीर भी विश्व में शामिल होता है, "उसमें" नहीं। उसका शरीर और शरीर के अंग-प्रत्यंग सब "उसके" होते हैं, "वह" नहीं होते। वह माने उसकी चेतना,खुद के होने का एहसास। इतना तो समझ में आता है,किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि,तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।

मुश्किल है,लेकिन कोशिश करके देखने में क्या हर्ज! जब तक समझ में नहीं आता, अनजान ही बने रहेंगे। अनजान होना स्वीकार भी कर लेंगे। सत्य और विवेक के सहारे तो इतना ही कह सकते हैं कि भैया,अभी तक स्वयं को, स्वयं की चेतना के आत्मरूप को,जो मेरा, आपका,सबका आत्मरूप हो, नहीं समझ पाया। जीते जी समझ में आ गया तो मान लूंगा। नहीं तो अंतिम क्षण तक अज्ञान में ही रहूंगा। स्वीकार भी करूंगा कि अज्ञान में हूं,लेकिन बिना खुद समझे मानूंगा नहीं।

## सोशल फोरम

# चंदा या धंधा

इलेक्ट्रोल बांड पर मुझे कभी हैरानी नहीं हुई। दरअसल ये हमारी चंदाखोर संस्कृति का ही थोड़ा विस्तारित रूप था। चंदे को सामाजिक स्वीकृति तो हासिल है ही,ये चंदा रूपी बांड को भी वैधानिक स्वीकृति देने का प्रयास था। वो तो शुक्र है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी,लेकिन क्या आम जीवन मे हम चंदाखोरी पर रोक लगा पाने में सफल हुए हैं। इस व्यवस्था से परेशान सारे हैं,खासकर व्यापारी वर्ग,लेकिन बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे?



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

आजकल सब्जी बाजार जाता हूं तो लोगों के समूह को चंदा मांगते हुए देखता हूं। छोटे-छोटे दुकानदार बेचारे भी परेशान है कि आखिर कितनो को चंदा दें। चंदे से कोई सामाजिक आयोजन करना गलत नहीं। लोगों के सहयोग के बिना बड़े आयोजन सम्भव ही नहीं,लेकिन चंदा श्रद्धा और औकात के हिसाब से ही दिया जाता है। जब धार्मिक आयोजनों में चंदा देने का एक अदृश्य सामाजिक दबाव आप महसूस करने लगे तो मान लीजिए कि समस्या गंभीर है। एक बार मैं हरिद्वार गया। वहां हर की पौड़ी पर कुछ लोग रसीद ले चंदा मांगने पहुंच गए। कहने लगे मां गंगा और स्थान को साफ सुथरा रखने के लिए कुछ दान कीजिए। मैंने कहा मां गंगा खुद को साफ करना जानती हैं। मां को आपकी जरूरत नहीं। आप केवल इसे गंदा करने वाले कृत्य करना बंद कर दीजिए। वही मां गंगा पर आपका बहुत बड़ा अहसान होगा। ये घटना बहुत साल पहले की है। आज अगर ऐसा कुछ होता तो मैंने भी चुप चाप रसीद कटा ली होती।

वैसे कहने को तो मैं बहुत कुछ कहना चाहता हूं कि हजारों लोगों का रोज लंगर कैसे चलता है? कैसे मात्र कुछ रुपये में एमआरआई, सिटी स्कैन और अन्य टेस्ट किए जाते हैं? कैसे किसी आपदा में सबसे पहले यही नजर आते हैं? आखिर इसके लिए पैसा कहां से आता है? ये कभी चंदा मांगने क्यों नहीं जाते? क्यों यहां अपनों के साथ दूसरे लोग भी खुद आगे बढ़कर चंदा देते हैं? क्यों दान का सर्वाधिक सदुपयोग यहीं होता है? मैं इसमें बड़ाई नही कर रहा,लेकिन ध्यान जरूर दिला रहा हूं कि एक दूसरे के धर्म की बेहतर बातों से हम क्यों नहीं सीख सकते? और अगर हम सीखने में रुचि नहीं रखते हैं तो चंदे और धंधे वाला इल्जाम तो लोग लगाएंगे ही। **-फेसबुक वॉल से**

# बरेली में एक थे प्रोफेसर कृपानंदन

वे बरेली कालेज में अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष थे। गांधीवादी थे और खादी पहनते थे। कुर्ता-पाजामा उनकी वेषभूषा थी। एक बार बरेली क्लब में उन्हें इसी पहनावे के कारण घुसने नहीं दिया गया। इससे वे बहुत आहत हुए और गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन सत्याग्रह पर बैठ गए। उनकी लड़ाई रंग लाई और बरेली क्लब को माफी मांगनी पड़ी। यह उनकी बहुत बड़ी जीत थी, लेकिन बरेली क्लब आज भी उस अंग्रेजियत से मुक्त नहीं हो सका है। 2005 में 20 अप्रैल को कृपानंदन जी का निधन हुआ तो लगा कि बरेली की जमीन का एक खालिस धर्मनिरपेक्ष और सिद्धांतप्रिय व्यक्ति हमारे मध्य से चला गया।



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

वे रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थापना समिति के संस्थापक अध्यक्ष थे। धार्मिक विश्वासों में उनकी कतई आस्था नहीं थी, बल्कि वे उन चीजों के विरोध में खड़े थे,जो मनुष्य को धर्म और ईश्वर का गुलाम बनाती हैं। उन्होंने मार्क्सवाद का अध्ययन किया था, पर वे उससे बंध नहीं पाए। यद्यपि अनेक कम्युनिस्ट उनके पक्के मित्र थे। उन्हें दकियानूसी और कट्टरता से सख्त नफरत थी और जातिवाद उनके लिए किसी गैरजरूरी चीज का नाम था। उन्होंने एक मुस्लिम महिला जकिया से विवाह किया था। उन्होंने उनका न तो धर्मपरिवर्तन किया और न ही नाम बदला। दरअसल वे धर्म के प्रति एकदम उदासीन थे। निजी और सार्वजनिक जीवन में भी। सुबह जल्दी उठना। टहलना। बागवानी करना। किताबें बहुत पढ़ते थे। रात में बिना पढ़े नींद नहीं आती थी। उनके पास शेक्सपीयर की काफी किताबें थीं। कुछ भारतीय लेखकों की भी। अंग्रेजी अध्यापन के बाद भी किसी पर रोब झाड़ने के लिए अंग्रेजी बोलना उन्हें स्वीकार नहीं था। उन्होंने कभी नहीं समझा कि वे अंग्रेजी के प्रोफेसर हैं। पहनावे में, न व्यवहार में। 77-78 के बाद उन्होंने खादी का कुर्ता-पाजामा ही पहना। पूरी तरह शाकाहारी थे। खाने के बहुत शौकीन थे। वे अंधविश्वासों के घोर विरोधी थे। निधन के दिन 12-1 बजे तक मित्रों के बीच चर्चा करते रहे और एकाएक रुखसत हो गए।

कृपानंदन जी की खेलों में भी बहुत रुचि थी। क्रिकेट, हॉकी, कैरम आदि उन्हें बहुत प्रिय थे। मेरे पास कृपानंदन जी का एक पुराना चित्र है 1976 में बरेली कालेज के अध्यापकों की हॉकी टीम में प्रोफेसर उस्मान और डॉ. मेहरा उनके साथ थे। 1944 में कृपानंदन जी को लोगों ने हाउजी खेलते-खिलाते भी देखा था। उन दिनों बरेली जंक्शन के रेलवे इंस्टिट्यूट में हाउजी होती थी। उन्हें ताश के पत्तों की रमी खेलने का भी शौक था। एलन क्लब में वह रमी के अच्छे खिलाड़ी रहे थे। एमएन रायवादी निरंकार देव सेवक से उनकी खूब पटती थी। वे 'सैटरडे क्लब' की मीटिंगों में भी जाते थे। सेवक जी के साथ रहकर भी वे एमएन रायवादी नहीं हो पाए। साम्यवाद की खूबियों को मानते हुए कृपानंदन जी गांधी की चीजों में भरोसा करते थे। वे राजनीतिक दर्शन में व्यक्ति चरित्र,सत्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि मानते थे। धर्मनिरपेक्षता के मामले में वे पंडित नेहरू के अधिक नजदीक थे। उर्दू शायरी का दार्शनिक पक्ष उन्हें पंसद था। उर्दू और फारसी उनकी मातृभाषा जैसी थी। वे रूसी भाषा के भी अच्छे जानकार थे। फिराक, इकबाल, गालिब और चकबस्त उनके पसंदीदा शायर थे।



वर्ष 2000 में उन्होंने हमारी पत्रिका 'संदर्श' के निरंकार देव सेवक विशेषांक के लिए एक संस्मरण लिखा था जिसका शीर्षक था 'मुद्दत हुई कि ग़ालिब मर गया, पर याद आता है' जिसमें सेवक जी से उनकी मित्रता के अछूते प्रसंगों के साथ विभिन्न वैचारिक मुद्दों पर उनकी असहमतियां भी दर्ज हैं। 1937 में जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित ने कुतुबखाने के मोती पार्क में जब छात्रों में देशभक्ति का जज्बा फूंका, तब बरेली कालेज के हॉल पर लगा यूनियन जैक जलाकर कृपानंदन जी ने ही तिरंगा फहराया था। वे 1943 में बरेली कालेज छात्र यूनियन के अध्यक्ष भी रहे। अपने बाद के दिनों में कृपानंदन जी बरेली कालेज के शैक्षिक माहौल को लेकर बेहद चिंतित थे। उनके जेहन में संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था थी। बाद के दिनों में पंडित दीनानाथ मिश्र स्कूल के पिछले हिस्से की एक बगिया में अपना छोटा-सा आशियाना बनाकर वे रहने लगे थे। वे निहायत ईमानदार और पारदर्शी व्यक्तित्व के मालिक थे। सही अर्थों में प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को जीवन में उतारने वाले। उनका बाहर और भीतर एक समान था। उनकी सुनाई प्रिय कविता मुझे याद आ रही है, 'नार लव दाइ लाइफ नार हेट/बट व्हाट दो लिवेस्ट लिव वेल/हाउ लांग ऑर शार्ट/परमिट टु हेवेन।' कृपानंदन जी के भीतर कविता की गजब की समझ थी। अक्सर वे कहने लगे थे कि मशीनों के इस हंगामी दौर में जहां हर वक्त हर तरफ शोर ही शोर है,कविता की नर्म-ओ-नाजुक आवाज पनप सकती है कहीं? बालजती मुहल्ले में उनके बेटों की रिहायश और उनके द्वारा संस्थापित दो विद्यालय हमें उनकी याद दिलाने के लिए काफी हैं,पर उनमें उनके विचारों की महक नहीं। विगत दिनों उनकी पत्नी जकिया का भी निधन हो गया जो एक प्रेमकथा का भी अवसान था।

# 400 पार में कितनी धार

लोकसभा चुनाव प्रारंभ हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने एक आकर्षक नारा दिया है,"अबकी बार चार सौ पार" यानी कुल 543 सीटों में यह पार्टी अपनी झोली में इतनी सीटें आ जाने की दम भर रही है। मीडिया का एक वर्ग तरह-तरह की खींचतान करके यह संख्या पौने चार सौ तक पहुंचा भी रहा है,लेकिन जमीनी हकीकत इससे मेल नहीं खाती। दक्षिण में इस दल का प्रभाव अत्यंत अल्प है। पश्चिम बंगाल में दूसरे नंबर पर और ओडीसा में सत्तारूढ़ पटनायक से तालमेल न बैठ पाने के कारण काफी कम। यूपी के पश्चिमी भाग,हरियाणा, पंजाब में अनेक जगह भाजपा विरोधी साइन बोर्ड लगे हैं कि भाजपाई यहां न आएं। विगत में केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान के काफिले पर पथराव तक हुआ जिसमें कई भाजपाई कार्यकर्ता घायल हुए। सदा भाजपा का साथ देने वाला क्षत्रिय समुदाय इस बार विरोध में है। ठाकुर चौबीसी गाजियाबाद से पूर्व सेनापति वीके सिंह का टिकट कटने व अपने वर्ग की उपेक्षा से असंतुष्ट है और विरोध में पंचायतें कर रहा है। डैमेज कंट्रोल के लिए स्वयं मुख्यमंत्री योगी और राजनाथ सिंह के विधायक पुत्र पंकज सिंह को दौड़ना पड़ा,जो क्षत्रिय हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर भले ही हटा दिए गए हैं,किंतु उनकी और सहयोगी रही जजपा की किसान विरोधी छवि उभर चुकी थी जिसका प्रभाव विरोध प्रदर्शनों के रूप में वहां साफ दिख रहा है। राजस्थान में असंतुष्ट वसुंधरा राजे सिंधिया, स्टार प्रचारक होते हुए भी, अपने पुत्र दुष्यंत सिंह के निर्वाचन क्षेत्र झालावाड़ के अतिरिक्त कहीं पार्टी प्रचार में नहीं जा रहीं हैं। वे प्रधानमंत्री की सभा में भी नहीं गईं। उनका जनता पर प्रभाव है और विगत विधानसभाई चुनावों की सभाओं में राजनाथ और गडकरी उनकी तारीफ करते रहे हैं। यही हाल मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह का है,जिन्हें मोदी शाह ने किनारे लगा दिया है। शिवराज केवल विदिशा तक अपने को सीमित किए हैं,जबां से वे खड़े हैं। पीलीभीत से टिकट कटने के बाद सांसद वरुण गांधी यहां के चुनावी प्रचार से दूर हैं,उनका टिकट कटने से सिख खास तौर से नाराज हैं। नेहरू-गांधी परिवार से होने के कारण वरुण की राष्ट्रीय पहचान है। उत्तराखंड में अग्निवीर योजना को लेकर गहरा असंतोष है, यहां बहुसंख्यक फौजी हैं। बिहार में अब मोदी और नीतीश मंच साझा नहीं कर रहे हैं। एक सभा में नीतीश चार सौ को चार हजार कह गए, तो मोदी उनके मुंह की तरफ देखने लगे। साथ ही अब तक कथित सेकुलर पाले में रहे नीतीश अपने मुख्यमंत्रित्व काल मे सामाजिक सद्भाव की बात रेखांकित कर देते हैं जिसका मतलब हिंदू मुस्लिम एकता से होता है,किंतु भाजपा हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण चाह रही है। अतः भाजपा कार्यकर्ताओं को यह एकता राग रास नहीं आता है। इस बार विपक्षी गठबंधन काफी कुछ मिलकर टक्कर दे रहा है,भले ही बाद में आपस में लड़ें। ऐसे में चार सौ पार का यह नारा अतिरंजित और अहंकार मूलक ही लग रहा है और सहयोगी दल तो कभी भी कही खिसक सकते हैं।

राज्य में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट, पिछली बार कांग्रेस ने कुल 20 में 15 सीटें जीत ली थीं

# डबल डिजिट के फेर में फंसा केरल

मनोज त्रिपाठी

केरल में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। यहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रमुख रूप से दो गठबंधनों के बीच तय होता है। कांग्रेस की अगुवाई में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और वामपंथी दलों का माकपा की अगुवाई में बना लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यहां सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई थी। यह राहुल गांधी के राज्य की वायनाड सीट से चुनाव लड़ने का असर था कि कांग्रेस को केरल की कुल 20 में 15 सीटों पर जीत हासिल मिली थी। इसके मुकाबले सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) केवल एक सीट जीत सकी थी। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने दो सीटें जीती थी। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (भाकपा) को एक सीट मिली थी। भाजपा ने करीब 13 फीसदी वोट लेकर चौंकाया था, लेकिन इसके बावजूद पार्टी कोई भी सीट जीतने में सफल नहीं हो सकी थी। कांग्रेस इस बार अपना पिछला प्रदर्शन दोहराना चाहती है, तो भाजपा के साथ ही वामपंथी गठबंधन डबल डिजिट में सीटें जीतने की उम्मीद लगा रहा है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन में वामपंथी दल कांग्रेस के साथ हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल की तरह केरल में तस्वीर पुरानी ही है। केरल में वामपंथी दल और इंडिया गठबंधन अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा इस बार मिशन-400 का लक्ष्य पाने के लिए केरल में वोट प्रतिशत बढ़ाने के साथ कम से कम तीन या चार सीटें जीतने की तरफ देख रही है। यही वजह है कि बीते कुछ समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधा दर्जन बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। 2019 के चुनाव को गठबंधन की सफलता के आधार पर देखें तो यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने राज्य में 20 में से 19 सीटें जीती थीं, जबकि लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की तरफ से माकपा सिर्फ अलप्पुझा सीट पर जीत हासिल कर पाई थी।



### कांग्रेस-भाजपा की परीक्षा

**13%** वोट लेकर भी भाजपा रह गई थी खाली हाथ

- लेफ्ट गठबंधन में माकपा को मिली थी सिर्फ एक सीट

### अनिल एंटनी को उतार भाजपा का ईसाई समाज को साधने का प्रयास

- केरल में डबल डिजिट में सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा ने हर सीट पर मजबूत प्रत्याशी उतारे हैं। पथानामथिट्टा से कद्दावर कांग्रेस नेता एके एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी को उतार कर पार्टी ने राज्य के ईसाई समुदाय को साधने का प्रयास किया है। अनिल को भाजपा ने राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता बनाया है। 2019 में इस सीट से कांग्रेस के एंटो एंटनी जीते थे। इस बार भी वह कांग्रेस उम्मीदवार हैं, जबकि लेफ्ट गठबंधन ने पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक पर दांव लगाया है।

### तिरुवनन्तपुरम में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और शशि थरूर के बीच जंग हुई दिलचस्प



- केरल की राजधानी तिरुवनन्तपुरम लोकसभा सीट पर केंद्रीय इलेक्ट्रनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर को भाजपा ने दिग्गज कांग्रेस नेता शशि थरूर के खिलाफ मैदान में उतारा है। शशि थरूर 2019 में इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। तिरुवनन्तपुरम में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी जड़ें तेजी से मजबूत की हैं। इसी का परिणाम है कि 2019 के चुनाव में यहां कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला हुआ था। वामपंथी गठबंधन से उतरा भाकपा का प्रत्याशी तीसरे स्थान पर चला गया था। 2019 में कांग्रेस के शशि थरूर को 4,16,131 वोट मिले थे। भाजपा के कुम्मन राजशेखरन ने 3,16,142 वोट लेकर उन्हें सीधी चुनौती दी थी। इस बार माना जा रहा है कि शशि थरूर को यहां केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर कड़ी टक्कर दे रहे हैं, इन दोनों की लड़ाई में वरिष्ठ भाकपा नेता पूर्व सांसद पन्नयन रवींद्रन तीसरा कोण बना रहे हैं।



### त्रिशूर में कांग्रेस नेता मुरलीधरन त्रिकोणीय मुकाबले में फंसते नजर आ रहे

- तीन हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों के कारण त्रिशूर लोकसभा सीट पर भी मुकाबला रोचक हो गया है। कांग्रेस ने यहां से अपने दिग्गज नेता रहे के करुणाकरन के पुत्र के.मुरलीधरन को मैदान में उतारा है। मुरलीधरन वर्तमान में कोझिकोड जिले की वडकारा लोकसभा सीट से सांसद हैं। वह चार बार सांसद और दो बार विधायक रह चुके हैं। त्रिशूर में मुरलीधरन का मुकाबला अभिनेता से नेता बने भाजपा उम्मीदवार सुरेश गोपी और भाकपा प्रत्याशी पूर्व कृषि मंत्री वीएस सुनील कुमार से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में सुरेश गोपी के लिए ही त्रिशूर से एनडीए का चुनाव अभियान शुरू किया था। उधर, भाकपा के वीएस सुनील कुमार इस लोकसभा क्षेत्र में जाना-पहचाना चेहरा हैं। मुरलीधरन त्रिशूर को अपना गृह जनपद होने का हवाला दे रहे हैं। इस सीट पर 2019 में कांग्रेस के टीएन प्रतापन ने भाकपा के राजाजी मैथ्यू थॉमस को 93,633 वोटों से हराया था।

### 2019 में किसको कितनी सीटें और मत प्रतिशत

| दल | सीट | प्राप्त वोट | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 15 | 7596610 | 37.3 |
| आईयूएमएल | 02 | 1111697 | 5.5 |
| केरल कांग्रेस (एम) | 01 | 421046 | 2.1 |
| आरएसपी | 01 | 499677 | 2.5 |
| माकपा | 01 | 5270241 | 25.9 |
| भाकपा | 00 | 1233886 | 6.1 |
| भाजपा | 00 | 2635810 | 12.9 |
| अन्य | 00 | 1616249 | 7.9 |

### 2014 के चुनाव में दलीय जनादेश

| दल | सीट | प्राप्त वोट | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 08 | 5590285 | 31.1 |
| आईयूएमएल | 02 | 816226 | 4.5 |
| केरल कांग्रेस (एम) | 01 | 424194 | 2.4 |
| आरएसपी | 01 | 408528 | 2.3 |
| माकपा | 00 | 11070 | 0.1 |
| भाकपा | 01 | 1364010 | 7.6 |
| भाजपा | 00 | 1856796 | 10.3 |
| अन्य | 07 | 7504786 | 41.7 |



### अलाप्पुझा से दो बार के सांसद रहे वेणुगोपाल के सामने माकपा से सीट वापस छीनने की चुनौती

इस बार अलाप्पुझा की सीट माकपा से छीनने के लिए कांग्रेस ने अपने दिग्गज और एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल को मैदान में उतार दिया है। वेणुगोपाल वर्ष 2009 और 2014 के चुनाव में यहां से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। पिछली बार 2019 में यहां से माकपा के ए एम आरिफ चुनाव जीते थे। उन्होंने नजदीकी मुकाबले में कांग्रेस के शनिमॉल उस्मान को मात दी थी। माकपा प्रत्याशी को 4,45,970 तो कांग्रेस उम्मीदवार को 4,36,496 मत मिले थे। भाजपा के डॉ. एसके राधाकृष्णन 1,54,152 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। मजे की बात यह है कि इस सीट पर बसपा ने भी चुनाव लड़ा था, लेकिन उसके प्रत्याशी प्रसनाथिभम को सिर्फ 2431 वोट मिले थे। इस बार भाजपा ने अलाप्पुझा सीट से शोभा सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है।

## राहुल गांधी के लिए इस बार वायनाड में वॉक ओवर नहीं

भाकपा की एनी राजा के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन पेश कर रहे हैं कड़ी चुनौती



आज देश की चर्चित और हॉट लोकसभा सीटों में शुमार वायनाड लोकसभा सीट 2009 में अस्तित्व में आई थी। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनावों में यहां से कांग्रेस के एमआई शानवास ने जीत दर्ज की थी। 2019 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव लड़कर वायनाड को हाई प्रोफाइल सीट बना दिया। इस सीट पर मुख्य संघर्ष कांग्रेस और भाकपा में ही होता रहा है। लेकिन इस बार भाजपा ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। भाकपा के टिकट पर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन की महासचिव और भाकपा की राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य तथा दिग्गज भाकपा नेता डी राजा की पत्नी एनी राजा चुनाव मैदान में हैं। राहुल गांधी पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी में भाजपा की स्मृति इरानी से भले ही हार गए हों, लेकिन वायनाड में उन्होंने बड़ी जीत दर्ज की थी। वायनाड में राहुल गांधी ने कुल पड़े 10,87,783 वोटों में 7,06,367 मत हासिल किए थे। उनके प्रतिद्वंदी पीपी सुनीर को 2,74,597 वोट मिले थे। इस तरह राहुल गांधी ने 4.3 लाख से भी ज्यादा वोटों से जीत का रिकार्ड बनाया था। हालांकि इस बार राहुल गांधी के सामने त्रिकोणात्मक चुनौती नजरआ रही है। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। सुरेंद्रन 2020 में केरल भाजपा के अध्यक्ष बनने के बाद से लगातार पार्टी को मजबूत करने की कोशिश में लगे हैं। वह अब तक तीन लोकसभा चुनाव लड़े हैं और तीनों में हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह सुरेंद्रन ने पांच विधानसभा चुनाव लड़े और सभी में हारे। लेकिन दो मुकाबले कांटे के रहे। इनमें उन्हें मात्र 89 और 745 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। वायनाड में तीसरा कोण भाकपा के महासचिव और पूर्व राज्यसभा सांसद डी. राजा की पत्नी एनी राजा बना रही हैं। लेफ्ट गठबंधन ने उनकी जीत के लिए पूरी ताकत भी लगा रखी है।

# दक्षिण का दुर्ग जीते बिना कैसे लहराएगा 400 पार का झंडा

महेश शर्मा



**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैरेटिव सेट किया, अबकी बार 400 पार और सारा विमर्श इसी के इर्द-गिर्द घूम गया। अब मतदान प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही राजग गठबंधन की सीटें क्या इस बार 400 पार होंगी, इसकी परीक्षा भी शुरू हो गई है। 2019 के चुनाव में दक्षिण भारत 130 सीटों में 29 सीटें भाजपा का बेस्ट प्रदर्शन था। लेकिन बड़ा लक्ष्य निर्धारण करने व उसे प्राप्त करने के लिए जीजान से जुटने में माहिर मोदी का आत्मविश्वास गजब का है। भाजपा थिंक टैंक ने दक्षिण में तमिलनाडु, केरल, आंध्र, तेलंगाना, कर्नाटक व पुडुचेरी में लोकसभा चुनाव जीतने की योजना पर काफी पहले से काम शुरू कर दिया था। तमिलनाडु और केरल में इस बार पार्टी 10 से ज्यादा सीटें जीटने की जुगत में जुटी है। लेकिन भाजपा दक्षिण में मजबूत भाषाई सांस्कृतिक गौरव को पुशअप करने वाली पार्टियों को तोड़ने में नाकाम रही है, इसके साथ वही वह उत्तर-दक्षिण विभाजन की खाई भी नहीं कम कर पायी। विश्लेषक कहते हैं कि भाजपा की वोट में हिस्सेदारी बढ़ सकती है पर यह सीट बढ़ाने मे कारगर होगी? इसमें संदेह है। भाजपा की पार्टनर रही तमिलनाडु की एआईडीएमके को 2021 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद एहसास हो गया कि भाजपा से गठजोड़ करके उसकी द्रविड़ पहचान पर ग्रहण लगा रहा है, तो उसने बीते साल सितंबर 2023 माह में भाजपा से गठबंधन तोड़ दिया। हालांकि दक्षिण के हर राज्य में सीटें हासिल करने में जुटी भाजपा ने मोदी के दूसरे कार्यकाल के शुरुआती दिनों से ही अभियान शुरू कर दिया था। ममल्लापुरम में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर सम्मेलन, लोकसभा में सेंगोल की स्थापना, धार्मिक लिहाज से काशी टू चेन्नई योजना इसके प्रमाण हैं। लेकिन चुनावी अभियान आगे बढ़ने के साथ जानकार मान रहे हैं कि दक्षिण में बढ़त हासिल करके 400 पार का लक्ष्य जिसमें भाजपा का अपने दम पर 370 सीटें जीतना शामिल है, इतना भी आसान नहीं है। दक्षिण के मैदान-ए-जंग में भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 21 सीटें जीती थी और 2019 में 29 सीटें जीती थीं।

तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें हैं। 2014 में छह फीसद वोट के साथ भाजपा ने एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में चार फीसद वोट के साथ स्कोर शून्य रहा। एआईडीएमके ने 2014 में 45 फीसद वोट के साथ 37 सीटें जीती डीएमके शून्य पर रही, पर 2019 में डीएमके ने 34 फीसद वोट के साथ 23 सीटें जीतीं। उसके सहयोगी दलों ने सात, कांग्रेस ने आठ व एक एआईडीएमके ने जीती। अब आंध्र (25) को देखिए, 2014 में यहां भाजपा ने सात फीसद वोट के साथ दो सीटें जीती थीं जबकि 2019 में एक फीसद वोट के साथ खाता नहीं खुला। मतलब आधार और सीट दोनों ही जाती रहीं। तेलंगाना (17 )में 2014 में भाजपा ने 11 फीसद वोट के साथ एक सीट जीती जबकि 2019 में 20 फीसद वोट के साथ चार सीटें जीतीं। केरल (20) राज्य में 2014 में दस फीसद वोट पर सीट शून्य तो 2019 में 13 फीसद वोट फिर भी सीट शून्य। कांग्रेस ने यहां पर 2014 में 31 फीसद वोट पाकर आठ सीटें जीतीं और 2019 में 37 फीसद वोटों के साथ 15 सीटें जीतीं। अब आइए कर्नाटक (28) में। भाजपा के लिए यह राज्य बमबम है। 2014 में 43 फीसद वोट हासिल कर 14 सीटें पायीं तो 2019 में 51 फीसद वोट हासिल कर 25 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने क्रमशः 9 और एक सीटें पाईं। जेडीएस दो और एक पर सिमटी रही। पुडुचेरी (1) में 2014 में भाजपा ने एक 2019 में कांग्रेस ने एक सीट जीती।

## चुन लिया सांसद



तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता। यहां मतदाताओं में वोट डालने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। देर शाम तक मतदाता बूथों पर डंटे रहे।

# हिसार में चौटाला परिवार से ससुर व दो बहुओं में संग्राम

- भाजपा के रणजीत चौटाला के सामने जेजेपी से दुष्यंत की मां नैना, लोकदल से सुनैना

**चंडीगढ़।** हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट पर भाजपा, आईएनएलडी और जेजपी के उम्मीदवार सामने आने के बाद मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने इस सीट पर रणजीत चौटाला को मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले जेजेपी और आईएनएलडी ने भी चौटाला परिवार से ही प्रत्याशी उतारकर हिसार की जंग रोचक बना दी है। जेजेपी ने अजय चौटाला की पत्नी और दुष्यंत की मां नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाया है, तो आईएनएलडी ने देवी लाल के पौत्र रविंद्र उर्फ रवि चौटाला की पत्नी सुनैना चौटाला पर चुनावी दांव लगाया है। रणजीत चौटाला रिश्ते में नैना और सुनैना के चाचिया ससुर लगते हैं। ऐसे में हिसार का मुकाबला अब चौटाला परिवार के बीच सिमट गया है। रणजीत चौटाला अब तक आठ चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन उनका जीत का रिकॉर्ड बढ़िया नहीं है। उन्हें केवल तीन बार ही जीत मिली है और पांच बार हार का सामना करना पड़ा है। जानकार हिसार के चुनावी मुकाबले में ससुर और बहुओं की लड़ाई में नैना चौटाला की संभावनाएं मजबूत मान रहे हैं। इसकी वजह यह है कि नैना ने अब तक दो विधान सभा चुनाव लड़े हैं और दोनों में ही उन्होंने जीत हासिल की है। उधर, सुनैना चौटाला की बात करें तो यह उनका पहला चुनाव है।

अतीत के झरोखे से

7 करोड़ 32 लाख पड़े वोटों में कांग्रेस को मिले थे 4,76,65,951 वोट

# पहले ही चुनाव में 55 फीसदी लोगों ने नहीं डाले थे कांग्रेस को वोट

**1952** में जब पहली लोकसभा का चुनाव हुआ तो 80% से ज्यादा आबादी निरक्षर थी। इस चुनाव में लोकसभा की 489 सीटों के लिए 17 करोड़ 32 लाख (44.87 फीसदी) मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। कांग्रेस ने कुल 4,76,65,951 यानी 44.99 वोट हासिल किए। उस वक्त एक निर्वाचन क्षेत्र में एक से अधिक सीटें भी होती थीं, लिहाजा 489 स्थानों के लिए 401 निर्वाचन क्षेत्रों में ही चुनाव हुआ। 1960 से इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया। एक सीटों वाले 314 निर्वाचन क्षेत्र थे। 86 निर्वाचन क्षेत्रों में दो सीटें और एक क्षेत्र में तीन सीटें थीं। इस चुनाव में 14 पार्टियों को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता दी गई। कुल 53 पार्टियों ने चुनाव लड़ा।



### लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनवाई गईं

- पूरे भारत में कुल 2 लाख 24 हज़ार मतदान केंद्र बनाए गए थे. इसके अलावा लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनाई गई थीं जिसके लिए 8200 टन इस्पात का इस्तेमाल किया गया था। कुल 16500 लोगों को मतदाता सूची बनाने के लिए छह महीने के अनुबंध पर रखा गया था।

### केरल में हुआ था 80 फीसदी से ज्यादा मतदान

- राजस्थान के कोट बूंदी सीट पर सबसे कम 22.59 फीसदी लोगों ने ही वोट डाले, जबकि केरल की कोट्टायम सीट पर सबसे ज्यादा 80.49 फीसदी लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

1952 के चुनाव में कांग्रेस ने 364 सीटों पर जीत हासिल की थी लेकिन पार्टी को 55 प्रतिशत लोगों ने वोट नहीं दिया था। कांग्रेस के पक्ष में लगभग 45 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। इसके बावजूद कांग्रेस ने संसद में 489 सीटों में से 364 और राज्य विधानसभाओं में 3,280 में से 2,247 सीटें हासिल करके आराम से जीत हासिल की। पहले आम चुनाव में सीपीआई उपविजेता बनकर उभरी। 16 सीटें जीतकर कांग्रेस के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, हालांकि उसे केवल 3.29% वोट ही मिले। इसके बाद जयप्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया की सोशलिस्ट पार्टी थी, जिसने 254 सीटों पर चुनाव लड़कर 12 सीटें हासिल कीं। कृपलानी की केएमपीपी उन 145 सीटों में से केवल नौ जीतने में सफल रही, जिन पर उसने चुनाव लड़ा था। । वहीं 37 निर्दलीय उम्मीदवार भी जीतने में सफल रहे थे। इनके अलावा गणतंत्र परिषद को 6, हिंदू महासभा को 4, शिरोमणि अकाली दल को 4, अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 3, जनसंघ 49 सीटों पर चुनाव लडी और तीन सीटें जीतने में सफल रही और इसके संस्थापक डॉ. मुखर्जी स्वयं कलकत्ता दक्षिण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से जीते । 1952 के चुनाव में डॉ. अम्बेडकर की एससीएफ को ज्यादा सफलता नहीं मिली और उसने जिन 35 सीटों पर चुनाव लड़ा उनमें से केवल दो सीटें ही हासिल कीं।

पहले आम चुनाव में कुल 53 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया था। जिसमें 14 राष्ट्रीय और 39 क्षेत्रीय दल शामिल थे। इसमें 22 पार्टी कम से कम एक सीट जीतने में कामयाब रही। इसमें सोशलिस्ट पार्टी को कुल 10.6 प्रतिशत वोट मिले और 12 सीटों पर जीत मिली। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने मात्र 3.3 प्रतिशत वोट पाया और 16 सीटें जीतने में कामयाबी हासिल की। किसान मजदूर प्रजा पार्टी को 5.79 प्रतिशत वोट मिले और 9 सीटों पर जीत हासिल हुई। पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) 1.3 प्रतिशत वोट प्राप्त कर 7 सीट जीतने में कामयाब रही थी।

गणतंत्र परिषद ने 1 प्रतिशत से भी कम 0.91 फीसदी वोट प्राप्त किए और 6 सीटों पर जीत हासिल की थी। हिंदू महासभा को भी 0.95 प्रतिशत वोट मिले और 4 सीटों पर जीत मिली। इसी तरह शिरोमणि अकाली दल को 0.99 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटों पर जीत मिली। तमिलनाडु टॉयलर्स पार्टी ने 0.84 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटें प्राप्त की। अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 1.97 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन जीत सिर्फ 3 सीटों पर ही हुई। भारतीय जनसंघ को 3.06 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली। कॉमनवेल पार्टी को 0.31 प्रतिशत वोट मिले लेकिन जीत 3 सीटों पर हुई। झारखंड पार्टी को 0.71 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली।

■ प्रो. विवेकानंद तिवारी

## अपनी ढपली अपना राग



उत्तर प्रदेश में दो शहजादों की जोड़ी आई है। उनके फिल्म की शूटिंग चल रही है, दोनों की फिल्म पहले ही फ्लॉप हो चुकी है।
– नरेन्द्र मोदी


कांग्रेस हो, सपा हो या बसपा, यह देश की समस्या की जड़ हैं भारतीय जनता पार्टी समाधान का नाम है।
– योगी आदित्यनाथ


चुनावी बांड स्कीम भी भाजपा ही लेकर आई। वे इसे गोपनीय रखना चाहती थी, सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक कर दी।
– प्रियंका गांधी


वो करे तो रासलीला और हम करें तो कैरेक्टर ढीला, क्या सपा, बसपा, कांग्रेस पलटू राम नहीं।
– ओम प्रकाश राजभर


सत्ता पक्ष चाहे जो करे, नुक्कड सभाएं बिना परमिशन कर सकता है। लेकिन, विपक्ष नहीं।
–आदित्य यादव


अब हमारे समाज की नाराजगी दूर हो गई है और हम लोग भारतीय जनता पार्टी के साथ ही हैं।
– संगीत सोम

# अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम को साथ लेकर दिल्ली नापने निकला हाथी

**ताजा राजनीतिक हालात में कांग्रेस के बाद बसपा की स्थिति जीत हार से कहीं ज्यादा भविष्य के लिए मैदान में टिके रहने की भी**

**मायावती ने क्षेत्रीय समीकरण और विपक्ष के उम्मीदवार को देखकर किया टिकटों का बंटवारा, चुनावी संघर्ष को बनाया त्रिकोणीय**

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने जब इंडिया गठबंधन में शामिल होने की चर्चाओं को सिरे से नकारा था तो आरोप लगा कि बसपा प्रमुख या तो भाजपा के दबाव में हैं या फिर उनकी मंशा साथ देने की है। हालांकि मायावती ने क्षेत्रीय सामाजिक गणित और विपक्ष के उम्मीदवार को देखकर जिस तरह टिकटों का बंटवारा किया है, उससे तमाम सीटों पर उन्होंने एनडीए बनाम इंडिया के संघर्ष को त्रिकोणीय बना दिया।

बसपा के उप्र. में टिकटों के वितरण को देखें तो साफ नजर आता है कि पार्टी का प्रयास वोट काटने के बजाय अपनी विजय का है। इसलिए टिकट बंटवारे में जाति धर्म की कोई सीमा तय नहीं की गयी है। कोशिश इस बात की गई है कि बसपा से मैदान में आने वाला उम्मीदवार मजबूती से चुनाव लड़ सके।

रणनीति के मुताबिक बसपा ने पहले सपा-कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों का इंतजार किया। इसके बाद पार्टी ने ऐसे प्रत्याशियों को उतारा कि वह उप्र. की चुनावी लड़ाई में बराबर से टक्कर लेती दिखें।



दरअसल, ताजा राजनीतिक हालातों में कांग्रेस के बाद बसपा की स्थिति जीत हार से कहीं ज्यादा भविष्य के लिए मैदान में टिके रहने की भी है। उप्र. की जाटव जाति पूरी तरह से बसपा को समर्पित मानी जाती है। इनकी संख्या लगभग 12 प्रतिशत के आसपास हैं। हालांकि पश्चिमी उप्र. में चंद्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी के चुनावी मैदान में आने से इस वोटबैंक को विकल्प तो मिला है। नगीना में सपा, भाजपा को टक्कर देने के लिए खुद चंद्रशेखर मैदान में भी हैं।

ऐसे में पश्चिमी उप्र. में जाटव जाति के वोटर कहीं विकल्प पाकर बसपा से छिटक न जाएं इसलिए मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद खुद नगीना पर पैनी नजर बनाएं हुए हैं। असल में, चंद्रशेखर और उनके समर्थक सवर्णों से सीधे संघर्ष की बात करते हैं, इसलिए इस जाति के युवाओं को आकर्षित करते हैं। अंबेडकर जयंती का मौका हो या फिर दूसरी जातियों से मुकाबला करने की नौबत, इस जाति के युवा चंद्रशेखर की भीम आर्मी के बैनर तले गोलबंद हो जाते हैं। लेकिन ऐसी गोलबंदी का संदेश यह नहीं कि, इनकी जाति का वोट भी चंद्रशेखर के पाले में ही जाएगा।

बहरहाल, बसपा ने जहां इस बार अपने वोटबैंक को बचाने की नीयत रखी है वहीं, पार्टी दूसरी जातियों और मुसलमानों को भी साधने की कोशिश में है। उदाहरण के तौर पर मेरठ की सीट पर जहां भाजपा ने वैश्य समाज से आने वाले अरुण गोविल को टिकट दिया तो बसपा ने भी त्यागी उम्मीदवार पर दांव लगाया। यहां से बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी हैं और इस सीट पर त्यागी मतदाताओं का खासा प्रभाव है। इसी तरह जौनपुर से बसपा ने श्रीकला सिंह को टिकट दे दिया है जो कि इस क्षेत्र में बाहुबली नेता समझे जानेवाले धनंजय सिंह की पत्नी हैं। धनंजय सिंह का जौनपुर क्षेत्र में प्रभाव है। वह यहां से चुनाव लड़ने को तैयार थे लेकिन ऐन मौके पर एक पुराने केस में उनको सजा हो गयी। ऐसे में बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी को टिकट देकर इस सीट पर अपनी दावेदारी मजबूत कर दी।

### अकेले कदम बढ़ा रहा हाथी किस पर पड़ेगा भारी

बसपा की एक और चुनावी रणनीति पर गौर करें तो पार्टी ने जहां मुस्लिम मतदाता ज्यादा हैं और उम्मीदवार हिन्दू है वहां पार्टी की ओर से मुस्लिम कार्यकर्ता, नेता नियुक्त किये हैं। ताकि मुस्लिम मतदाताओं को आकर्षित किया जा सके। ऐसा भी नहीं है कि मायावती की नजर में सिर्फ दलित या मुस्लिम वोटर ही हैं। हालांकि बसपा नेत्री मायावती सोशल इंजीनियरिंग की महारथी हैं लेकिन संभवत: यह पहला मौका है जबकि, बसपा में टिकट देते समय केवल अपने कोर वोटर्स और उम्मीदवार के धन को ही ध्यान में नहीं रखा गया है बल्कि हर एक सीट पर मंथन हुआ लगता है। इस जमीनी तैयारी के मद्देनजर देखना यह होगा कि अकेले आगे कदम बढ़ा रहा बसपा का हाथी किस पर भारी पड़ने वाला है।

### बसपा की पुरानी चाल बनी राजनीतिक गलियारों में चर्चा

लखनऊ। बसपा ने साल 2007 के विधानसभा चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग कर अप्रत्याशित रूप से सत्ता हासिल की थी। 2009 में इसी के सहारे उप्र से 20 सांसद चुने गए थे और पूर्वांचल से पांच सांसद दिल्ली पहुंचे थे। अब एक बार फिर बसपा ने इसी फार्मूले पर लोस चुनाव में बराबर की टक्कर देने को लालायित है। अभी तक जिन सीटों पर प्रत्याशी दिए हैं, उसमें तीन अगड़े, पांच पिछड़े, एक मुस्लिम और एक एससी-एसटी का प्रत्याशी शामिल है। राजनीतिक गलियारों में बसपा के चाल की इसीलिए चर्चा है कि पार्टी का इससे अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम मतदाताओं में एकजुटता का संदेश जा रहा है।

### भाजपा बहुमत से एक बार फिर वापसी करेगी: पाठक




लखनऊ। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पहले चरण का चुनाव समाप्त हुआ है, वोटिंग के रुझान बता रहे हैं कि भाजपा प्रचंड बहुमत से एक बार फिर वापसी करने जा रही है। जनता जनार्दन को मोदी के नेतृत्व के प्रति अपना अपार समर्थन देने के लिए हृदय से आभार। मतदान के समय जनता जनार्दन का उत्साह देखने के लायक़ था। भाजपा पहले चरण की सभी आठ सीटों को भारी अंतर से जीत रही है क्योंकि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का समर्थन भाजपा के पक्ष में है।

### पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया: मौर्य



**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को उन्नाव एवं लखीमपुर खीरी में बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि अब पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया हैं। उन्होंने कहा 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को 100 वर्ष आगे ले जाएगा। यह चुनाव विकसित भारत का चुनाव है। विपक्षी इंडी पार्टनर्स को फिर से घर बैठाने का समय आ गया है। जनता को मोदी पर भरोसा है, इसलिए प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलेगा।

### इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकारा दिया: चौधरी



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से स्पष्ट है कि हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। उन्होंने कहा प्रथम चरण में हुए मतदान के बाद उत्तर प्रदेश की सभी 8 सीटों पर कमल खिल चुका है। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है। आम चुनाव 2024 की शुरुआत में ही इनके गठबंधन की हवा निकल गई है। इनके वादे और घोषणाएं सब झूठे और बेबुनियाद हैं। वो चाहे जिस डॉक्टर को ले आएं, लेकिन सपा गठबंधन का अब किसी डॉक्टर के पास कोई इलाज नहीं है।

# बस्ती में बसपा प्रत्याशी के उतारे जाने से बढ़ी चुनावी सरगर्मी

**साल 2014 और साल 2019 के चुनावों में लगातार विजयी होने वाली भाजपा तीसरी बार भी यहां से जीत को प्रयासरत है**

**बस्ती में सपा-कांग्रेस से राम प्रसाद चौधरी, भाजपा से हरीश द्विवेदी और बसपा से दयाशंकर मिश्र हैं उम्मीदवार**

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार:** बस्ती वो धरती है जहां पर महर्षि वशिष्ठ का आश्रम हुआ करता था। ऐसे में प्राचीन भारत में इस भूमि को ''वैशिष्ठी'' के नाम से भी जाना जाता है। राजा कल्हल के द्वारा इस जगह का नाम बस्ती रखा गया था। लोकसभा सीट की बात करें तो साल 2014 और साल 2019 के चुनावों में लगातार विजयी होने वाली भाजपा तीसरी बार भी यहां से विजयी होने को प्रयासरत है। हालांकि विपक्ष भी यहां पूरी तैयारी से है।

बस्ती लोकसभा सीट में 5 विधानसभा सीट (हरैया, कप्तानगंज, रुधौली, बस्ती सदर और महादेवा) हैं। पांच विधानसभा सीटों में से तीन पर सपा का कब्जा है और एक पर 2022 में उसी की गठबंधन पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पास है। एक सीट ही भाजपा के है। कई विरोधाभासों अपने समाए हुए बस्ती सीट पर 2024 लोस चुनाव में कड़ी टक्कड़ होने वाली है।

दरअसल, यहां भाजपा और सपा-कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा को अपनी पार्टी में शामिल कर यहां से लोस चुनाव का टिकट भी थाम दिया है। 35 साल से भाजपा में सक्रिय दयाशंकर के हाथी पर सवार होकर मैदान में आने से चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

### किस करवट बैठेगा चुनावी ऊंट

फिलहाल मौजूदा लोस चुनाव के लिए बसपा द्वारा दयाशंकर मिश्र को प्रत्याशी बनाने ऐलान से ही चुनाव में सरगर्मी बढ़ गई है। बस्ती में अभी तक सपा-कांग्रेस गठबंधन द्वारा राम प्रसाद चौधरी, भाजपा से हरीश द्विवेदी के नाम का ऐलान हुआ था। तीसरे प्रत्याशी के तौर पर दयाशंकर की इंट्री ने चुनाव को रोचक बना दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा इस बार चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा। राजनीतिक जानकार यह भी कह रहे हैं कि बसपा के इस चाल का सपा को फायदा हो सकता है। दावा किया जा रहा है कि जब दो ब्राह्मण मैदान में उतरेंगे तब फायदा तीसरे को हो सकता है। हालांकि यह समीक्षा अटकलबाजी तक ही सीमित हैं। बस्ती में 25 मई को मतदान है और 4 जून को मतगणना होगी। परिणाम ही बताएंगे कि किस दल का पलड़ा भारी रहा।

### प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा जिला

बस्ती क्षेत्रफल की नजर से उत्तर प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा जिला है। दलित, ब्राह्मण, क्षत्रिय, कुर्मी और मुस्लिम बहुल इस क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक क्षेत्र में करीब 5.98 लाख सवर्ण, 6.20 लाख ओबीसी, 4.30 लाख अनुसूचित जाति और 1.83 लाख मुस्लिम हैं। 2019 में कुल मतदाता 18,31,666 रहे। इनमें 990184 पुरुष, 841345 महिला और 137 थर्ड जेंडर के मतदाता थे। 2011 की जनगणना के मुताबिक बस्ती की आबादी 24,64,464 है।


हरीश द्विवेदी



दयाशंकर मिश्र

### लोकसभा सीट का इतिहास

देश की आजादी के बाद बस्ती में 1952 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए थे। उस चुनाव में हर तरफ कांग्रेस ही कांग्रेस थी। कोई अन्य दल मुकाबले में दिखता नहीं था। पहले चुनाव में यहां से उदय शंकर दुबे ने जीत हासिल की थी। 1957 में हुए दूसरे चुनाव में निर्दल उम्मीदवार के तौर पर रामगरीब विजयी रहे। 1957 में ही हुए उपचुनाव और 1962 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर इस सीट पर कब्जा किया। केशव देव मालवीय यहां से विजयी रहे। 1967 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिवनारायण और 1971 में अनंत प्रसाद धूसिया ने विजय पायी। 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोकदल के टिकट पर शिवनारायण जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंदिरा) के प्रत्याशी कल्पनाथ सोनकर ने जीत हासिल की। 1984 में भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार रामअवध प्रसाद जीते। इसके बाद 1989 में जनता दल के टिकट पर कल्पनाथ सोनकर ने विजयी रहे। रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान 1991 में पहली बार भाजपा ने यहां कमल खिलाया। इसके बाद लगातार 1996, 1998 और 1999 में भाजपा प्रत्याशी ही यहां से विजयी होते रहे। फिर आया 2004 का चुनाव। इस बार बसपा के लालमणि प्रसाद ने जीत हासिल कर ली। 2009 के चुनाव में भी बसपा ने सीट पर अपना कब्जा बनाए रखा। इस बार अरविंद कुमार चौधरी यहां से सांसद बने। 2014 में मोदी लहर में एक बार फिर इस सीट पर भगवा लहराया। हरीश द्विवेदी ने जीत हासिल की जिसे 2019 में भी बरकरार रखा। हरीश द्विवेदी वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव हैं। उनके मुकाबले में पिछली बार बसपा से लड़कर दूसरे नंबर पर रहे वरिष्ठ नेता रामप्रसाद चौधरी अब सपा में हैं। सपा की तरफ से भी रामप्रसाद को राष्ट्रीय सचिव का जिम्मा है।


## आईना : बस्ती लोकसभा सीट

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| हरीश द्विवेदी | 471,163 |
| राम प्रसाद चौधरी | 4,40,808 |
| राज किशोर सिंह | 86,920 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | हरीश द्विवेदी | 3,57,680 |
| सपा | बृजकिशोर सिंह "डिम्पल" | 324,118 |
| बसपा | राम प्रसाद चौधरी | 283,747 |
| कांग्रेस | बसंत चौधरी | 27,673 |


2014 नोटा 10,168 | 2019 नोटा 10,298

### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1951 | उदय शंकर दुबे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | राम गरीब | स्वतंत्र राजनीतिज्ञ |
| 1957,62 | केशव देव मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | शेओ नारायण | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | अनंत प्रसाद धूसिया | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | शेओ नारायण | जनता पार्टी |
| 1980 | कल्पनाथ सोनकर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राम अवध प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | कल्पनाथ सोनकर | जनता दल |
| 1991 | श्याम लाल कमल | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996,98 व99 | श्रीराम चौहान | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | लाल मणि प्रसाद | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | अरविन्द कुमार चौधरी | बहुजन समाज पार्टी |
| 2014 व 19 | हरीश द्विवेदी | भारतीय जनता पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | अरविन्द कुमार चौधरी | 2,68,666 |
| सपा | राज किशोर सिंह | 1,63,456 |
| भाजपा | डॉ. वाईडी सिंह | 1,17,259 |
| कांग्रेस | बसंत चौधरी | 95,235 |




2024

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | -1831996 |
| पुरुष मतदाता | - 991527 |
| महिला मतदाता | - 840331 |

### जनता के सवालों पर क्यों मौन हैं प्रधानमंत्री: अजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के सवालों पर क्यों मौन रहते हैं। अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री की चुनावी सभा पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्म का सहारा लेती है, आज एक बार फिर पीएम मोदी वही पुरानी स्क्रिप्ट पढ़ते नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने हर भाषण में देश की भोली-भाली जनता को छलते हैं।

### चुनाव प्रचार में रालोद ने शुरू की शक्ति रथ यात्रा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार।** पश्चिम उप्र. में रालोद और एनडीए प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने के लिए रालोद ने शुक्रवार से शक्ति रथ यात्रा शुरू की है। पहले दिन रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की पत्नी चारू चौधरी ने रथ पर बैठकर बागपत लोकसभा सीट में सिवालखास विधानसभा में जनसंपर्क किया है।

रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने बताया कि पश्चिम उप्र. में रालोद का जनाधार है, मतदाताओं के बीच रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी समेत सभी पदाधिकारी जनसंपर्क लगातार जारी है। अधिक से अधिक मतदाताओं के बीच पहुंचने के लिए शक्तिरथ यात्रा शुरू की गई है, इसके लिए माध्यम से हर दिन एक विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया जायेगा। सुबह सिवालखास नगर पुल से चारू चौधरी ने यात्रा शुरू की जो कि शाम सात बजे दबुथवा में संपन्न हुई।

# हाईटेक चुनाव प्रचार, ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश

## झंडा, बैनर, पोस्टर, बिल्ला आदि का मंदा हो गया कारोबार

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** वक्त गुजरने के साथ ही परंपरागत चुनाव प्रचार अभियान की तस्वीर भी बदल गई है। जनता के साथ नेताजी भी खुद को हाईटेक बनकर सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

डेढ़ दशक पहले तक उम्मीदवार वोटरों के बीच अपनी बात पहुंचाने के लिए पार्टी का झंडा और भोंपू (लाउडस्पीकर) लगे वाहन से गांव की गलियों में धूल फांकते थे। प्रचार-प्रसार के लिए हैंडबिल, पोस्टर, बैनर के साथ धुआंधार नारेबाजी होती थी। पर अब सब कुछ बदल गया है।

सीमित समय में मतदाताओं तक पहुंचना नामुमकिन होता है। लिहाजा हाईटेक तरीके से प्रचार किया जा रहा है। नेताओं ने भी सोशल मीडिया को प्रचार के लिए बेहतर प्लेटफार्म मान लिया है। हर नेता मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया से जुड़कर दिन भर जनता के बीच रहना पसंद कर रहा है।

फेसबुक, ह्वाट्सएप, ट्यूटर, इंस्टाग्राम प्रचार सामग्री से पटे पड़े हैं। जिले में तकरीबन सभी उम्मीदवार और उनके समर्थक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अपनी बात रखने और विपक्षियों के आरोपों का जवाब देने में कर रहे हैं।

### रिझाने का प्रयास

- **नेताजी भी खुद हाईटेक बनकर सोशल मीडिया पर कर रहे हैं चुनाव प्रचार**

उम्मीदवारों की मानें तो सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करना काफी सस्ता है। इसमें नाम मात्र का ही खर्च आता है। उम्मीदवार अपने प्रचार के लिए भले ही हर घर और हर मतदाता तक स्वयं न पहुंच पाएं। लेकिन उनकी बात ऑडियो वीडियो या लिखित संदेश के जरिए वोटरों के मोबाइल फोन तक जरूर पहुंच रही है। यही नहीं राजनीतिक दल और उनकी नीतियां तथा सूचनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए अपन-अपने मोबाइल एप भी रखते हैं। उम्मीदवारों का मानना है कि युवा वर्ग सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं।

### पोस्टर नहीं रील्स की बढ़ी मांग

चुनाव में प्रत्याशी डिजिटल कैंपेनिंग पर काम कर रहे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। ऐसे में चुनावी सभा और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार किया जा रहा है। बात अगर पोस्टर, बैनर, बिल्ला व झंडे. आदि की करें तो इसका कारोबारा करीब 40 फीसदी तक घट गया है।



### चौथे चरण के लिए छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इन सीटों पर अब तक 12 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल निर्धारित है। 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर (अजा) में एक, धौरहरा में दो, उन्नाव में दो व इटावा (अजा) में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। शाहजहांपुर (अजा) लोकसभा सीट के लिए सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से प्रेमचन्द्र ने नामांकन पत्र भरा। धौरहरा सीट के लिए दो नामांकन पत्र भरे गये, इसमें पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार व निर्दलीय प्रत्याशी में नर सिंह शामिल हैं। उन्नाव लोकसभा सीट के लिए दो नामांकन पत्र भरे गये, इसमें शिव प्रकाश सिंह व उमेश निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। इटावा (अजा) लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से जितेन्द्र कुमार ने नामांकन पत्र भरा।

### चुनावी चक्कर

- **सोशल मीडिया फिर दिखीं पोलिंग ऑफिसर रीना :** अगर चुनाव चल रहा हो तो पोलिंग ऑफिसर रीना द्विवेदी का भी सुर्खियों में आना तय मानिए। बीते कई चुनाव से रीना द्विवेदी अपने पहनावे और पर्सनालिटी के कारण खासकर सोशल मीडिया पर छा जातीं हैं। जी हां, वही पीली साड़ी वाली पोलिंग ऑफिसर जो साल 2019 के लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के दौरान चर्चा में आयीं थीं। दरअसल, पीली साड़ी वाली मैडम रीना द्विवेदी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो पोलिंग बैग हाथ में लिए अपने अंदाज में चलती हुई नजर आ रही है। साथ ही संदेश लिखा है कि, पहले मतदान, फिर जलपान। हालांकि इस बार वह गुलाबी रंग की साड़ी में हैं।

- **मुस्लिम महिला कर्मचारियों की तैनाती :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश मतदान के दौरान कई रोचक दृश्य भी सामने आए। कई मतदान केंद्रों पर तो सुबह 7 बजे से पहले ही चहल-पहल नजर आने लगी। इसमें वोटर्स भी पहुंचे दिखे। खासकर पहली बार मताधिकार का प्रयोग कर रहे वोटर्स का उत्साह देखते बना। इस बीच कुछ क्षेत्रों में फर्जी मतदान को रोकने के लिए मुस्लिम महिला कर्मचारियों को बुर्का पहनाकर तैनात किया गया था। ये महिला कर्मचारी मतदान के लिए आने वाली बुर्कानशीं मतदाताओं का हिजाब उठाकर आईडी पर लगे फोटो से उनका मिलान कर रही हैं। दरअसल, बुर्के की आड़ में फर्जी मतदान की खबरें हर चुनाव में आती रही हैं, इसलिए ऐसी सतर्कता बरती गई।

# होमगाड्र्स को मिलेगा अग्रिम भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लोकसभा चुनावों में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात किए गए करीब 50 हजार होमगाड्र्स

▸▸ भत्तों की धनराशि के 40 प्रतिशत अग्रिम भुगतान की मंजूरी

**अमृत विचार :** शासन की ओर से लोकसभा चुनाव ड्यूटी करने वाले होमगाड्र्स स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) के ड्यूटी भत्ते के अग्रिम भुगतान की स्वीकृति दे दी गई है। इसके तहत निर्वाचन ड्यूटी में तैनात किए जाने वाले होमगाड्र्स को ड्यूटी भत्ते के मद में प्राविधानित धनराशि का 40 प्रतिशत अग्रिम के रूप में भुगतान किया जाएगा। पूरे राज्य में इस व्यवस्था को लागू किए जाने से निर्वाचन ड्यूटी में जाने वाले होमगाड्र्स को काफी राहत मिलेगी।

इसके माध्यम से वह ड्यूटी पर जाने से पूर्व अपने परिजनों की जरूरतों को पूरा कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। इस बार गृह जनपद के साथ-साथ इन्हें दूसरे जिलों में भी चुनाव ड्यूटी पर भेजे जाने की तैयारी है।

होमगार्ड विभाग के मंत्री पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस बार चुनाव में करीब 50 हजार होमगाड्र्स की विभिन्न चरणों में चुनाव ड्यूटी लगाई जाएगी। ऐसे में होमगाड्र्स विभाग द्वारा इन्हें अग्रिम भुगतान दिए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था।

इस क्रम में शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के इनकम एक्सपेंडीचर के तहत प्राविधानित धनराशि 2634 करोड़ 39 लाख रुपये की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है।

## पश्चिम की हवा ने भाजपा का कर दिया सफाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के



सिकन्दराबाद में सपा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. महेन्द्र सिंह नागर के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में ही पश्चिम की हवा ने भाजपा का सफाया कर दिया है। भाजपा का पहला शो ही फ्लॉप हो गया है। भाजपा का झूठ और लूट जनता के सामने उजागर हो गया है। पिछले दस साल में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला है। गाजियाबाद से गाजीपुर तक जनता भाजपा का सफाया करेगी।

# आश्रम पद्धति विद्यालयों में शुरू हुईं नियुक्तियां

## अयोध्या और जौनपुर में तीन नए आश्रम पद्धति विद्यालय का होगा संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ छात्र-छात्राओं के लिए पहुंच गई हैं पुस्तकें

▸▸ तीनों विद्यालय के लिए 40 लोगों का स्टाफ रखा जाएगा

**अमृत विचार :** बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से शुरू हुए तीन आश्रम पद्धति विद्यालय में प्राचार्य से लेकर अन्य कर्मियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। माह के अंत तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो सकती है।

बता दें कि अयोध्या और जौनपुर में आश्रम पद्धति विद्यालय के भवन का निर्माण लगभग चार-पांच वर्ष पूर्व हो गया था, मगर इसके बाद भी पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी थी। आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन करने के लिए फरवरी माह से ही कवायद शुरू कर दी गई थी। आश्रम पद्धति विद्यालय में बच्चों ने दाखिला ले लिया है। पढ़ाई के लिए पुस्तकें भी पहुंच गई हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों जिलों के लिए कुल 40 लोगों को स्टाफ रखा जाना है। इसमें प्राचार्य, शिक्षक, कंप्यूटर प्रशिक्षक और चतुर्थ श्रेणी कर्मी रखे जाएंगे। इनकी नियुक्ति जल्द कर दी जाएगी। प्रयास किया जाएगा माह के अंत तक कक्षाएं विधिवत संचालित होने लगें।

### नए विद्यालयों के निर्माण का रास्ता साफ

**अमृत विचार, लखनऊ :** पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सकता है। इसके लिए 20 करोड़ का बजट विभाग को मिला है। बता दें कि कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण होना है। केंद्रीय बजट के दौरान ही एटीएस के लिए राशि बढ़ा दी गई थी। पांच जिलों में एटीएस निमार्ण पर कुल 40 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। 20 करोड़ रुपये शासन से स्वीकृत हो चुके हैं और विभाग को मिल गए हैं।

## एक नजर

### एनडीए प्रत्याशियों को जिताने के लिए रालोद बनाएगा रणनीति

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्तमान रक्षा मंत्री व भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह पांच लाख वोट के अंतर से जीतेंगे,



इसके लिए वार्डों तथा विधानसभा स्तर पर रालोद कमेटियां जनसंपर्क अभियान कर रहीं हैं, जनसंपर्क और बढ़ाया जायेगा। यह बात शुक्रवार को रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने समन्वय बैठक में पदाधिकारियों को संकल्प दिलाते हुए कही। बैठक के बाद उन्होंने जनसंपर्क भी किया। रालोद कार्यालय में संपन्न बैठक की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि रालोद नेता और कार्यकर्ता सभी वार्डों में जाकर लोगों से मिलकर राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। साथ ही बताया कि भारी मतों से विजयी बनाने के लिए पदाधिकारियों से रणनीति तैयार करने को कहा गया है। इस अवसर पर वसीम हैदर, बीएल प्रेमी, मौलाना एमए आरिफ, रामेश्वरम इंस्टीटयूट के चेयरमैन सुरेन्द्र शुक्ला समेत पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# चुनाव चिन्ह के मांग वाली अपना दल की याचिका कोर्ट में खारिज

## चुनाव आयोग ठुकरा चुका है लिफाफा चुनाव चिन्ह देने की मांग

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कहा, संविधान के अनुच्छेद 329 (बी) के तहत रिट याचिका पोषणीय नहीं

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपना दल (कमेरावादी) की ओर से अध्यक्ष कृष्णा पटेल द्वारा दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें 'लिफाफा' चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाने का आदेश चुनाव आयोग को देने की मांग की गई थी। न्यायालय ने याचिका को पोषणीयता के आधार पर खारिज करते हुए कहा कि आचार संहिता लागू हो जाने के बाद चुनाव प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है, लिहाजा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों व संविधान के अनुच्छेद 329 (बी) के तहत रिट याचिका पोषणीय नहीं है।



यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने पारित किया है। याचिका में कहा गया था कि याची की पार्टी चुनाव आयोग में पंजीकृत है, हालांकि यह एक गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है। 22 दिसम्बर 2023 को याची की पार्टी की ओर से चुनाव चिन्ह आवंटित करने संबंधी प्रार्थना पत्र आयोग को दिया गया था, जिस पर ज्वाइंट चीफ इलेक्टोराल ऑफिसर ने रिपोर्ट दी कि पार्टी की ओर से कांट्रिब्यूशन रिपोर्ट और एनुअल अकाउंट स्टेटमेंट नहीं दिया गया है। कहा गया कि इस आधार पर पार्टी के प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया गया। कहा गया कि चुनाव चिन्ह का आवंटन न होने के कारण पार्टी आम चुनावों में अपने प्रत्याशी नहीं उतार पा रही है।

याचिका का चुनाव आयोग की ओर से विरोध करते हुए कहा गया कि पार्टी की ओर से भेजा गया प्रार्थना पत्र अपूर्ण होने के कारण खारिज किया गया है। यह भी दलील दी गई कि अनुच्छेद 329(बी) के तहत चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद रिट क्षेत्राधिकार के तहत हाईकोर्ट के पास हस्तक्षेप करने की गुंजाइश बहुत सीमित होती है। दोनों पक्षों की बहस सुनने व अशोक कुमार व मोहिन्दर सिंह मामले में शीर्ष अदालत द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों को देखते हुए न्यायालय ने याचिका को पोषणीय नहीं माना।

## शहरी क्षेत्रों का जियो स्पेशल डाटाबेस कार्य पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में शहरी क्षेत्रों के सभी 783 नगर निकायों का मानचित्र व 14,455 वार्डों का तैयार किया जा रहा जियो-स्पेशल डाटाबेस कार्य पूर्ण हो गया है। जिसे जनगणना कार्य निदेशालय ने स्थानीय निकाय निदेशालय के साथ मिलकर तैयार किया है। जनगणना निदेशक शीतल वर्मा ने शुक्रवार को निकाय निदेशक नितिन बंसल को स्पेशल डाटाबेस सौंप दिया है।

जनगणना निदेशालय की निदेशक ने बताया कि शहरों में स्थापित निकायों एवं वार्डों के नक्शों का डिजिटलाइजेशन किया गया है। इसमें प्रशासनिक स्तर की हर छोटी से छोटी से इकाई तक को शामिल किया गया है। जियो-स्पेशल डाटाबेस शहरी योजनाओं के विकास, भू-प्रशासन, बैंकिंग और वित्तीय आर्थिक गतिविधियों, जल, आपदा प्रबंधन, आपूर्ति सेवाओं आदि हर क्षेत्र में उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि जियो डाटाबेस से वार्ड सीमा, नगरीय क्षेत्रों में जनगणना के दौरान नागरिकों का दोहराव और लोगों के छूटने की समस्या खत्म हो जायेगी।



भाजपा को समर्थन देने वाले संगठनों के पदाधिकारियों के साथ पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में उपस्थित जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

# विभिन्न संगठनों ने दिया भाजपा को समर्थन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पार्टी प्रदेश मुख्यालय में की समर्थन देने की घोषणा

▸▸ मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व मंत्री जेपीएस राठौर रहे मौजूद

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने पार्टी नीति में विश्वास जताते हुए समर्थन की घोषणा की। इस मौके पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे सहित अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया।

भाजपा को समर्थन देने वाले संगठनों में दलित शोषित पिछड़ा वर्ग अधिकार दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बलवीर प्रजापति, अपनी पार्टी सेकुलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह चौहान, पूर्वांचल मुक्ति फाउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुन्दर स्वामी उर्फ श्यामानन्द जी महाराज, राष्ट्रीय निषाद संघ के प्रदेश अध्यक्ष कैलाशनाथ निषाद, हिस्सेदारी मोर्चा के संयोजक कृष्ण गोपाल सिंह कश्यप, राष्ट्रीय लोनिया चौहान एकता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक छविराम सिंह लोनिया, राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) के राष्ट्रीय संयोजक हरवंश सिंह और अखंड जलवंशी सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय कश्यप शामिल रहे।

# घपले के आरोपी ने किराये पर ले रखा है आईएएस का मकान

## रकम पाने के लिए मकान पता कर पहुंच रहे परेशान निवेशक, गेट के अंदर प्रवेश बंद

विनय सिंह, लखनऊ

▸▸ डेढ़ लाख रुपये है मासिक किराया, रसूखदार पद पर तैनात है अधिकारी

▸▸ ग्रुप का चेयरमैन था प्रभावशाली इसलिए पंचम तल के आदेश पर दर्ज हुई थी एफआईआर

**अमृत विचार :** सैकड़ों निवेशकों की गाढ़ी कमाई जमा करवाकर उनका करोड़ों रुपये डकारने वाले टाइमसिटी ग्रुप के चेयरमैन ने एक आईएएस अफसर का मकान भी किराये पर ले रखा है। किराया भी कम नहीं, बल्कि डेढ़ लाख रुपये महीने है। वह भी शहीद पथ स्थित पॉश रिहायशी इलाके में। ग्रुप के चेयरमैन के खिलाफ जबसे धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है, उससे दो वर्ष पहले ही उसने आईएएस अफसर का मकान किराए पर ले रखा है। खास बात यह है कि ग्रुप के चेयरमैन निवेशकों का धन वापस नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन उक्त आईएएस के मकान का किराया लगातार खाते में पहुंच रहा है।

कई निवेशक चेयरमैन को तलाशने किराए वाले मकान में भी पहुंचे, लेकिन कॉलोनी के मुख्य गेट से ही निवेशकों को एंट्री नहीं मिली। आईएएस अफसर महत्वपूर्ण पद पर तैनात है। निवेशकों का कहना है कि ग्रुप के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के लंबे समय बाद भी अगर मकान ग्रुप को दिया हुआ है, तो उस अफसर पर भी संदेह उत्पन्न होता है।

> प्रकरण की विवेचना अभी चल रही है। हालांकि एक शिकायतकर्ता दो दिन पहले विवेचक बदलवाने के उद्देश्य से प्रार्थनापत्र दिया था। जल्द ही कोई निर्णय लेकर विवेचना पूर्ण करा रहा हूं।
> – जितेंद्र कुमार दुबे, एडीसीपी, उत्तरी

### टाइमसिटी ग्रुप पर ये है आरोप

टाइमसिटी ग्रुप पर 2018 से 2023 के बीच एफडी, आरडी, एमआईएस और डेली डिपॉजिट तथा अन्य स्कीमों के माध्यम से सैकड़ों निवेशकों का करोड़ों रुपये जमा कराकर फरार होने का आरोप है। निवेशकों का कहना है कि ग्रुप के चेयरमैन अंबेडकरनगर निवासी पंकज कुमार पाठक के खिलाफ तहरीरें दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। निवेशकों ने किसी तरह पंचम तल पर संपर्क स्थापित किया। फिर जाकर पंचम तल के आदेश पर गुडंबा पुलिस ने ग्रुप के आठ निदेशकों, एक एचआर, दो महाप्रबंधक और एक प्रबंधक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया था, जिसकी विवेचना अब भी जारी है। निवेशकों का कहना है कि टाइमसिटी ग्रुप ने सहारा की तर्ज पर एफडी, आरडी, एमआईएस और डेली डिपॉजिट जैसी स्कीमों को लागू करने के लिए जिलों और तहसीलों तक में बैंक शाखाएं खोल रखी थीं। इनमें अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर आदि जिले शामिल थे। सभी बैंकों में प्रबंधक और अन्य बैंक कार्मिक कार्यरत थे।

# बसपा ने मोदी के खिलाफ बदला प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लोस चुनाव के लिए 11 प्रत्याशियों की छठवीं सूची जारी की

**अमृत विचार :** बसपा ने लोकसभा चुनाव में वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ प्रत्याशी बदलते हुए शुक्रवार को 11 प्रत्याशियों की छठवीं सूची कर दी है। वाराणसी में अतहर जमाल लारी की जगह सैय्यज नेयाज अली (मंजू भाई) को प्रत्याशी बनाया गया है। साथ ही फिरोजाबाद सीट पर भी प्रत्याशी सत्येंद्र जैन सोली को बदल कर चौधरी बशीर को उतारा है।

बसपा सुप्रीमो मायावती के अनुमोदन के बाद बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने 11 प्रत्याशियों की सूची में पांच मुस्लिम शामिल कर मुस्लिम मतदाताओं में विश्वास बढ़ाने का प्रयास किया गया है। घोषित प्रत्याशियों में संतकबीर नगर से मोहम्मद आलम, महराजगंज में मो.मौसमे आलम, भदोही से अतहर अंसारी को प्रत्याशी बनाया है। सुरक्षित सीटों में हरदोई में बसपा के वर्तमान एमएलसी भीमराव अंबेडकर, मिश्रिख में बीआर अहिरवार और मछलीशहर में कृपा शंकर सरोज को उतारा है। वहीं फतेहपुर में डॉ. मनीष सिंह सचान, सीतापुर में महेन्द्र सिंह यादव और फूलपुर में जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया है।

# प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार, कई अभी भी फरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल रहे 14 अभियुक्त अब पुलिस की गिरफ्त में हैं। इन 14 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महीनों का समय लग गया। इतने ही आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। एसटीएफ द्वारा पूछताछ में प्रश्नपत्र लीक कराने में जिन-जिन के नाम पता चले हैं, उनमें से दो आरोपियों को पुलिस ने दो दिन पहले गिरफ्तार किया था। जबकि बाकी की धरपकड़ जारी है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में पता चला है कि अभी 10 से 12 और आरोपी हैं, जो पर्चा लीक कराने में शामिल थे।

एसटीएफ ने 5 मार्च को दीप उर्फ दीपक, विट्टू पुत्र दयाराम, प्रवीण पुत्र ओमपाल, रोहित उर्फ ललित, नवीन और साहिल को गिरफ्तार किया था। इन्हीं आरोपियों की निशानदेही पर एसटीएफ ने 12 मार्च को महेंद्र पुत्र रामफल निवासी जींद हरियाणा को गिरफ्तार किया। इसके बाद 14 मार्च को अभिषेक कुमार शुक्ला, शिवम गिरि, रोहित कुमार पांडेय को गिरफ्तार किया।


## वर्ग पहेली-45

**बाएं से दाएं**

1. 1. फूंका जाना 2. वस्तु आदि का जलना या भस्म होना 3. व्यर्थ ख़र्च होना 4. नष्ट या बरबाद होना।
2. 1. फ़रेब या छल करने वाला, चालबाज़, धोखेबाज़, कपटी, चालाक, धूर्त, ठग 2 फ़रेब संबंधी।
5. विक्रमादित्य के दरबार के एक नवरत्न अमर सिंह का बनाया हुआ प्रसिद्ध कोश।
8. 1. तुलसी की एक प्रजाति, काली तुलसी 2. चीड़ का वृक्ष।
9. घुड़सार, अस्तबल।
10. 1. मछली के शरीर का छिलका 2. दाल जैसे अनाज का छिलका।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. भूलने वाला, भुलक्कड़
3. 1. नाश, क्षति, हानि 2. आघात, चोट 3. क्लेश, पीड़ा।
4. 1. चुलचुली या हलकी खुजली होना 2. नटखटी करना 3. संभोग की उत्कट इच्छा होना 4. चंचलतापूर्वक इधर-उधर हाथ-पैर मारना।
6. 1. बनावटी, अप्राकृतिक, कृत्रिम 2. मिथ्या, पाखंडपूर्ण।
7. नृत्य में निपुण वह व्यक्ति जो तलवार की धार पर नृत्य कर सकता है और अंगों को तोड़-मरोड़कर कई तरह के करतब दिखा सकता है।



### वर्ग पहेली -44 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अ | ज | य | | 2 पा | ड़ा |
| 3 सा | व | | | 4 झ | | |
| | स | | 5 सि | र | का | |
| 6 चु | र | चु | रा | ना | | 7 छु |
| | वा | | ज | | | ट |
| 8 चाँ | द | 9 ना | | | 10 जि | प |
| | | 11 य | ज | न | | न |

## सुडोकू -124

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | 8 |
| 1 | | | | 3 | | | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | 4 | | |
| 5 | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | 6 | | |
| | | 2 | | | 1 | 7 | | |
| | 4 | | | 8 | | | | 5 |
| 6 | | | 7 | | | 2 | | |

### सुडोकू -123 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 4 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 22.41 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 14.04 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** – आज साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े कनफ्यूज हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

**वृष** – आज लोन वगैरह के कारण कोई काम अटक सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। असंतुलित खानपान के कारण आपको पाचन की समस्या होगी। अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज पुराना अनुभव आपके काफी काम आएगा। रिश्तेदारों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। व्यापारिक अनुबंधों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क** – आज बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी आपके प्रदर्शन से काफी प्रसन्न रहेगा और आपकी आय भी बढ़ा सकता है। आपको सामाजिक कार्यों से यश मिल सकता है। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी।

**सिंह** – आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में उच्च पद मिल सकता है। आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**कन्या** – आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहेंगे। महंगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित व अनुशासित रखें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है।

**तुला** – आज दांपत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है।

**धनु** – आज कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं। कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए।

**मकर** – आज साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को निराशा महसूस हो सकती है। रूढ़िवादी विचारों से स्वयं को दूर रखें। क्रोध करने से आपको बचना चाहिए। आपके मन में तनाव रहेगा। मौसमी बीमारियां घेर सकती है।

**कुंभ** – आज दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। घर का माहौल काफी सुखद रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय देंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा सामंजस्य रहेगा।

**मीन** – आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिए दिन जबरदस्त रहेगा। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
घातक – सुबह : 08.35
दानवीर – रात : 07.00

**Sony Pix**
वंडर वुमन – सुबह : 10.10
स्पाइडर मैन – रात : 08.34

**Sony Max**
शकुंतला देवी – सुबह : 10.12
भूल भुलैया – शाम : 06.00

**Zee Cinema**
यमला पगला दीवाना – सुबह : 09.35
बत्ती गुल मीटर चालू – रात : 07.25

**Colors Cineplex**
रंगीला – सुबह : 11.03
कभी अलविदा न कहना – दोपहर : 02.15

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर दोपहर : 02.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक प्रसिद्ध गायक अपना कार्यक्रम पेश करने के बाद हॉल से कमरे में जा रही थी।
एक महिला ने पूछा- क्या आप ही वह माहिर गायक हैं, जो ऊंचे सुर में भी आसानी से गा लेती हैं?
गायक ने प्रसन्न होकर- जी हां।
महिला- मेरा जरा सा काम कर दीजिए, मेरे ड्राइवर को जोर से पुकारिए, वह कहीं खो गया है। उसका नाम घनश्याम है।

चंपक- मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो।
मम्मी- बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?
चंपक- क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है।

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 995 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1155 डीएमओ- 885

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 56400-56600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 75,900 |
| सोना रवा | 75,750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74800 |
| सिल्वर (पक्की) | 830 (अनुमानित) |

## कानपुर मंडी

गेहूँ दड़ा 2300-2400, आर. आर.21 2450-2500, गेहूँफारम 2550-2600, जौ 2000 -2100, ज्वार 2000 -4000 ,बाजरा 2100-2150, मकाई 2200 -2400, चना 5800 -5900, अरहर 9000 -10000, मसूर 5500 -5600, मटर 3700 -4000, उड़दहरा 11000 -11800, उड़दकाला 6000 -8000, मूंग 8500 -8800, अरहर फूल 15800-16000, अरहर स्पेशल 13800-14000, चनादाल 7250-7350, मटर दाल 4950-5000, मसूर मलका 7300-7350, मसूर दाल 7400-7450, उड़द दाल 9500-13000, उड़द धोवा 10700- 13250, मूंगदाल 9500 -10500, मूंग धोवा 10000-11500, अरवा 2000 - 2300, बासमती न.1.8500 - 10000, सेला 2500 - 3000 बासमती न02. 6500 - 7500, आटा 1380-1430, मैदा 1350-1400, सूजी 1410-1430, शाहपसंद 1325-1350, अलसी4500 -4600, अण्डी 4600 -4700, तिल्ली 11500- 12700, मूँगफली दाना शिवपुरी 9400- 10600

# काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति से बढ़ेगा सब्जियों का रकबा

### आईआईवीआर वाराणसी की विकसित 19 प्रजाति केंद्र से अधिसूचित, बीज तैयार कर करेंगे बिक्री, प्रसंस्करण पर भी होगा काम

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**



अमृत विचार : काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति, अन्नपूर्णा, उत्कर्ष आदि से प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में सब्जियों का रकबा बढ़ेगा। यह सभी सब्जियों की नई प्रजाति के नाम हैं। इस तरह की 19 प्रजाति भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर) वाराणसी ने विकसित की है। जिसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने केंद्रीय बीज समिति के परामर्श पर अधिसूचित किया है। यानी इन नामों से सब्जियों के बीजों का उत्पादन, बिक्री और पैदावार किसान करेंगे।

खासियत यह है कि ज्यादातर सब्जियां हर मौसम में कम समय पर उगेंगी और ज्यादा दिन तक सुरक्षित रहेंगी। लंबी दूरी तक ले जाने में खराब नहीं होंगी। यह अधिक पौष्टिक हैं। पुरानी प्रजातियों के मुकाबले इनमें आयरन, विटामिन बी, सी व डी जैसे तत्व अधिक हैं। इन सब्जियों से प्रसंस्करण कर पाउडर भी बनाया जा सकेगा।

> उप्र में 19 सब्जियों की नई प्रजाति विकसित और अधिसूचित होना बड़ी उपलब्धि है। अब बीज तैयार कर किसानों को पैदावार के लिए देंगे। इससे सब्जियों की पैदावार बढ़ेगी। अन्य राज्यों को भी इसका लाभ मिलेगा। किसानों की आय बढ़ेगी।
>
> **-डॉ. राजीव वर्मा, संयुक्त निदेशक**
> (शाकभाजी), उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

### इन नामों से आएंगी ये नई प्रजाति


टमाटर : काशी तापस, टमाटर : काशी अद्भुत, बैगन : काशी उत्तम, सब्जी मटर : काशी पूर्वी, भिंडी : काशी उत्कर्ष, मूली : काशी ऋतुराज, टिंडा : काशी हरि, ककड़ी : काशी विधि, मिर्च : काशी गरिमा, परवल : काशी परवल 141, फलीदार मटर : काशी तृप्ति, फावा बीन (बकला) : काशी संपदा, विंगडबीन (सेम) : काशी अन्नपूर्णा, पालक चुकंदर : काशी बारामासी, पालक : काशी मनु, चौलाई : काशी चौलाई-1, तरबूज : काशी मोहिनी, करेला : काशी प्रतिष्ठा व करेला/लौकी : काशी शुभ्रा

### 8 से 10 वर्ष विज्ञानियों ने किया शोध

शासन ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 17 सदस्यीय कमेटी की स्वीकृति पर प्रदेश से विकसित 20 सब्जियों की नई प्रजाति का प्रस्ताव पिछले वर्ष केंद्र को अनुमोदन के लिए भेजा था। इसमें भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी की 19 प्रजाति, जबकि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की एक खीरा की प्रजाति शामिल है। इसमें वाराणसी की सभी प्रजाति अधिसूचित हुई है। इन प्रजाति को शोध कर विकसित करने में विज्ञानियों को आठ से 10 वर्ष लगे हैं।

# चार दिन बाद तेजी लौटी सेंसेक्स 599 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**



- बैंक और वाहन के शेयरों में अधिक खरीदारी से बाजार उबरा

बैंक एवं वाहन शेयरों में कम मूल्य पर अधिक खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती निचले स्तर से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए और चार दिन से जारी गिरावट का क्रम टूट गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 73,088.33 पर बंद हुआ। हालांकि शुरुआती कारोबार में 672.53 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़कते हुए 71,816.46 के निचले स्तर तक खिसक गया था। लेकिन बैंक शेयरों में खरीदारी से तेजी पकड़ने में सफल रहा। एनएसई का निफ्टी भी 151.15 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 22,147 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सत्र में यह 21,777.65 के निचले स्तर तक पहुंचा लेकिन बाद में बढ़त के साथ बंद हुआ।

बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, विप्रो, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी ने बढ़त हासिल की। वहीं नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट आई।

# जीएसटी प्राधिकरण ने सिप्ला पर 1.83 करोड़ का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत लगा है। जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी 'ट्रांजिशनल' क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया। सिप्ला ने कहा कि इस संबंध में अपीलीय प्राधिकार के पास अपील दायर करेगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सात सप्ताह की बढ़त गंवाते हुए 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.5 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 564.7 अरब डॉलर रह गया। वहीं, स्वर्ण भंडार 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 55.8 अरब डॉलर पहुंचा। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 9.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 3.5 करोड़ डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।

# मजबूती से आरबीआई को मूल्य स्थिरता पर ध्यान देने की गुंजाइश मिली : गवर्नर

**मुंबई, एजेंसी**

- मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर को 6.5% बनाए रखने का लिया गया फैसला

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 2024-25 के लिए मजबूत वृद्धि माहौल और जीडीपी अनुमान के चलते मूल्य स्थिरता पर ध्यान देने की गुंजाइश मिली है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति की बैठक में नीतिगत दर में यथास्थिति बनाए रखने के लिए मतदान करते हुए यह बात कही।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद रिजर्व बैंक ने नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया। मुद्रास्फीति पर चिंताओं के बीच रेपो दर फरवरी 2023 से इसी स्तर पर बनी हुई है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को एमपीसी बैठक का विवरण जारी किया। दास ने कहा कि मुद्रास्फीति को कम करने के लिए पिछले दो वर्षों में जो लाभ हुआ है, उसे बरकरार रखना होगा। टिकाऊ आधार पर सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य तक लाने के लिए काम करना होगा।

एमपीसी के छह सदस्यों में पांच ने नीतिगत दर में यथास्थिति के पक्ष में मतदान किया था। एमपीसी सदस्य जयंत आर वर्मा ने हालांकि रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की वकालत की थी। उनकी दलील थी कि अधिक ब्याज दर से वृद्धि प्रभावित होती है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के आदिवासी जिला लाहौल-स्पीति में गुरुवार रात आठ बजकर 53 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई। भूकंप का केंद्र जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में था। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि यदि आपके क्षेत्र के आसपास भूकंप के कारण कोई क्षति होती है तो इसकी सूचना 1077 पर दी जा सकती है। कांगड़ा भूकंप, जो चार अप्रैल, 1905 को आया था, हिमाचल प्रदेश के इतिहास में सबसे विनाशकारी भूकंपीय घटनाओं में से एक था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.0 थी और इसका केंद्र धर्मशाला के पास करेरी में था। भूकंप ने पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विनाश किया, इमारतों, बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण क्षति हुई और जीवन की हानि हुई। अनुमान बताते हैं कि 20,000 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल या विस्थापित हो गए। राज्य सरकार लोगों को आपदाओं से बचाने के लिए कई कदम उठा रही है।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला से नौ ड्रग तस्करों को पकड़ा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला जिलों में मादक पदार्थ के नौ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पांच थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ सात तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वाघामा बिजबेहारा के फिरोज अहमद राथर और ऐजाज अहमद मंटू को गिरफ्तार किया और उनके पास से नौ किग्रा डोडा पोस्त मिला, जबकि नागम कोकरनाग के सुहैल अहमद डार और वॉटनार्ड कोकेरनाग के रेयाज़ अहमद मीर के कब्जे से 16.450 किग्रा भांग पाउडर मिला। उत्तरासू में पुलिस ने ऐशमुकाम से शकील अहमद वानी को गिरफ्तार किया और उसके पास से 21 ग्राम चरस, 350 ग्राम डोडा पोस्त और 10,000 रुपये बरामद किए। पुलिस ने येन्नेर पहलगाम के गुलाम नबी भट से चार किग्रा डोडा पोस्त और 1.25 किग्रा भांग बूसा पकड़ा। वाघामा बिजबेहरा के इंद्राज अहमद थोकर के कब्जे से करीब पांच किलो भांग पाउडर बरामद किया।

### साइबर पुलिस का अधिकारी बनकर 46 लाख रुपये ठगे

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताकर ठगों ने 47 वर्षीय व्यक्ति से 46 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ठगों ने पीड़ित के खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ का मामला दर्ज करने की धमकी देकर उसके साथ ठगी की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताया और नेरुल के रहने वाले पीड़ित से व्हाट्सएप पर संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने दावा किया कि उन्हें उसके (पीड़ित के) खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ के संबंध में शिकायत मिली है।

# निषेधाज्ञा रद करने के अनुरोध पर सुनवाई को तैयार अदालत

### पीठ ने प्राधिकरण को सभाओं की अनुमति की अर्जी पर निर्णय लेने का दिया निदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सिर्फ चुनाव के आधार पर धारा 144 के तहत जारी आदेशों को रद करने के लिए दायर की गई है याचिका

उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया, जिसमें सिर्फ चुनाव होने के आधार पर, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत जारी किये गए निषेधाज्ञा आदेशों को रद करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह निर्देश भी दिया कि सक्षम प्राधिकार चुनावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यात्रा या जन सभाएं आयोजित करने के लिए अनुमति मांगने वाली अर्जी पर तीन दिनों के अंदर निर्णय करे।

पीठ सामाजिक कार्यकर्ता अरूणा राय और निखिल डे की एक याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में, लोकसभा या विधानसभा चुनावों से पहले और परिणामों की घोषणा होने तक बैठकों, सभाओं, जुलूस या धरने को निषिद्ध करने के लिए मजिस्ट्रेट और राज्य सरकारों द्वारा सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने के लिए आदेश जारी किये पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। धारा 144 उपद्रव की आशंका होने पर लागू की जाती है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा, कुछ बहुत शानदार हो रहा है। छह महीनों में, निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने से लेकर चुनावों के समापन की पूरी अवधि तक (सीआरपीसी की) धारा 144 लागू करने का धड़ल्ले से आदेश जारी किया जा रहा है। यह धारा चुनावों के दौरान हर तरह की सभाओं, बैठकों और प्रदर्शनों को निषिद्ध करती है। पीठ ने कहा, इस तरह का आदेश कैसे जारी किया जा सकता है। भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के तीन निर्णय हैं जिनमें कहा गया है कि जब तक शांति भंग होने की प्रबल आशंका न हो यह आदेश जारी नहीं किया जा सकता। उन्होंने राजस्थान में 16 मार्च को सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश जारी किये जाने का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि यह आदेश 16 मार्च को प्रभावी होगा और छह जून तक पूरे बाड़मेर में प्रभावी रहेगा। भूषण ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने पिछले साल के विस चुनाव में मतदाताओं के अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए एक यात्रा की इजाजत लेने के वास्ते आवेदन दिया था।

# भोजन को लेकर ईडी का रुख संकीर्णता और राजनीति वाला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय पर जेल में उनके आहार पर संकीर्ण सोच रखने और राजनीति करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अदालत के समक्ष कहा कि उन्होंने जो खाना खाया वो उनके डॉक्टर द्वारा तैयार किए गए आहार चार्ट के अनुरूप था। ईडी ने अदालत के समक्ष दावा किया था कि केजरीवाल चिकित्सा आधार पर जमानत के लिए जेल में रोजाना आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले आहार ले रहे हैं जबकि उन्हें टाइप-2 डायबिटीज है। आप के राष्ट्रीय संयोजक शर्करा वाला भोजन कर रहे हैं ताकि वह अस्वस्थ हो जाएं और चिकित्सा आधार पर जमानत मांग सकें।

केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने अदालत से कहा, ईडी ने दावा किया है कि मैं जमानत पाने के लिए अपना रक्त शर्करा का स्तर बढ़ाना चाहता हूं। मैं क्या जमानत पाने के लिए लकवा का जोखिम उठाऊंगा? मैं जो भोजन कर रहा हूं वह गिरफ्तारी से पहले मेरे डॉक्टर द्वारा तैयार आहार चार्ट के अनुसार है। केजरीवाल के जेल में आम, मिठाई, आलू-पूरी खाने के ईडी के दावे पर उन्होंने कहा कि उन्हें एक-दो बार ही ऐसा भोजन दिया गया। सिंघवी ने कहा, आरोप है कि मैं आम खा रहा हूं... घर से 48 बार भोजन भेजा गया जिसमें से केवल तीन बार आम भेजे गए। आठ अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया। आम को तो ऐसे दर्शाया गया है जैसे उसमें शुगर भरी है। उनमें शर्करा का स्तर 'ब्राउन राइस' या सफेद चावल से बहुत कम होता है।'' केजरीवाल को जेल में घर के खाने की अनुमति दी गई है।

### तिहाड़ में केजरीवाल को नहीं दी जा रही इंसुलिन : आप



**नई दिल्ली।** आप ने मोदी सरकार के इशारे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जीवन से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि तिहाड़ जेल में उनको इंसुलिन नहीं दी जा रही है। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा की कार्य पद्धति और और उनके नेता जिस तरह से काम करते हैं, वह किसी की जान लेने की हद तक षड़यंत्र रच सकते हैं। मुख्यमंत्री से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की मुलाकात आतंकवादियों की तरह कराई जाती है। जेल के नियमों के मुताबिक किसी भी कैदी के बारे में उसके स्वास्थ्य और खानपान से संबंधित कोई भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। ईडी ने गुरुवार को किस आधार पर केजरीवाल के झूठे डाइट चार्ज को मीडिया में प्रचारित करवाया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल शुगर के मरीज हैं और इंसुलिन लेते हैं। अगर समय पर उसे इंसुलिन न दी जाए तो उसकी जान जा सकती है।

# छत्तीसगढ़ में यूबीजीएल फटा सीआरपीएफ के जवान की मौत

**बीजापुर, एजेंसी**

- नक्सल प्रभावित बीजापुर में अभियान के दौरान दुर्घटना का शिकार हुआ जवान

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (यूबीजीएल) के दुर्घटनावश फट जाने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान की मृत्यु हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गलगम गांव के यूबीजीएल फटने से सीआरपीएफ की 196 वीं बटालियन के आरक्षक देवेंद्र (32) की मृत्यु हो गई।

सुरक्षाबल के जवान गलगम मतदान केंद्र से पांच सौ मीटर दूरी नक्सल विरोधी अभियान पर थे, उसी दौरान उनसे यूबीजीएल फट गया, जिससे देवेंद्र घायल हो गये। घायल जवान का प्राथमिक उपचार कर हेलीकॉप्टर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। आरक्षक देवेंद्र बस्तर जिले के धोबीगुड़ा गांव के निवासी थे। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल की जांच के लिए विशेषज्ञों के दल को रवाना किया गया है, जिससे विस्फोट के कारणों के बारे में जानकारी मिल सके। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान हुआ। क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाबलों के 60 हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया था।

### छत्तीसगढ़:महिला ने अपने दो बच्चों की हत्या के बाद की आत्महत्या

**कांकेर।** कांकेर जिले के चारामा थानांतर्गत ग्राम बड़ेगौरी से महिला ने अपने दो छोटे बच्चों के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मृतक महिला का विवाह महज तीन वर्ष पूर्व हुआ था। कांकेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर ने बताया कि घटना के वक्त महिला अपने बच्चों के साथ घर पर अकेली थी। महिला का पति और उसके सास व ससुर घर पर नहीं थे। पता चला है कि पारिवारिक कारणों के चलते महिला के आत्महत्या करने की आशंका है। पुलिस अभी किसी ठोस नतीजे पर नही पहुंची है। फिलहाल मामले में जांच की जा रही है। घटना बुधवार को शाम करीब पांच बजे की है।

# प्रचार अभियान से संबंधित वाहन दुर्घटनाग्रस्त, नाबालिग की मौत

**राजम।** आंध्र प्रदेश के राजम में वाईएसआरसीपी के विधानसभा उम्मीदवार का प्रचार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे नौ वर्षीय लड़के की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना गुरुवार रात आठ बजे हुई जब बिस्कुट खरीदने आए लड़के को वाईएसआरसीपी उम्मीदवार टी राजेश के वाहन ने टक्कर मार दी। गाड़ी में प्रत्याशी मौजूद नहीं थे और प्रचार के बाद जब चालक गाड़ी के टायर में हवा भराने के लिए ले गया तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने वाहन के चालक एम सुधीर को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और पोस्टमॉर्टम के बाद लड़के का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया।

# बोर्ड किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन या विरोध नहीं करता है : मौलाना मुजद्दिदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड किसी राजनीतिक दल का विरोध या समर्थन नहीं करता है। बोर्ड महासचिव मौलाना मुहम्मद फजल-उर-रहीम मुजद्दिदी ने शुक्रवार को जारी बयान में ये बात कही।

उन्होंने कहा कि बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सैयद अली मुहम्मद नकवी द्वारा भाजपा को समर्थन देने की बात सामने आयी है, यह उनकी निजी राय है, लेकिन इसका ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने विधान परिषद सदस्य डॉ खालिद अनवर के बोर्ड के पदाधिकारियों के बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को समर्थन देने संबंधी बयान को निराधार बताया है और कहा है कि डॉ अनवर ने गलत बयानी की है। स्थापना के बाद से ही बोर्ड ने खुद को राजनीति से दूर रखा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड कभी भी किसी पार्टी विशेष का समर्थन या विरोध नहीं करता।

# तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी, अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 40 ट्रेनें रद

**अंबाला, एजेंसी**

पंजाब और हरियाणा सीमा के पास शंभू में किसानों के शुक्रवार को तीसरे दिन पटरियों पर बैठे रहने से अंबाला-अमृतसर मार्ग रेल यातायात बाधित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि किसान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन साथियों को रिहा करने की मांग कर रहे हैं। आज 40 रेलगाड़ियां रद की गई हैं, जबकि 54 का मार्ग बदला गया है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर के तले पटियाला जिले के शंभू में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के तीसरे दिन भी जारी रहने की वजह से अंबाला-अमृतसर मार्ग पर रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर कुछ मालगाड़ियों का भी परिचालन होता है। रेलगाड़ियों की आवाजाही बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हो रही है।

# एनआईए ने बाइक विस्फोट के आरोपी की अचल संपत्ति की जब्त

नई दिल्ली। एनआईए ने पंजाब में 2021 में हुए विस्फोट में शामिल और खालिस्तानी आतंकवादियों से संबंध रखने के आरोपी की संपत्ति जब्त कर ली है। मामला जलालाबाद में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के पास बाइक में विस्फोट से संबंधित है, जिसमें हमलावर मारा गया था। एनआईए ने पंजाब के सदर फाजिल्का थानांतर्गत महातम नगर गांव के निवासी सूरत सिंह उर्फ सुरती की संपत्ति जब्त कर ली है। सूरत के पाकिस्तान में मौजूद खालिस्तानी आतंकवादियों हबीब खान उर्फ 'डॉक्टर' और लखवीर सिंह उर्फ 'रोडे' के साथ संबंध थे।

## दीपक, सुजीत ओलंपिक क्वालीफायर से चूके

बिश्केक, एजेंसी

भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ा झटका, दुबई में खराब मौसम के कारण हुई उड़ान में देरी की वजह से टोक्यो ओलंपियन दीपक पुनिया और सुजीत कलाकल एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 2024 से चूक गए।

आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में पुनिया और कलाकल को एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी।


दीपक पुनिया


सुजीत कलाकल

लगातार बारिश से दुबई में उड़ान में देरी की वजह से कल सुबह बिश्केक पहुंचने के बावजूद, भारतीय पहलवान समय पर वेट-इन के लिए रिपोर्ट नहीं कर सके। पुनिया और कलाकल, कोच कमल मलिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुये थे क्योंकि कई उड़ानें देरी से चल रही थी या रद्द कर दी गई थी। ये दोनों पहलवान क्वालीफायर के लिए रूस के दागेस्तान में प्रशिक्षण ले रहे थे। मई में तुर्की में होने वाले विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए अभी भी दोनों पहलवान ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा प्राप्त कर सकते हैं। दीपक पुनिया को पुरुषों की फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में और कलाकल को 65 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करनी थी। उल्लेखनीय है कि दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट और पूर्व अंडर-23 विश्व और एशियाई चैंपियन अमन सहरावत सहित पंद्रह अन्य भारतीय पहलवान 19 से 21 अप्रैल तक चलने वाले बिश्केक में एशियाई कुश्ती क्वालीफायर में पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## आकांक्षा सालुखे स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारीं

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुखे शुक्रवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर प्रतियोगिता बाहर हो गईं। राष्ट्रीय खेल 2023 की चैंपियन और यहां दूसरी वरीय आकांक्षा को कम रैंकिंग वाली मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार के खिलाफ 6-11 5-11 8-11 से हार झेलनी पड़ी। वह टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय थीं।

## 12 निशानेबाज ओलंपिक कोटे के लिए दोहा में करेंगे स्पर्धा

दोहा, एजेंसी

भारत के 12 निशानेबाज शुक्रवार से शुरु हुई आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक को कोटा हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगे। इस स्पर्धा में टोक्यो ओलंपियन मैराज अहमद खान और अंगदवीर सिंह बाजवा, जो पूर्व एशियाई चैंपियन भी हैं, शीराज शेख के साथ पुरुषों की स्कीट में भारत की चुनौती का सामना करेंगे।

महिलाओं की स्पर्धा में गनेमत सेखों पर सबकी निगाहें होंगी। अनुभवी विवान कपूर, ज़ोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन पुरुषों के ट्रैप में तीनों ओर से एक मजबूत चुनौती पेश करेंगे। मनीषा कीर और श्रेयसी सिंह से महिलाओं स्पर्धा में भारत को उम्मीद है। इस स्पर्धा में भारत प्रत्येक वर्ग में तीन निशानेबाज उतारेगा। प्रत्येक व्यक्तिगत स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज (प्रति देश अधिकतम एक), बशर्ते वे पात्र हों और उनके संबंधित देशों ने स्पर्धा के लिए अपना पूरा आवंटन सुरक्षित नहीं किया हो, दोहा से कोटा सुरक्षित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), रायजा ढिल्लों (महिला स्कीट) और अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) को ओलंपिक कोटा हासिल है। प्रत्येक देश हर श्रेणी में अधिकतम दो कोटा प्राप्त कर सकता है।

# डिकॉक और राहुल ने चेन्नई को दिखाया आईना

### लखनऊ सुपर जायंट्स की आठ विकेट से जीत, केएल राहुल ने 82 और क्विंटन डिकॉक ने 54 रनों की पारी खेली



केएल राहुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** इकाना स्टेडियम में शुक्रवार को हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 34वें मुकाबले में क्विंटन डिकॉक (54) और कप्तान केएल राहुल (82) के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को यह अहसास दिला दिया कि वह लखनऊ के सिकंदर हैं। पीले समंदर में तब्दील इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपरजायंट्स ने टॉस जीतकर चेन्नई को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सीएसके ने निर्धारत 20 ओवर में छह विकेट खोकर 176 रन बनाये, जवाब में लखनऊ ने विजय लक्ष्य छह गेंद शेष रहते दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। यह इकाना स्टेडियम के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज रहा।

डिकॉक और राहुल की जोड़ी ने शुक्रवार को 2022 के आईपीएल सत्र की याद दिला दी, जब दोनों ने अपने दम पर 210 रन की पार्टनरशिप कर केकेआर के खिलाफ यादगार जीत दर्ज की थी। केएल राहुल की शुक्रवार की पारी अब तक के सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी थी, इससे पहले उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 58 रन बनाये थे। अपनी अर्धशतकीय पारी में उन्होने 53 गेंद खेलकर नौ चौके और तीन छक्के जड़े। राहुल सीएसके के सफल गेंदबाज पथिराना का शिकार बने जब प्वाइंट पर खडे जडेजा ने उनका कैच एक हाथ से लपका। इससे पहले दूसरे छोर पर डिकॉक पारी के 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर मुस्तफिजुर रहमान का शिकार बने। उन्होंने अपनी सत्र की तीसरी अर्धशतकीय पारी में 43 गेंद खेलकर पांच चौके और एक छक्का लगाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद जीत की औपचारिकता को निकोलस पूरन (23) और मार्कस स्टॉयनिस (8) ने बगैर और नुकसान के पूरा कर लिया। पूरन ने नो बाल में फ्री हिट पर चौका जड़कर अपनी टीम को जीत दिलायी। इकाना स्टेडियम में आज 50 हजार दर्शकों का दिल अपने चहेते सितारे सीएसके के महेन्द्र सिंह धोनी के साथ था मगर दिमाग में उनके लखनऊ की जीत की तमन्ना थी और दर्शकों की दोनों तमन्नायें पूरी हुईं। जब उन्होंने धोनी की पैसा वसूल पारी देखी। उधर एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने अपने घरेलू दर्शकों की जीत की चाहत को भी पूरा कर दिया। सातवें बल्लेबाज के रूप में पिच पर उतरे धोनी ने अपने खास अंदाज में नौ गेंदों की नाबाद पारी में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 28 रन ठोक दिये जिसके चलते चेन्नई मेजबान टीम के खिलाफ चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार करने में सफल हो सका। हालांकि उनकी इस पारी पर राहुल और डिकॉक ने पानी फेर दिया। धोनी के साथ दूसरे छोर पर हरफनमौला रविंद्र जडेजा की साहसिक नाबाद पारी ने न सिर्फ चेन्नई को मुश्किलों के भंवर से निकाला बल्कि एलएसजी के समर्थकों की भी खूब वाहवाही लूटी।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.074 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.251 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

- **चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से जडेजा ने सर्वाधिक 57 रन बनाए**

**चेन्नई 176/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 4

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे बोल्ड क्रुणाल | 36 | 24 | 5/1 |
| रचिन रविंद्र बोल्ड मोहसिन | 00 | 01 | 0/0 |
| ऋतुराज का राहुल बो ठाकुर | 17 | 13 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 57 | 40 | 5/1 |
| शिवम का राहुल बो स्टॉयनिस | 03 | 08 | 0/0 |
| समीर स्टंप राहुल बो क्रुणाल | 01 | 05 | 0/0 |
| मोईन का बडोनी बो बिश्नोई | 30 | 20 | 0/3 |
| एमएस धोनी नाबाद | 28 | 09 | 3/2 |

**गेंदबाजी :** मैट हेनरी 3-0-26-0, मोहसिन खान 4-0-37-1, यश4-0-45-1, क्रुणाल 3-0-16-2, बिश्नोई 4-0-44-1, स्टॉयनिस 2-0-7-1

**लखनऊ 180/2** — 19 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डिकॉक का धोनी बोल्ड मुस्तफिजुर | 54 | 43 | 5/1 |
| के एल राहुल का जडेजा बो पथिराना | 82 | 53 | 9/3 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 23 | 12 | 3/1 |
| मार्कस स्टॉयनिस नाबाद | 08 | 07 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** दीपक चाहर 3-0-26-0, तुषार देशपांडे 4-0-42-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-43-1, रवींद्र जडेजा 3-0-32-0, मथीशा पथिराना 4-0-29-1, मोईन अली 1-0-5-0

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 07 | 297 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई) | 07 | 12 |

## खेल डायरी

### अप्रैल तक नये कोच का ऐलान करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान के टेस्ट और सीमित ओवरों के कोचों का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जायेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीसीबी ने यह भी पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और ऑस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी के अलावा बोर्ड को 15 अप्रैल की समय सीमा तक कुछ और नामी कोचों के आवेदन मिले हैं। सूत्र ने कहा, ''पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने साफ तौर पर कहा है कि पूरी प्रक्रिया का पालन करके दीर्घकालिन आधार पर कोचों की नियुक्ति की जायेगी।''

### कैस्पर रूड बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में



**बार्सिलोना।** नॉर्वे के स्टार टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-1, 6-4 से हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये हैं। रूड की सीजन की यह 26वीं जीत है। इसके साथ ही रूड 2024 में सबसे अधिक टूर-स्तरीय जीत के मामले में जानिक सिनर से आगे निकल गए है। रूड ने शुरुआत में ही शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई। उन्होंने दूसरे सेट के सातवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल करने से पहले शुरुआती सेट का समापन किया और एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। रूड क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अर्नाल्डी से भिड़ेंगे।

### पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 धुला

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिये पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ। दूसरा टी20 मैच शनिवार को खेला जायेगा। आमिर और इमाद वसीम संन्यास का फैसला बदलकर लौटे हैं।

### मेघा ने नौकायन चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक



**टोक्यो।** भारत की मेघा प्रदीप ने शुक्रवार को एशियाई कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं की सी1 500 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जापान के टोक्यों में आयोजित चैंपियनशिप में मेघा प्रदीप ने 2 :28 .027 का समय लेकर तीसरा स्थान पर रही। वियतनाम की डीप थू हुआंग (02 :18 .178) और कजाकिस्तान की उलियाना किसेलेवा (02 :26 .645) ने क्रमश : स्वर्ण और रजत पदक जीते। अन्य स्पर्धा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम फाइनल में छठे स्थान पर रहे और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा प्राप्त करने से चूक गए।

### पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

**मुल्लांपुर।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19 .1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया। आईपीएल से जारी विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया, '' मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर स्थित पीसीए के नये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है।''

## मजबूत मानसिकता से जीत सकते हैं पदक

नयी दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने आत्म-संदेह से पार पाकर तीसरी बार ओलंपिक खेलों में देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया है, जिसे वह मजबूत मानसिकता के दम पर पदक में बदलना चाहती है। लंदन और रियो ओलंपिक में भाग लेने वाली 34 साल की इस खिलाड़ी ने पिछले साल जनवरी में 20 वर्षीय तनीषा क्रास्टो के साथ जोड़ी बनाकर इस साल पेरिस में होने वाले खेलों के लिए क्वालिफिकेशन को पक्का कर लिया है।

पिछले कुछ सप्ताह भारतीय खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक रहे हैं क्योंकि उन्होंने पेरिस का टिकट बुक करने के लिए छह सप्ताह में पांच टूर्नामेंटों में भाग लेना पड़ा। आखिरी क्वालीफाइंग सूची इस महीने के अंत में आने वाली है। अश्विनी ने कहा, ''हमने लगातार चार टूर्नामेंट खेले हैं और यह काफी थकाने वाला रहा है। लेकिन सभी के लिए स्थिति एक जैसी थी क्योंकि हम सभी ओलंपिक में जगह पाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।'' उन्होंने कहा, ''मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह राहत और खुशी की बात है कि हम क्वालीफाई कर गए हैं।'' अश्विनी को खुद पर संदेह करने वालों को गलत साबित करने में खुशी हुई।

## मैदान पर वापसी आपको परिभाषित करती हैः शमी

**नयी दिल्ली।** अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टखने की सर्जरी के बाद अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया का वीडियो साझा करते हुए जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद जतायी। शमी ने दर्द के बावजूद पिछले साल वनडे विश्व कप में भाग लिया था। उन्होंने 24 विकेट चटकाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के बाद से हालांकि यह 33 साल का खिलाड़ी चोट के कारण खेल से दूर है। उन्हें इस साल फरवरी में सर्जरी करानी पड़ी। शमी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, चोट आपको परिभाषित नहीं करतीं, आपकी वापसी आपको परिभाषित करती है।

## दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की कठिन चुनौती

नयी दिल्ली, एजेंसी

मैदान के भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिये अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिये यह बेहद भावुक पल होगा।

पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आये थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

## बॉलीवुड हलचल

### जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर ने अपने ट्रेनर मन्नव कुमार का जन्मदिन मनाया। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर अपने विनम्र व्यक्तित्व और शानदार ऑन-स्क्रीन अभिनय के कारण जाने जाते हैं। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर का अपने फिटनेस ट्रेनर के प्रति प्रेम नेटिज़न्स का दिल जीत रहा है। एनटीआर जूनियर जो इस समय शूटिंग के लिए मुंबई में हैं, उन्होंने अपनी टीम के बाकी सदस्यों के साथ अपने फिटनेस ट्रेनर कुमार मन्नव का जन्मदिन मनाया। मन्नव कुमार ने एनटीआर जूनियर के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अपने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करते हुए मन्नव ने लिखा, "‹bha›@‹/bha›जूनियरएनटीआर, मैं अभिभूत हूँ। अपना जन्मदिन याद रखना और फिर एक हेल्दी केक पाना, यह जानते हुए कि मैं खाने में कितना नखरेबाज़ हूं। हमारे बीच का बंधन, आप मुझ पर और मेरे परिवार पर जो प्यार बरसाते हैं, इतने बड़े स्टार होने के बावजूद भी इतने विनम्र। यार, मैं क्या कह सकता हूँ! आप, ‹bha›@‹/bha›जूनियरएनटीआरविनम्रता और प्यार की एक किताब हैं। आपके आस-पास रहना बहुत अच्छा लगता है।

### धर्मेन्द्र ने फिल्म मेरा गांव मेरा देश से जुड़ा वीडियो शेयर किया

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता धर्मेन्द्र ने 53 साल पुरानी सुपरहिट फिल्म मेरा गांव मेरा देश से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। धर्मेन्द्र ने एक इंस्टाग्राम फैन पेज का वीडियो शेयर किया, जिसमें मेरा गांव मेरा देश के लोकेशन की अब की झलक देखने को मिली है। इसी वीडियो पर कमेंट करते हुए धर्मेन्द्र ने लिखा, प्यार उन पुरानी यादों के लिए। इसी वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने एक्स अकाउंट पर लिखा, 50 साल पुरानी उन प्यारी यादों को प्यार। फिल्म मेरा गांव मेरा देश वर्ष 1971 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र के अलावा, विनोद खन्ना, आशा पारेख, जयंत, लक्ष्मी छाया और असित सेन अहम रोल में नजर आए थे। फिल्म का निर्देशन राज खोसला ने किया था।

## धाविका शालू को क्लीन चिट नमूना दूषित होने का खुलासा

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थीं। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।

आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा, ''मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाये है जिससे अपीली पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले।''



इसने कहा,'' नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है। खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पर्धाओं में उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किये जाते हैं।'' पैनल ने 18 अप्रैल को आदेश दिये जाने के दस दिन के भीतर डीएनए टेस्ट पर हुआ डेढ लाख रूपये का खर्च भी चौधरी को भुगतान करने का नाडा को निर्देश दिया।

## जिम्नास्ट दीपा करमाकर विश्व कप में चौथे स्थान पर

**नयी दिल्ली।** स्टार भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर शुक्रवार को दोहा में एफआईजी एपेरेटस विश्व कप में महिला वॉल्ट फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहीं। यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

पिछले महीने अजरबैजान में बाकू एपेरेटस विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं 30 साल की दीपा एक बार फिर पदक से चूक गईं। उन्होंने 13.333 अंक जुटाए। पनामा की नवास कर्ला ने (13.850) ने स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि कोरिया की आन चैंग ओक (13.833) तथा जॉर्जिएवा वेलेंटिना (13.466) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। दीपा क्वालीफाइंग दौर में छठे स्थान पर रही थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय प्रणति नायक क्वालीफाइंग दौर में 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# नई अर्जी में सीएए के नियमों को चुनौती

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और असम सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार से जवाब तलब किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता गुवाहाटी निवासी हिरेन गोहेन का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील की दलीलों को गौर से सुना और फिर राज्य सरकार और केंद्रीय गृह और विदेश मंत्रालयों को नोटिस जारी किया।

कोर्ट ने साथ ही यह आदेश दिया कि नई याचिका को इस मुद्दे पर लंबित याचिकाओं के साथ टैग किया जाए। याचिका में कहा गया है कि बांग्लादेश से असम में अवैध प्रवासियों के अनियंत्रित संख्या में आने से राज्य में भारी जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ। मूलनिवासी, जो कभी बहुसंख्यक हुआ करते थे, अब अपनी ही भूमि पर अल्पसंख्यक हो गए हैं। हाल ही में पीठ ने सीएए नियमों के संचालन पर रोक लगाने से इनकार करते हुए केंद्र से उन आवेदनों पर जवाब देने को कहा, जिनमें कोर्ट की ओर से सीएए की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निपटारा होने तक उनके कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। याचिका में कहा कि स्पष्ट रूप से भेदभावपूर्ण संविधान की मूल संरचना के खिलाफ हैं।

## ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता को लेकर हुई सुनवाई



नई दिल्ली। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वकील ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि याचिका में उठाया गया मुद्दा में ओटीटी प्लेटफार्म पर (अश्लीलता और आपत्तिजनक) जैसी अभद्र चीजे दिखाने की रजामंदी दी जा सकती है जो सभी उम्र के दर्शकों के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है। वकील ने यह आरोप लगाया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नग्नता दर्शाने वाले आपत्तिजनक दृश्य दिखाए जा रहे हैं। इस बात पर न्यायमूर्ति पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, सेंसर बोर्ड के पास जाएं। पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा, आप सरकार को एक प्रतिनिधित्व बनाकर दें। साथ ही यह भी पूछा कि क्या, आप दर्शक नियंत्रण पर कुछ दिशानिर्देश चाहते हैं? याचिकाकर्ता के वकील ने इस मुद्दे पर सरकार से संपर्क करने की छूट के साथ याचिका वापस लेने की मांग की है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को सरकार को प्रतिनिधित्व देने की स्वतंत्रता के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति दी। इसमें कहा गया है कि यदि ऐसा कोई प्रतिनिधित्व दिया जाता है, तो उसके ऊपर संबंधित कानूनों के मुताबिक फैसला लिया जाना चाहिए।

## कैग का अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर बुल्गारिया से समझौता

**नई दिल्ली।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने बुल्गारिया के राष्ट्रीय लेखा परीक्षा कार्यालय 'एसएआई बुल्गारिया' के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कैग द्वारा जारी बयान में कहा कि दोनों देशों के शीर्ष ऑडिट संस्थानों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे दोनों देशों के बीच ऑडिटिंग के क्षेत्र में सहयोग और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान बढ़ेगा। सहयोग और ऑडिट कार्यों में परस्पर सहयोग से ऑडिटिंग पेशेवरों और तकनीकी टीमों के बीच ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान के लिए एक मंच स्थापित किया जाएगा। एमओयू पर हस्ताक्षर के समय बुल्गेरियाई राष्ट्रीय लेखा परीक्षा कार्यालय की कार्यवाहक अध्यक्ष गोरिट्सा ग्रैनचारोवा- कोजोरेवा भी मौजूद रहीं।

# भारत ने पहली बार ब्रह्मोस मिसाइल की खेप फिलीपींस को सौंपी

*भारत ने चीन के पड़ोसी फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की पहली खेप सौंप दी है। इस मिसाइल से फिलीपींस की रक्षा क्षमता में इजाफा होगा। ब्रह्मोस पाने वाला फिलीपींस पहला बाहरी देश है। भारत ने जनवरी 2022 में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए 375 मिलियन डॉलर (3130 करोड़ रुपये) की डील की थी। भारत ने फिलीपींस को कितनी मिसाइलें दीं, अभी इसका पता नहीं चला है। इंडियन एयरफोर्स ने सी-17 ग्लोब मास्टर विमान के जरिए इन मिसाइलों को फिलीपींस मरीन कॉर्प्स को सौंपा। इन मिसाइलों की स्पीड 2.8 मैक और मारक क्षमता 290 किमी है। एक मैक ध्वनि की गति 332 मीटर प्रति सेकेंड होती है। फिलीपींस को सौंपी गई मिसाइल की स्पीड ध्वनि की गति से 2.8 गुना ज्यादा है।*

### डील से भारत को होने वाले फायदे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलीपींस के साथ यह डील देश को रक्षा क्षेत्र में एक्सपोर्टर बनाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने में मदद देगी। इस डील से मिलिट्री इंडस्ट्री का भी मनोबल बढ़ेगा और साउथ-ईस्ट एशिया में भारत को भी एक बड़ा भरोसेमंद एक्सपोर्टर के रूप में देखा जाएगा। साथ ही इस डील से भारत-फिलीपींस के रिश्तों में मजबूती आएगी और चीन को दोनों देशों की एकजुटता का संदेश जाएगा।




### ये है खासियत

- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की स्पीड काफी तेज है और इसकी मारक क्षमता 290 किमी है।
- इस मिसाइल की खास बात ये है कि इसे पनडुब्बी, जहाज, विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।
- एक खास बात इस मिसाइल में यह भी है कि यह हवा में अपना रास्ता भी बदल सकता है, जिससे इसे ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।

### फिलीपींस ने क्यों खरीदी मिसाइलें

फिलीपींस की चीन के साथ हाल ही में साउथ चाइना सी में कई बार झड़प हुई है। ब्रह्मोस मिसाइलों से समुद्र में फिलीपींस की ताकत बढ़ेगी और समुद्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को भी रोका जा सकेगा।

### अर्जेंटीना-वियतनाम में भी ब्रह्मोस मिसाइल की मांग

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के डायरेक्टर जनरल अतुल दिनाकर राणे ने जून 2023 में कहा था- अर्जेंटीना, वियतनाम सहित 12 देश ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम को खरीदने में इंटरेस्ट दिखा चुके हैं। बाहरी देशों की ब्रह्मोस की मांग बताती है कि यह मिसाइल सिस्टम बहुत भरोसेमंद है।

## एक नजर

### केन्या: हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सेना प्रमुख समेत 9 की मौत

**नैरोबी।** केन्या के सेना प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओगोला की गुरुवार को देश के पश्चिमी हिस्से में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई। राष्ट्रपति विलियम रूटो ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में यह जानकारी दी। रूटो ने कहा कि हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जनरल ओगोला और सेना के नौ अन्य कर्मियों की मौत हो गई। हादसे में दो लोग बच गए। हेलीकॉप्टर गुरुवार की दोपहर (स्थानीय समयानुसार) उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कारणों की जांच की जा रही है।

### अमेरिका में भारतीय पर 1.7 करोड़ डॉलर की बैंक धोखाधड़ी का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 52 वर्षीय भारतीय नितिन वत्स को 1.7 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन के संबंध में अमेरिकी बैंक में धोखाधड़ी की योजना के लिए दोषी ठहराया गया है। अमेरिकी अटॉर्नी फिलिप सेलिंगर ने बताया, उसने जुर्म कुबूल कर लिया है। मार्च 2016 से मार्च 2018 तक, वत्स सहित लोटस एक्जिम (एलईआई) के एक मालिक और कर्मचारियों ने धोखाधड़ी वाले तरीकों से पीड़ित बैंक से 1.7 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन लेने की साजिश रची। पीड़ित बैंक ने क्रेडिट लाइन बढ़ा दी, जबकि साजिशकर्ताओं ने प्राप्य खातों में से कई को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया था।

### श्रीलंका : पूर्व सैनिकों को रूसी सेना में भेजने पर पूर्व मेजर बंदी

**कोलंबो।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच श्रीलंका में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। यहां सेना का एक पूर्व मेजर कई माह से मोटी रकम लेकर पूर्व सैन्यकर्मियों को रूसी सेना में भेज रहा था। पुलिस के आपराधिक जांच विभाग ने पूर्व मेजर और एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में पिछले महीने यह बताया गया था कि श्रीलंका के 100 से अधिक पूर्व सैनिक रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों ओर से सेवाएं दे रहे हैं। इन्हें 3,000 डॉलर (करीब 2.50 लाख रुपये) के मासिक वेतन पर युद्ध में सेवा का लालच दिया गया।

### न्यूयॉर्क में बड़ा साइबर हमला विधानमंडल के कंप्यूटर ठप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य विधानमंडल का कंप्यूटर बुनियादी ढांचा बड़े साइबर हमले का शिकार हुआ है। इसके चलते राज्य में पहले से ही हफ्तों से लंबित राज्य बजट वार्ता में देरी हुई। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होकुल ने कहा, साइबर हमला गुरुवार तड़के (भारतीय समयानुसार) हुआ। सबसे बड़ा झटका विधायिका के बिल प्रारूपण कार्यालय को लगा, जो राज्य के बजट पर निर्णय लेने का प्रभारी है। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, बिल मसौदा तैयार करने वाला कार्यालय एक कंप्यूटर फाइल सिस्टम का इस्तेमाल करके हमले का जवाब दे रहा है।

# पाकिस्तान में जापानी नागरिकों पर आतंकी हमला, सुरक्षा गार्ड की मौत

## बाइक सवार हमलावरों ने वैन में मारी टक्कर बाल-बाल बचे जापानी कर्मी, दोनों आतंकी ढेर

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान में चीनी नागरिकों के बाद अब जापानी नागरिकों पर आतंकी हमला हुआ है। सिंध प्रांत के बंदरगाह शहर कराची में शुक्रवार को सुजुकी मोटर में काम करने वाले पांच जापानी नागरिकों को एक आत्मघाती हमलावर और एक बंदूकधारी द्वारा निशाना बनाया गया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। वहीं, दोनों हमलावर मार गिराए गए हैं। इस दौरान एक सुरक्षा गार्ड की भी जान चली गई, जबकि दो राहगीर घायल हैं। अभी तक इस हमले की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) ईस्ट, अजफर महेसर ने बताया कि पांच जापानी नागरिक दो सुरक्षा गार्डों के साथ अपने आवास जमजमा क्लिफ्टन से एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन जाने के लिए वैन से निकले थे। आतंकी लांधी में मुर्तजा चोरांगी के पास सड़क पर पहले से जापानी नागरिकों के वैन का इंतजार कर रहे थे। हमलावरों ने उनके वैन को निशाना बनाने की कोशिश की। एक ने वैन के पास जाकर खुद को उड़ा लिया लेकिन सफलता न मिलने से दूसरा हमलावर घबरा गया और उसने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा गार्डों ने दूसरे आतंकी को मार गिराया। इस दौरान एक सुरक्षा गार्ड व दो राहगीर घायल हो गए। डीआईजी ने बताया कि हमला शुक्रवार सुबह किया गया। घटना में तीनों घायलों को गंभीर अवस्था में जिन्ना हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां एक 45 वर्षीय सुरक्षा गार्ड ने दम तोड़ दिया।

### राष्ट्रपति आसिफ अली और पीएम शहबाज ने की घटना की निंदा

टोक्यो में जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि इस घटना में कई जापानी शामिल थे और उनमें से एक घायल हो गया। लेकिन पाकिस्तानी पक्ष ने इस जानकारी की पुष्टि नहीं की है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने उत्तर-पश्चिमी प्रांत में आतंकी हमले में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) में काम करने वाले पांच चीनी नागरिकों व उनके पाकिस्तानी ड्राइवर को आत्मघाती हमले में मार गिराया था। इस पर चीनी कंपनियों ने जल विद्युत परियोजनाओं को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया था।



### पांच सीमा शुल्क खुफिया अधिकारियों की आतंकी हमले में मौत

पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान शहर में बंदूकधारियों के हमले में पांच सीमा शुल्क खुफिया अधिकारियों और एक पांच वर्षीय लड़की सहित दो नागरिकों की दुखद मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना गुरुवार को हुई जब सीमा शुल्क खुफिया टीम डेरा इस्माइल खान जिले के सग्गू में नियमित जांच कर रही थी, जहां उन्हें पास की झाड़ियों में छिपे हमलावरों से भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा।

# आतंकी हमला के बाद चीन का अफगानी रुख

- पाकिस्तान का सीपैक दरकिनार अफगानिस्तान में वखान कॉरिडोर को खोलने की तैयारी में चाइना

इस्लामाबाद, एजेंसी

चाइना-पाकिस्तान इकॉनोमिक कॉरिडोर (सीपैक) के पाकिस्तान में विरोध और अपने इंजीनियरों पर आतंकी हमलों से परेशान चीन का इस प्रोजेक्ट से भरोसा उठ गया है। अब चीन ने पाकिस्तान को दरकिनार करके दूसरे विकल्प तलाशना शुरू कर दिया है ताकि वह अरब सागर तक आसानी से पहुंच सके।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, चीन अब अफगानिस्तान को मनाने में जुटा है ताकि वह वखान कॉरिडोर के जरिए ईरान के चाबहार बंदगाह तक पहुंच सके।

वखान कॉरिडोर उत्तरी अफगानिस्तान में स्थित एक संकरी पट्टी है जहां अफगानिस्तान, पाकिस्तान और चीन मिलते हैं। वखान कॉरिडोर 350 किमी लंबा और 16 से 35 किमी चौड़ा गलियारा है, जिसमें 125 गांवों में 12 हजार लोग रहते हैं। इसी से पहले इसी चीनी व्यापारी अरब सागर तक पहुंचते थे। बता दें, अफगानिस्तान में खनिजों का भंडार है।

जो एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के हैं। यहां लोहा, तांबा, लिथियम, मार्बल, क्रोमाइट, कोबाल्ट के अलावा सोने व पेट्रोलियम और गैस के विशाल भंडार हैं। जनवरी में अफगानिस्तान ने अमू नदी बेसिन में तेल और गैस खोजने के लिए चीन की झिंजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस कंपनी से समझौता किया है।

### गूगल ने इजराइल विरोधी कर्मियों को नौकरी से निकाला

**वाशिंगटन।** गूगल ने उन 28 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है जो इजराइली सरकार के साथ गूगल अनुबंध को लेकर अपने कार्यालयों में धरना-प्रदर्शन में शामिल थे। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका में नौ कर्मचारियों को निलंबित करने और फिर गिरफ्तार किए जाने के बाद यह छंटनी हुई। जिन 28 कर्मचारियों को हटाया गया है, उन्होंने इजराइली सरकार के लिए 1.2 अरब डॉलर के गूगल क्लाउड अनुबंध का विरोध किया था। कर्मचारियों को दिए एक आंतरिक ज्ञापन में कंपनी ने कहा कि इस तरह के बर्ताव का कार्यस्थल पर कोई स्थान नहीं है, और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## अब जनरल स्टोर्स पर भी मिल सकेंगी सामान्य दवाएं

**नई दिल्ली।** देश में जल्द ही जनरल और प्रोविजन स्टोर्स पर सर्दी-खांसी, गैस, बुखार की दवाएं मिलने लगेंगी। केंद्र सरकार ने इसके लिए साल के शुरुआत में विशेषज्ञों की एक समिति बनाई थी, जो ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) दवा नीति बनाने पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि, इसी समिति की हाल ही में बैठक हुई, जिसमें उन दवाओं की प्रारंभिक सूची पर मंथन हुआ, जिन्हें जनरल स्टोर्स पर आसानी से बेचा जा सकता है।

ओटीसी दवाएं वे हैं जिन्हें डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना खरीदा जा सकता है। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में उनकी बिक्री के लिए सख्त गाइडलाइन बनाई गई है। सूत्रों के मुताबिक, इस सुविधा का ज्यादा फायदा गांव-देहातों में होगा, क्योंकि वहां मेडिकल स्टोर्स कम ही होते हैं। बता दें कि देश में अभी प्रिस्क्रिप्शन पर ही दवाएं बेची जाती हैं।

## परिस्थितियों में सुधार करें या फिर दूसरे विभागों में भेज दें, रेलवे से महिला ट्रेन पायलटों की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में महिला ट्रेन पायलटों ने रेलवे बोर्ड से आग्रह किया है कि कामकाज की 'दयनीय' परिस्थितियों में सुधार किया जाए या उन्हें अन्य विभागों में स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाए।



महिला लोको पायलट के एक समूह ने रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा को ज्ञापन दिया है। इसमें उन्होंने 'एक बार कैडर परिवर्तन' विकल्प की मांग की है। ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन की सदस्य महिला लोको पायलटों ने इंजन में शौचालय न होने, मासिक धर्म के समय पैड नहीं बदल पाने, रात में तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए इंजन से बाहर आने का अनिवार्य नियम और देर रात की ड्यूटी के लिए आवास से लाने-पहुंचाने की सुविधा नहीं होने जैसी समस्याओं का उल्लेख किया है। अभी देशभर में 1500 से अधिक महिला लोको पायलट और सहायक लोको पायलट हैं।

## लद्दाख में खुबानी उत्सव



**लेह:** लद्दाख में इन दिनों वसंत ऋतु आने के साथ ही खुबानी (एप्रिकॉट) के पेड़ सुंदर फूलों से लदे हुए हैं। सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत से समृद्ध लद्दाख के कई गांवों में खुबानी के फूल खिलाने के अवसर पर उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसमें शामिल होने के लिए लद्दाख के कई गांवों के लोगों के अलावा बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक भी आते हैं। लद्दाख के निचले हिस्से में दुनिया की सबसे अच्छी खुबानी पैदा होती है। लद्दाख की खुबानी की किस्मों में से एक 'रकत्से कार्पो' को 2022 में भौगोलिक संकेत (जीआई) मिला था। ● एजेंसी

# फिलिस्तीन को यूएन की स्थायी सदस्यता पर अमेरिका का वीटो

- समर्थन में 12 देशों ने किया मतदान, वोटिंग से दूर रहा ब्रिटेन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर अमेरिका ने वीटो कर दिया है। गुरुवार को 15 देशों वाली परिषद ने फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर मतदान किया गया। प्रस्ताव को पारित करने के लिए कम से कम 9 परिषद सदस्यों के समर्थन की जरूरत थी।

फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बनाने के प्रस्ताव के पक्ष में 12 वोट पड़े, वहीं स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन वोटिंग में शामिल नहीं हुए। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका द्वारा इस प्रस्ताव पर वीटो कर दिया गया, जिससे यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। अभी फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। साल 2012 में फिलिस्तीन को यह दर्जा दिया गया था। इसके तहत फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाही में भाग ले सकता है, लेकिन किसी प्रस्ताव पर वोट नहीं कर सकता है। फिलिस्तीन के अलावा वेटिकन सिटी भी संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने वीटो पावर के इस्तेमाल पर सफाई देते हुए कहा कि 'अमेरिका ये मानता है कि फिलिस्तीन को अलग देश का दर्जा देने का सबसे सही रास्ता इजराइल और फिलिस्तीन के बीच सीधी बातचीत ही है।

**विज्ञान** जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा पृथ्वी से 357 प्रकाश वर्ष दूर हुई अनोखी दुनिया की खोज

# ब्रह्मांड में तीन ग्रहों के अनूठे सौर मंडल की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** दूर अंतरिक्ष में तीन ग्रहों वाले अनूठे सौर मंडल की खोज हुई है। इस ग्रह मंडल के तीनों ग्रह जन्म ले रहे हैं। इन्हें पूर्ण ग्रह का स्वरूप लेने में लंबा समय लगेगा। ग्रहों की उत्पत्ति व विकास में हमारी समझ के विस्तार को लेकर यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

यह खोज जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा हो पाई है। तीन ग्रहों की यह दुनिया पृथ्वी से 357 प्रकाश वर्ष दूर है, जो एचएल टौरी तारा मंडल क्षेत्र में स्थित है। यह तीनों ग्रह निर्माणधीन हैं। जिनके बाहरी डिस्क की तस्वीरें प्राप्त हुई हैं। ये एक युवा तारों के चारों ओर गैस और धूल के साथ नए ग्रह बना रहे हैं। खगोलविदों का मानना है कि तीनों ग्रह अपने तारे के बहुत करीब से परिक्रमा कर सकते हैं। बहरहाल इनकी ऑर्बिट की सही जानकारी बाद में पता लग सकेगी। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से खोजे गए तीन युवा प्रोटोप्लेनेटरी सिस्टम की यह खोज एरिज़ोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने की है। यह खोज वास्तविक रूप से बनने वाले ग्रहों की जानकारी देने में मददगार साबित होगी। द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में यह खोज प्रकाशित हो चुकी है।

इस खोज की शुरुआत वैज्ञानिकों ने चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलिमीटर ऐरे (एएलएमए) रेडियो टेलीस्कोप से की। जिससे वैज्ञानिकों को अंदाजा हो गया था कि यह कोई नया सौर मंडल हो सकता है। जिसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप का सहारा लेना पड़ा। प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क सिस्टम यानी सौर मंडल का नाम एस ए ओ 206462 और एम डब्लू सी 758 है।



जन्म लेते नए सौर मंडल की तस्वीर।

### निर्माणाधीन ग्रहों से खुलेगा जन्म का रहस्य

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव का कहना है कि ब्रह्मांड अनंत में फैला हुआ है और असंख्य तारों के साथ अनगिनत सौर मंडल हमारी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। मगर आज भी हम हमारी जानकारी बेहद कम है। जैसे तकनीक विकसित हो रही है, हमारी जानकारी में भी वृद्धि हो रही है। ग्रहों के जन्म की बारीकियों को निर्माणाधीन सौर मंडल के जरिए समझा जा सकता है।

## 3 दशक में अंतरिक्ष में 10 लाख सैटेलाइट नेविगेशन में परेशानी

**न्यूयॉर्क।** अंतरिक्ष में 10 हजार से ज्यादा सैटेलाइट धरती पर सिग्नल भेज रहे हैं। 10 से 15 साल में इनकी संख्या 1 लाख से ज्यादा हो जाएगी। अगले 3-4 दशकों में 10 लाख से ज्यादा सैटेलाइट होंगे। हजारों सेटेलाइट अभी कचरे की तरह अंतरिक्ष में घूम रहे हैं।

ये सैटेलाइट धरती पर नेविगेशन बाधक हो सकते हैं। हार्वर्ड स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिक डॉक्टर जोनाथन ने बताया है कि, धरती के आयन मंडल में सैटेलाइट और रॉकेट्स से निकलने वाले मलबे में मौजूद उच्च चालक सामग्री चार्जिंग प्रभाव पैदा करती हैं, जो एक चुंबकीय शील्ड की तरह बर्ताव करती है। इससे नेविगेशन में मुश्किल होगी। उन्होंने बताया है कि इससे बचने के लिए वैज्ञानिकों को कोई तरीका खोजना पड़ेगा।

# मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया शुरू

- अमेरिकी राजनयिक अतुल कश्यप बोले- लोकतंत्र के महाकुंभ पर भारत के लोगों को बधाई

न्यूयॉर्क, एजेंसी

यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष अतुल कश्यप ने भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भारत के लोगों को बधाई देते हुए देश के राष्ट्रीय चुनाव को लोकतंत्र का महाकुंभ मेला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ एक पोस्ट भी लिखा।

अतुल कश्यप ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के महान लोगों को हार्दिक बधाई। पहले चरण के मतदान के साथ मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत हुई है। 940 मिलियन मतदाताओं और 1.2 मिलियन मतदान केंद्र के साथ भारत का राष्ट्रीय चुनाव लोकतंत्र का महाकुंभ है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण की शुरुआत आज से हो चुकी है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर आज मतदान हुआ। 19 अप्रैल से लेकर एक जून तक होने वाला यह लोकसभा चुनाव देश के पहले आम चुनाव के बाद दूसरा सबसे लंबा मतदान अभ्यास है। देश का पहला मतदान सितंबर 1951 से लेकर फरवरी 1952 यानी की पांच महीनों के लिए आयोजित किया गया था।



## फ्रांस के ईरानी दूतावास में विस्फोटक लेकर घुसा युवक, गिरफ्तार

**पेरिस।** ईरानी वाणिज्य दूतावास की शिकायत के आधार पर फ्रांसीसी पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। दूतावास ने को अलर्ट दिया था कि शुक्रवार को एक व्यक्ति विस्पोटक लेकर अंदर घुसा गया है।

हालांकि, पुलिस ने अब युवक को हिरासत में लेकर दूतावास से बाहर निकाल लिया है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है। सुरक्षा की दृष्टि से राजधानी के 16वें जिले में वाणिज्य दूतावास के आसपास के पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात है। पेरिस परिवहन कंपनी आरएटीपी ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि दो मेट्रो लाइनों पर यातायात निलंबित कर दिया गया है। दोनों लाइनें दूतावास के नजदीक चलती हैं।